राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 06 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 67, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

स्वास्थ्य विभाग के कदमों में पड़ी दलालों की बेड़ियां नहीं होती कोई कार्रवाई, क्या दलालों के इशारों पर चलेगा....03

बीजेपी नेता प्रीतम सिंह 48 दिन से लापता, हाईकोर्ट ने पुलिस पर उठाए सवाल- 8 दिसंबर को एसपी तलब....03

## मंदिर का पैसा किसका? जानिए सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में क्या कहा

**● सुप्रीम कोर्ट ने केरल के सहकारी बैंकों को झटका देते हुए स्पष्ट किया कि मंदिर का पैसा भगवान का है और इसका उपयोग केवल मंदिर के हितों के लिए होना चाहिए।**

**● यह वित्तीय संकटग्रस्त सहकारी बैंकों को सहारा देने का स्रोत नहीं बन सकता. इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केरल के सहकारी बैंकों द्वारा मंदिर के पैसे को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सख्त टिप्पणी की. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मंदिर का पैसा भगवान का है. इसलिए इस पैसे को केवल मंदिर के हितों के लिए बचाया, संरक्षित और उपयोग किया जाना चाहिए. यह किसी सहकारी बैंकों के लिए आय या जीविका का स्रोत नहीं बन सकता है. याचिका में केरल के कुछ मंदिरों की जमा राशि को वापस करने के हाई कोर्ट के निर्देश को चुनौती दी गई थी. मंदिर के देव स्वामियों ने राशि को किसी राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा करने की मांग की थी।

अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि किसी मंदिर के आराध्य के धन का उपयोग वित्तीय संकटग्रस्त सहकारी बैंकों को सहारा देने के लिए नहीं किया जा सकता है. भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी की. अदालत में दायर याचिका में केरल हाई कोर्ट के उस निर्देश को चुनौती दी गई थी जिसमें बैंकों से थिरुनेल्ली मंदिर देवास्वोम को जमा राशि लौटाने को कहा गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछे सवाल

सीजेआई ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि आप मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए करना चाहते हैं. यह निर्देश देने में क्या गलत है कि मंदिर का धन, संकटग्रस्त सहकारी बैंकों में रखने के बजाय एक आर्थिक रूप से मजबूत राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा किया जाना चाहिए जो अधिकतम



ब्याज दे सकें। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने कहा है कि मंदिर का धन वहां के आराध्य का है और इसलिए इस संपत्ति को केवल मंदिर के हितों के लिए ही बचाया, संरक्षित और उपयोग किया जाना चाहिए. तथा यह किसी सहकारी बैंकों के लिए आय या जीवनयापन का स्रोत नहीं बन सकता।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल, मनंतावडी को-ऑपरेटिव अर्बन सोसाइटी लिमिटेड और थिरुनेल्ली सर्विस को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. हाई कोर्ट ने पांचों सहकारी बैंकों को निर्देश दिया था कि वे देवस्वओम की सावधि जमा राशि को बंद कर दो महीने के भीतर पूरी राशि वापस कर दें, क्योंकि बैंकों ने परिपक्व जमा राशि जारी जारी करने से बार-बार इनकार कर दिया था।

### बैंकों की दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई असहमति

सुप्रीम कोर्ट ने बैंकों की इस दलील पर असहमति जताई की उच्च न्यायालय के अचानक दिए गए निर्देशों से कठिनाइयां पैदा हो रही हैं. पीठ ने पूछा कि बैंकों को लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता स्थापित करनी चाहिए. पीठ ने सहकारी बैंकों को कहा कि अगर आप ग्राहकों से जमा आकर्षित करने में अक्षम हैं तो यह आपकी समस्या है. इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

## प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर स्वच्छ जल का सपना अधूरा रह गया है

**● अभी तक ग्राम पंचायत में स्वच्छ जल मिलना तो दूर की बात है अभी ग्राम पंचायत में शुद्ध जल देने का सपना टूटता नजर आ रहा है**



**बस्ती।** बस्ती जिले में हर घर स्वच्छ जल का सपना अधूरा रह गया अभी हर घर जल की सप्लाई नहीं हो पा रही है अभी कार्य योजना पूरी नहीं हो पा रही है जिससे हर घर जल का सपना अधूरा रह गया सरकार द्वारा चलाए गए योजना में करोड़ों की लागत से हर घर जल सप्लाई का सपना अधूरा राजा रहा है ताजा मामला हरैया विकासखंड के छपिया बुजुर्ग ग्राम पंचायत में 2023 में निर्माण शुरू हुए पानी की टंकी अधूरी रह गई जिससे ग्राम पंचायत छपिया में स्वच्छ जल का सपना अधूरा रह गया जबकि 2024 में कार्य पूर्ण दिखाकर स्वच्छ जल मैं 3000लाभान्वित से ऊपर परिवारों को स्वच्छ जल मिल रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही हैं विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारी या जिले के जिम्मेदार अधिकारी मेघा कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण का पूर्ण का बोर्ड लगाकर हर घर स्वच्छ जल का सपना पूरा बोर्ड में दिखाया जा रहा है अभी तक पानी की टंकी का निर्माण आधार में लटका हुआ है लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारी आज तक कार्य को देखने की फुर्सत नहीं हो पाई है।

जिससे ग्रामीणों में स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है जिससे ग्रामीण और क्षेत्रवासियों में काफी नाराजगी चल रही है जबकि इस मामले की शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया लेकिन कोई जिम्मेदारी से कार्य पूर्ण करने वाले कंस्ट्रक्शन के ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है ग्राम पंचायत में आए स्वच्छ जल के धन को बंदर बांट कर दिया गया जिससे ग्रामीणों को मिलने वाला स्वच्छ जल कि आस खत्म नजर आ रही है ग्रामीणों का कहना है की ना तो प्रधान इस मामले पर कोई टिप्पणी करना चाह रहे हैं और ना ही ब्लॉक की जिम्मेदार अधिकारी मामले को संज्ञान ले पा रहे हैं जबकि जिले के मुख्य विकास अधिकारी परियोजना अधिकारी डी पी आरो जिला अधिकारी तथा जलकल विभाग के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी आज तक किसी ग्राम पंचायत में जांच करने नहीं पहुंचे की स्वच्छ जल का सपना ग्रामीणों में कैसे पहुंचे तमाम बार शिकायत होने के बाद कोई उच्च अधिकारी निर्माण स्थल तक आने की जह मत नहीं उठाई अगर जांच किया जाए तो हर घर जल का सपना पूर्ण होते नहीं दिखाई दे रहा है प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छ देने का संकल्प अधूरा रह जा रहा है।

जनपद के बड़े अधिकारी किसी ग्राम पंचायत में जांच करने की जमात नहीं उठा रहे हैं सरकारी धन का बंदर बात करने में जुटे अधिकारियों को कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है हर घर स्वच्छ एवं शुद्ध शुद्ध जल का सपना अधूरा रह जाएगा सरकार द्वारा दिए गए धन को बटोरने में लगे हुए हैं जिले के जिम्मेदार अधिकारी यहां तक विकास के नाम पर जिले में हर विकासखण्डों में 6040 के रेश्यो में लूट का मामला चल रहा है इस मामले में जिले के जिम्मेदार अधिकारी व्यस्त नजर आ रहे हैं शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा रहे शिकायती प्रार्थना पत्र को जिले के अधिकारी कूड़ेदान में डालकर फर्जी रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को भेज रहे हैं।

तेज तर्रार जिलाधिकारी महोदय द्वारा विकास कार्यों तथा स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का ध्यान नहीं रह गया है जैसे बिना कार्य कारण भुगतान लेना ग्राम प्रधान खंड विकास अधिकारियों की आदत बन गई है उत्तर प्रदेश से भ्रष्टाचार मिटाने का संकल्प लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा उच्च स्तरीय जांच कमेटी बैठक इन भ्रष्टाचारियों पर कारवाई कब होगी।

## आज 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल, 15 दिसंबर तक सामान्य होंगे हालात... इंडिगो के CEO का बड़ा बयान

**● इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स ने 1000 से अधिक उड़ानें रद्द होने पर माफी मांगी है. उन्होंने कहा कि संकट अभी जारी रहेगा, लेकिन 10 से 15 दिसंबर तक हालात सामान्य होने की उम्मीद है. यात्रियों को हो रही परेशानी के लिए इंडिगो ने पूरी जिम्मेदारी ली है और सूचना, रिफंड तथा कॉल सेंटर क्षमता बढ़ाने का वादा किया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इंडिगो की फ्लाइट्स को लेकर अफरा-तफरी के बीच इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार शाम सबके सामने माफी मांगी और कहा कि आज एक हजार से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई. कैंसिलेशन के मामले में यह सबसे ज्यादा प्रभावित दिन था. एल्बर्स ने कहा कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने शुक्रवार को अपनी रोजाना की 'आधी से ज्यादा' फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं।

उन्होंने यह भी बताया कि शनिवार भी कई यात्रियों के लिए बुरी खबर लाएगा, क्योंकि संकट बना रहेगा, लेकिन कैंसिलेशन की संख्या '1,000 से नीचे' आ जाएगी। हालांकि उन्होंने कहा कि 10 से 15 दिसंबर तक हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से इंडिगो की उड़ानें बहुत ज्यादा प्रभावित हैं. हालात लगातार बिगड़ते गए और 5 दिसंबर सबसे खराब दिन रहा, जब 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, यानी हमारी आधी से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ीं.

### इंडिगो के CEO ने ली जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि मैं और पूरी इंडिगो टीम आप सभी यात्रियों से दिल से माफी मांगते हैं. आपको जो परेशानी हुई, हम उसकी पूरी जिम्मेदारी लेते हैं. हम स्थिति सुधारने के लिए तीन बड़े कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को सही जानकारी देना और उनकी जरूरतों को पूरा करना, सोशल मीडिया और दूसरे माध्यमों से लगातार जानकारी भेजी जा रही है. रिफंड, कैंसिलेशन और सहायता के बारे में विस्तृत सूचना जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि दूसरा कॉल सेंटर की क्षमता बढ़ाई गई है ताकि अधिक लोगों की मदद की जा सके. कल जिन यात्रियों को देश के बड़े एयरपोर्ट्स पर परेशानी हुई, उन्हें आज ही उनके गंतव्य तक पहुंचाने पर पूरा ध्यान है, जिनकी उड़ान रद्द है, उनसे अनुरोध है कि वे एयरपोर्ट न आएं. आपको इसकी सूचना भेज दी जाती है।

### 10 से 15 दिसंबर तक सामान्य होंगे हालात

उन्होंने कहा कि आज कई उड़ानें इसलिए रद्द की गईं ताकि प्लेन और क्रू को सही जगह पर लाकर, कल सुबह से नया शेड्यूल सुचारू रूप से शुरू किया जा सके. पिछले



कुछ दिनों में किए गए उपाय पर्याप्त नहीं थे, इसलिए आज पूरी तरह से सिस्टम को रीबूट करना पड़ा. इन कदमों के बाद हमें उम्मीद है कि कल से रद्द होने वाली उड़ानें 1000 से कम होंगी।

उन्होंने कहा कि छ्रत्नष्ट द्वारा स्नष्ठञ्जरुनियमों में दी गई राहत से स्थिति सुधारने में मदद मिलेगी. मंत्रालय और छ्रत्नष्ट के साथ मिलकर हम रोज स्थिति बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं. इंडिगो के बड़े नेटवर्क और जटिल ऑपरेशन के कारण पूरी तरह से सामान्य स्थिति 10 से 15 दिसंबर के बीच आने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि इस स्थिति से आपका भरोसा हिला है. 19 साल में इंडिगो की पहचान विश्वसनीयता रही है और यह घटना उसके उलट गई है. हमारी टीम दिन-रात काम कर रही है ताकि आपका भरोसा वापस लाया जा सके और उसे और मजबूत बनाया जा सके. आपके धैर्य, समझ और सहयोग के लिए धन्यवाद. हम लगातार आपको अपडेट देते रहेंगे।




## कोटेदारों ने किया जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव

**● भीगे हुए गेहूं और कम लाभांश पर जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के नेतृत्व में सीतापुर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव अशोक सिंह , जिला अध्यक्ष विशाल रस्तोगी, और एक अन्य अध्यक्ष राम लखन यादव जी की अगुवाई में बड़ी संख्या में कोटेदारों ने जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव किया और अपनी समस्याओं के संबंध में जिला अधिकारी महोदय से वार्ता की।

### प्रदर्शन की मुख्य वजहें

कोटेदारों का यह प्रदर्शन मुख्य रूप से दो गंभीर मुद्दों पर केंद्रित रहाः

कम लाभांश और न्यूनतम आय गारंटी की मांगः कोटेदारों ने मांग की कि खाद्यान्न और चीनी पर उनका लाभांश (कमीशन) बढ़ाया जाए और उन्हें अन्य राज्यों की तर्ज़ पर 'मिनिमम इनकम गारंटी' प्रदान की जाए ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। भीगे हुए गेहूं' की समस्याः प्रदर्शनकारी कोटेदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें वितरण के लिए अक्सर भीगा हुआ (खराब) गेहूं प्राप्त होता है। इस खराब गुणवत्ता वाले अनाज को लाभार्थियों को वितरित करने में उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, और इससे उनकी साख पर भी असर पड़ता है।

### जिला प्रशासन से वार्ता और चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान, कोटेदारों के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय पर उनसे मुलाकात की और अपनी समस्याओं को विस्तार से सामने रखा। सीतापुर जिला पूर्ति अधिकारी महोदय से कोटेदारों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। एसोसिएशन ने सरकार को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो वे अपने विरोध को और तेज करेंगे।






प्रदर्शन में शामिल कोटेदारों ने कहा कि एक तरफ वे पूरी ईमानदारी से ई-पास मशीनों के जरिए राशन वितरण कर रहे हैं और कोरोना काल में भी उन्होंने जोखिम उठाकर सेवा की, वहीं दूसरी तरफ उन्हें अपना कमीशन बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध कराने जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदर्शन स्थल पर ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश इकाई सीतापुर के समस्त पदाधिकारी और कोटेदार भाई मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दुस्साहसः युवक ने महिला आरक्षी से फोन पर की अश्लीलता, मुकदमा दर्ज

**लखनऊः** बाजारखाला थाने में तैनात महिला आरक्षी से फोन कर युवक ने जबरन संबंध बनाने की बात कही। इसके बाद एक्सीडेंट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। टिकैतगंज निवासी महिला आरक्षी ने आरोप लगाया कि बीते चार महीने से रोहित सक्सेना नाम का युवक अलग-अलग नंबरों से फोन कर उनसे अश्लील बातें करते हुए जबरन संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने की बात कही तो आरोपित अभद्रता करते हुए एक्सीडेंट कर जान से मारने की धमकी देने लगा। डरी सहमी पीड़िता ने बाजारखाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ब्रजेश सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी ने ऑनलाइन हाजिरी को लेकर किया जोरदार धरना प्रदर्शन

**● उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य सचिव को संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी बिसवां को सौपा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोशियशन के सयुक्त तत्वाधान मे ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी ने आन लाइन हाजिरी को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर मुख्य सचिव को सम्बोधित दस सूत्रीय मांगपत्र खंड विकास अधिकारी बिसवां को सौपा। मांगपत्र के माध्यम से पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी ने कहा की पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत




कार्यालय के रूप मे कार्य को सम्पादित करते है। जिला स्तर के अधिकारी अपने कार्यालय मे अध्यक्ष के रूप मे कार्यो को करते है। पंचायत के कार्यरत अधिकारियो का कहना है कि फील्ड स्तर का कार्य करने के चलते अनलाइन उपस्थित कार्यालय आधारित प्रणाली कार्य प्रकृति अनुकूल एवं अनुरूप नही है। पंचायत के करिंदो का कहना है कि आठ से नौ का कार्य होता है। बहु उद्देशीय कार्य प्रकृति एवं क्षेत्रीय भगोलिक कारणों से किसी एक निश्चित स्थान एवं समय पर अनलाइन उपस्थित संभव नही है।

ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारियो ने काली पट्टी बाध कर विरोध प्रदर्शन किया पंचायत सचिव ने कहा राज्य के आवाहन पर आज विरोध प्रदर्शन हुआ है आगे जो भी संगठन का निर्णय होगा उसी आधार पर विरोध किया जायेगा।इस मौके पर करुणेश कुमार, सुनील कुमार,हरिओम श्रीवास्तव, हिमाली पाण्डेय, विमल कुमार, चंदन सिंह विस्ट, अभय प्रताप वर्मा, श्रावण कुमार, शैलेन्द्र भार्गव, अनुज उमराव, दिनेश वर्मा, सचिन कुमार, राजकुमार, मनोज यादव, आलोक श्रीवास्तव, आलोक सिंह, कनक लता यादव, कविता यादव, रविशंकर, हिमांशु यादव,आदि प्रमुख रहे।

### बीएसएनएल का संचार साफ्ट चार दिन से डाउन, सिम नहीं हो एक्टिवेट; केवाइसी भी अटकी

**लखनऊः** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) का कामकाज गुरुवार को लगभग ठप हो गया। संचार सेवाओं से जुड़े साफ्टवेयर (संचार साफ्ट) में समस्या के कारण न तो सिम कार्ड एक्टिवेट हो पा रहे हैं और न ही नो योर कस्टमर (केवाइसी)। इसके चलते आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ रिटेलर और फ्रेंचाइजी वाले भी परेशान हैं। बीएसएनएल का संचार साफ्ट पिछले चार दिनों से डाउन है, लेकिन गुरुवार को अधिक समस्या आ गई। कई उपभोक्ता नए सिम लेने के लिए बीएसएनएल केंद्रों और रिटेल दुकानों पर पहुंचे, लेकिन उन्हें निराश लौटना पड़ा। जिन लोगों के सिम किसी कारणवश बंद हैं, वे उसे पुनः सक्रिय नहीं करा पा रहे हैं। इसके कारण मोबाइल बैंकिंग, ओटीपी आधारित सेवाएं पर भी असर पड़ रहा है। विभाग के अनुसार हर दिन बड़ी संख्या में ग्राहक सेवा केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन तकनीकी दिक्कत आने के कारण कोई भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाती। इससे न सिर्फ ग्राहकों में असंतोष है, बल्कि बीएसएनएल को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है। तकनीकी टीम खराबी को ठीक करने में लगी हुई है।

## ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सीखड़ , मीरजापुर।** शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बगहा एवं फुलहा में खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा ,की अध्यक्षता व एडीओ एजी रोहित सिंह सीडीपीओ नीलू मिश्रा, मुख्य सेविका धनदेई देवी ग्राम प्रधान कुसुम देवी कुंजन सरोज की उपस्थिति में ग्राम चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। तथा अध्यक्षो द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़ कर सुनाया गया तथा दोनों ग्राम पंचायतों में आए कुल 4 शिकायत पत्रो को सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया ।ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे ग्राम सचिव सुधीर दुबे, सबिता यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री निशा मिश्रा, गीता देवी, कृषि विभाग ,पशुपालन, स्वास्थ विभाग की आशा एन एम तथा अन्य विभागों के कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में दोनों ग्राम पंचायतों की जनता उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएनबी के सामने से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी, मोटरसाइकिल बरामद ना होने से वाहन मालिक आक्रोशित

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को एक और मामला सामने आया जब स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (UP47 AA 5044) को अज्ञात चोरों द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के सामने से दिनदहाड़े चोरी कर लिया गया। वाहन के मालिक डॉ. पंकज कुमार पाल के अनुसार, घटना 2 दिसंबर 2025 को लगभग दोपहर 12 बजे की है। उनके पिता बैंक कार्य से गए थे, इसी दौरान चोर मौके का फायदा उठाकर बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने चोरी की शिकायत तुरंत नगर कोतवाली पुलिस को दी, लेकिन समय बीतने के बावजूद अभी तक मोटरसाइकिल बरामद नहीं की गई। मोटरसाइकिल बरामद न होने से वाहन मालिक व स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि दिनदहाड़े बैंक के सामने से बाइक चोरी हो जाना सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी कमजोरी को दर्शाता है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई, CCTV फुटेज की जांच और मोटरसाइकिल की शीघ्र बरामदगी की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने भी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता बताई है।

### ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ब्लॉक कार्यालय पर दिया धरना, बीडीओ को ज्ञापन सौंपा




**सिद्धार्थनगर।** ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश के विरोध में प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे क्रमिक आंदोलन के तहत ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में जनपद के विकास खंड कार्यालय उसका में दिनांक 01-12-2025 से 04-12-2025 तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को विकास खण्ड कार्यालय में धरना देकर खण्ड विकास अधिकारी, के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया गया। धरने के माध्यम से कहा गया कि अभी तक कोई सार्थक पहल न होने के कारण प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में सचिव समस्त शासकीय ग्रुप से लेफ्ट हो जाएंगे। जटिल ई-ग्राम स्वराज व गेट वे प्रणाली के विरोध में इसके स्थान पर मोबाईल ऐप के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया निर्मित करने की मांग की गई। प्रांतीय नेतृत्व द्वारा निर्णय लिया गया है कि यदि शासन प्रशासन द्वारा उपर्युक्त मागों पर सकारात्मक निर्णय नही लिया जाएगा तो सचिवों के समक्ष दिन प्रतिदिन उत्पन्न हो रही गंभीर परिस्थितियां भविष्य में बड़े आंदोलन, सम्पूर्ण कार्य वहिष्कार एवं अनवरत धरना प्रदर्शन में परिवर्तित हो सकती है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। धरने में अखिलेश यादव, राहुल, विनोद चौधरी, प्रह्लाद पाण्डेय आदि रहे।

### जिला अधिकारी ने गैंगस्टर की दो करोड़ से अधिक मूल्य की संपत्ति को कुर्क कर करने का दिया आदेश

**प्रतापगढ़।** जिला अधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत शातिर एक अभियुक्ता की कुल 2,01,55,345 रूपये की अवैध संपत्ति की कुर्की का आदेश दिया गया है।थाना मानिकपुर पर पंजीकृत धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्ता रीना मिश्रा पत्नी राजेश मिश्रा,निवासी ग्राम मुन्दीपुर, थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ की आपराधिक कृत्यों से अर्जित अवैध स्रोतों की चल सम्पत्ति जो लगभग 2,01,55,345 रूपये को कुर्क किए जाने हेतु न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट प्रतापगढ़ द्वारा आदेश पारित किया गया है।इससे पूर्व में थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक अंतर्राज्यीय गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई थी। जेल में बंद गैंग सरगना राजेश मिश्रा के घर पर छापेमारी कर 2,01,55,345 रूपये नकद, 6.075 किग्रा गांजा तथा 577 ग्राम स्मैक (हेरोइन)बरामद की गई थी । मौके से उसकी पत्नी रीना मिश्रा, पुत्र विनायक मिश्रा, पुत्री कोमल मिश्रा तथा सहयोगी अजीत कुमार मिश्रा व यश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में धारा 8/20/22 एनडीपीएस एक्ट थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा छापेमारी के दौरान रीना मिश्रा के कब्जे से बरामद 2,01,55,345 रूपये नकद को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया है।अभियुक्ता रीना मिश्रा एनडीपीएस एक्ट, धोखाधड़ी व गैंगेस्टर एक्ट सहित कई गंभीर प्रकरण पूर्व से पंजीकृत हैं। पूर्व में मु0अ0सं0-67/2025 के अंतर्गत अभियुक्त राजेश मिश्रा एवं रीना मिश्रा की लगभग 3,06,26,895.50 रुपए मूल्य की अवैध अर्जित संपत्तियाँ वैधानिक प्रक्रिया के तहत पूर्व में कुर्क की जा चुकी हैं। गैंगस्टर रीना मिश्रा के ऊपर आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# बस्ती में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण पर आपात बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिला अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत अवशेष गणना प्रपत्रों के संग्रहण, डिजिटाइजेशन, नो-मैपिंग तथा ASD electors से संबंधित कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।बैठक की शुरुआत करते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवशेष गणना-प्रपत्रों का संग्रहण और डिजिटाइजेशन आगामी दो दिवस के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन बूथ-लेवल अधिकारियों (BLO) ने किन्हीं मतदाताओं को वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज होने के कारण त्रुटिवश थर्ड कैटेगरी (नो मैपिंग) में डाल दिया है, उन मामलों की तुरंत रीवेरिफिकेशन कर पहली तथा दूसरी कैटेगरी में स्थानांतरित किया जाए। ASD electors की सूची का पुनरावलोकन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज कोई व्यक्ति गलती से ASD कैटेगरी में न रह गया हो तथा किसी मृतक मतदाता का नाम सूची में शेष न रह जाए।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 310-बस्ती सदर तथा 311-महादेवा (अ0जा0) के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और उनके सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया कि वे अगले दो दिनों में 100 प्रतिशत गणना प्रपत्रों के संग्रहण का कार्य पूरा कर लें। साथ ही ईसीआई नेट पर प्रदर्शित नो-मैपिंग तथा ASD electors की सूचियों को घटते क्रम में जांचते हुए रिवेरिफाई करा लें और यदि किसी मतदाता को गलत कैटेगरी में रखा गया है तो रोल-बैक कर के BLO एप के माध्यम से सुधार कर दिया जाए। जिन बूथ-स्तर के अधिकारियों, विशेषकर महिला या दिव्यांग अधिकारीगण को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, उनके लिए सहायक के तौर पर अतिरिक्त तैनाती सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए गए।

बैठक में यह भी कहा गया कि जिन बथों पर 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, वहां BLO द्वारा Booth Level Authority (BLO) से बैठक कर ASD electors की सूची प्राप्त कर ली जाए और death category की जांच करके मृतकों के नामों को हटाया जाए। निर्वाचन जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्य की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों से किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने का विशेष रूप से अनुरोध किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव निगम, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, परियोजना निदेशक राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे और आवश्यक निर्देशों के अनुसार अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने पर सहमत हुए।

## यूपी में जीरो टॉलरेंस नीति से माफियाराज का अंत हुआ - स्वतंत्र देव

### ●भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर कैबिनेट मंत्री का किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का शुक्रवार को बड़ेवन टोल प्लाजा पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी तथा जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार गांव गरीब और किसानों के लिए दिन-रात काम कर रही है। सुशासन और विकास की नीति के बदौलत बिहार में एनडीए गठबंधन ने इतिहास रच दिया। कहा कि आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन बिहार की तरह ही उत्तर प्रदेश में एक नया रिकार्ड बनाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से संतुष्ट है। सरकार गरीबों को मकान, किसानों को सम्मान निधि, बेटियों की मुफ्त शादी, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान इलाज और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं दे रही है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस नीति से माफियाराज का अंत हो चुका है। स्वागत कार्यक्रम में हिमांशु पाल गोलू, रमेश चौधरी, अभिषेक पटेल, मनोज चौधरी, अशोक दुबे, सन्नी सोनकर, रियाज़ अहमद, प्रमोद चौधरी, मुन्ना उपाध्याय, चंद्रप्रकाश चौधरी, आशुतोष शुक्ला, सौरभ दुबे, शिवानंद पाठक, विपिन कुमार, रवि पाठक, राम भारत यादव, आकाश चौधरी मौजूद रहे।

## बैनामाशुदा ज़मीन पर जबरिया निर्माण रोकने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल टोला दुबिहवा छोटका डीह निवासिनी अनीता देवी पत्नी जगन्नाथ ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अपने बैनामा शुदा जमीन पर दबंगों द्वारा जबरिया कब्जा कर निर्माण कराये जाने पर रोक लगाने की मांग किया है। डीएम को दिये पत्र में अनीता देवी ने कहा है कि उसने एक जमीन का बैनामा 16 जून 2017 को खाजेपुर निवासिनी कमलावती से लिया था। उक्त जमीन खतौनी आदि अभिलेख में दर्ज हो चुका हैजबकि उक्त गाटा नंबर 1550, 1.2370 की आराजी के सह खातेदार राम बनारसी पुत्र सुख नारायण, आदि लोगों द्वारा जबरन जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का षड़यंत्र कर निर्माण कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। राम बनारसी और उनके नात रिश्तेदारों ने विरोध करने पर लाठी डंडा लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया। मामले की सूचना सोनहा थाने पर दिया गया किन्तु पुलिस अवैध निर्माण को रोकने में कोई मदद नहीं कर रही है। बस्ती जिले में पुलिस की मेल भगत से अवैध कब्जा करने का पुलिस ठेका लेती है यह मामला सोनहाथाना क्षेत्र का है पीड़िता बार-बार थाने का चक्कर काट रही है लेकिन पुलिस अवैध कब्जा रोकने में पीड़िता की मदद नहीं कर रही है अनीता देवी नेमांग किया है कि जबरिया कब्जा करने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ ही उनके परिवार के जान माल की रक्षा सुनिश्चित कराया जाय। जिला अधिकारी द्वारा दिए गए पत्र में अनीता ने मांग किया की सुना था ना अध्यक्ष को निर्देशित किया जाए तत्काल अवैध निर्माण रुकैया जाए तथा दबंग के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए।

### पंडित कृष्णकांत मिश्र के निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने जताया शोक

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** क्षेत्र के नौगवां गुरूआन गांव निवासी 65 वर्षीय पंडित कृष्ण कांत मिश्र का गुरुवार की रात उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया।वह कई महीनों से बीमार चल रहे थे। क्षेत्र में कुल गुरू के नाम से प्रसिद्ध कृष्ण कांत मिश्र के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पंडित कृष्ण कांत के दादा शिव प्रसाद मिश्र ने छह दशक पूर्व क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई थी और ड्रमंडगंज में संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। पंडित कृष्ण कांत आजीवन पौरोहित्य कर्म और सामाजिक कार्यो से जुड़े रहे। शुक्रवार दोपहर विंध्याचल के शिवपुर स्थित रामगया घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अजय मिश्र ने दी। भाजपा नेता मनीष त्रिपाठी, विपुल सिंह, आचार्य मदनेश मिश्र,पूर्व प्रधानाचार्य सुरेंद्र बहादुर सिंह,डाश दयानंद मिश्र,हर्ष नारायण मिश्र,अरूण मिश्र,श्याम सिंह,धीरज मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, हरिशंकर पटेल, सोनू सिंह, पंकज सोनी, चंद्रमौली सेठ आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

### एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर फंड से स्मार्ट आंगनबाड़ी पहल के तहत 14 आंगनबाड़ी केंद्रों को सौंपे गए किट

**बलरामपुर** – एचडीएफसी बैंक ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के तहत स्मार्ट आंगनबाड़ी पहल को आगे बढ़ाते हुए जनपद के 14 आंगनबाड़ी केंद्रों को आवश्यक सामग्री से युक्त किट प्रदान किए। इन किटों में बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री, खिलौने, पोषण जागरूकता सामग्री, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं शामिल हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास और आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।जिलाधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनेंगे तथा बच्चों को बेहतर शिक्षण एवं पोषण वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने और बाल विकास से जुड़े कार्यक्रमों में सहभागी बनने की अपील की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि मयंक कुशवाहा और मो0 साहिद उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास के लाभ से वंचित हैं गरीब,सभासद ने की जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशराज के.के. के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने अपर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि 2.0 प्रधानमंत्री आवास योजना से अपात्र कर दिये गये लोगों की जांच कराकर पात्रों को उसका लाभ दिलाया जाय।ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत नगर क्षेत्र के ग्राम खुटहन व ग्राम बरवनिया वार्ड नं0-4 अटल नगर, में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले आवासीय मकान बनने हेतु आवेदन किया गया है। उनमें से विधवा अत्यन्त गरीब, भूमिहीन व छप्परपोश मकान के लोग है। किन्तु पात्र होते हुए भी अनेक लोगों की पत्रावली में मनमानी ढंग से गलत आख्या लगाकर अपात्र कर दिया गया है और जिनके पास पक्का मकान, पर्याप्त खेती-बारी है, उन्हें पात्र माना गया है।

**बस्ती समाचार टाइम्स**

ऐसी स्थिति में मामले की जांच किसी उच्च अधिकारी से करवा कर पात्रों के आवेदन को स्वीकार करके आवासीय लाभ देकर मकान का निर्माण कराये जाने हेतु आदेश किया जाय और जो लोग अपात्र है उन्हें पात्र घोषित करने वाले दाषियों के विरूद्ध भी कार्यवाही कराया जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अर्जुन कुमार, निर्मला देवी, स्नेहलता, निर्मल कुमार यादव, गायत्री देवी, कमला, सीताराम, ऊषा, मीरा देवी, विजय वर्मा के साथ ही अनेक क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

## पुलिस लाइन बस्ती में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केपुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा पुलिस लाइन बस्ती में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन द्वारा आज पुलिस लाइन बस्ती में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर बाद सलामी परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों व आर0टी0सी0 रिक्रूट आरक्षियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात सभी कर्मियों व आर0टी0सी0 रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करायी गयी । महोदय द्वारा शस्त्रागार, जी0 डी0 कार्यालय, गणना कार्यालय, पुलिस अस्पताल, परिवहन शाखा, कैंटीन, भोजनालय, यातायात कार्यालय, डायल/ कॉल-112 कार्यालय आदि का निरीक्षण कर उनमें मूलभूत सुविधाओं को समय से पूर्ण कर साफ-सफाई एवं संबंधित अभिलेखों के उचित रख-रखाव हेतु संबंधित को आदेशित किया गया 7पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश आर0टी0सी0 रिक्रूट आरक्षियों के रहने वाले बैरक व उनके उपयोग के लिए बने शौचालय व बाथरुम, हौज आदि का निरीक्षण कर उसमें निरंतर साफ़-सफाई व अन्य सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया

2-बैरक व स्टोर का निरीक्षण कर विशेष साफ-सफाई व उचित रख-रखाव आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया 3-मुल्जिम ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण को उनके कर्तव्यों/ दायित्वों के संबंध में ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देकर भेजने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया

पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा अर्दली रूम करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया इस दौरान क्षेत्राधिकारी रुधौली/ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक बस्ती, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक बस्ती व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने किया आशा क्लस्टर बैठक का निरीक्षण

### ●सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला स्थित कार्यालय सभागार में आशा क्लस्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, बीसीपीएम अरुण चौधरी, तथा विकास खंड उतरौला की सभी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और उनके द्वारा किए गए कार्यो से ही स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वास्तविक सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की निगरानी, टीकाकरण, टीबी ,एनसीडी स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन सलाह, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में आशाओं की सक्रियता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सीएमओ ने आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य टीम को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं की समय पर एएनसी जांच सुनिश्चित की जाए। टीकाकरण सत्रों की जानकारी गांव-गांव में समय से पहुंचाई जाए। टीबी, कुष्ठ एवं अन्य संक्रामक रोगों की घर-घर खोज में तेजी लाई जाए। एनसीडी स्क्रीनिंग और आयुष्मान कार्ड बनाने में समुदाय को अधिक से अधिक जोड़ें। आशाएं अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य योजनाओं की जागरूकता गतिविधियाँ नियमित रूप से चलाएं।

अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश ने की प्रगति की समीक्षा बैठक में अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश ने ब्लॉक क्षेत्र में चल रहे स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आशाओं की मेहनत से ही संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बेहतर हुई है। डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी ने आशाओं को मोबाइल ऐप आधारित रिपोर्टिंग, इंडिकेटर आधारित कार्यप्रणाली और समयबद्ध फॉलोअप के महत्व को समझाया। बीसीपीएम अरुण चौधरी ने कहा कि आशा इंसेंटिव से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं जैसे कठिन पहुंच वाले टोले, टीकाकरण में अनिच्छा, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच में विलंब जैसी चुनौतियों को साझा किया। सीएमओ ने इन मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी आशा कार्यकर्ताओं ने जनपद में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, रोगों की रोकथाम तथा परिवार कल्याण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

## विश्व मृदा दिवस पर अमेठी में धरती माता बचाओ अभियान

### ●मिट्टी सुरक्षित तो किसान सुरक्षित' का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा में ''धरती माता बचाओ अभियान'' के तहत महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 'मिट्टी सुरक्षित तो किसान सुरक्षित' का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया। यह कार्यक्रम आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मिट्टी कृषि, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। यदि मिट्टी स्वस्थ रहेगी, तभी किसान सुरक्षित एवं समृद्ध रह सकेगा। उन्होंने किसानों को नियमित रूप से मिट्टी परीक्षण कराने और संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग पूरे जिले में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सूक्ष्म पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक खेती, फसल विविधिकरण और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने पर लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. देवेश पाठक ने मिट्टी को एक 'जीवित तंत्र' बताते हुए समझाया कि मिट्टी के भीतर उपस्थित सूक्ष्मजीव, कार्बनिक पदार्थ और खनिज संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे उसकी उर्वरता बनी रहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अत्यधिक जुताई, अनियंत्रित रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग, फसल अवशेष जलाना और पीएच असंतुलन जैसी समस्याएँ मिट्टी को तेजी से नुकसान पहुँचा रही हैं। इस संदर्भ में उन्होंने जैविक खाद, हरी खाद, फसल चक्र, मल्चिंग, बीबीएफ/आरबीएफ तकनीक और बायोफर्टिलाइज़र जैसी तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। जनपदीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के अध्यक्ष डॉ. आलोक मौर्या ने अमेठी जिले की मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन, नत्रजन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिले में मृदा स्वास्थ्य अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक सिफारिशें और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओ. पी. सिंह ने किया। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अशोक सिंह, डॉ. रेनू सिंह, डॉ. पी. के. सिंह सहित कई विशेषज्ञों और बड़ी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया। सभी विशेषज्ञों ने एक स्वर में कहा कि मिट्टी की सेहत सुधरने से किसान और खेती दोनों मजबूत होंगे।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अभियोग का अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी लालगंज आलोक कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक विवेक कुमार मय हमराह द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा धारा 137(2), 87, 64(1), 142 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र सरोज पुत्र विजय सरोज निवासी ग्राम दखवापुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत बीजूमऊ नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## ग्राम सभा रजापुर में रास्ता अतिक्रमण व अवैध निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम सभा रजापुर में ग्रामीणों ने रास्ता अतिक्रमण, अवैध निर्माण और सरकारी भूमि के गलत उपयोग को लेकर ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि गांव के मुख्य रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर अवरोध पैदा किया जा रहा है, जिससे आमजन को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रास्ते पर मिट्टी डालकर आवागमन बाधित किया जा रहा है और कई बार मना करने पर भी आरोपी पक्ष अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना अनुमति सरकारी भूमि पर कब्जा करने और रास्ते की चौड़ाई कम करने का प्रयास किया गया, जो नियम के पूरी तरह खिलाफ है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मौके पर राजस्व टीम भेजकर सीमांकन कराया जाए और अतिक्रमणकारियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रार्थना पत्र पर कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर और अंगूठा निशान मौजूद हैं, जो मामले की गंभीरता और सामूहिक आपत्ति को दर्शाते हैं। अब ग्रामीण प्रशासनिक हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## सामाजिक अधिकारिता शिविर में शामिल हुए विधायक सुरेश पासी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर अमेठी।** विधानसभा के विकास खंड जगदीशपुर परिसर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी सम्मिलित हुए। विधायक सुरेश पासी ने कहा इस शिविर के माध्यम से सरकार की महत्वाकांक्षी ADIP योजना के अंतर्गत क्षेत्र के दिव्यांगजन भाइयों-बहनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए।ये उपकरण न केवल उनके दैनिक जीवन को सरल बनाने में सहायक होंगे, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में उन्हें एक नया संबल भी प्रदान करेंगे। दिव्यांगजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएँ निश्चित रूप से समाज के हर वर्ग तक समान अवसर पहुँचाने का कार्य कर रही हैं।इस महत्त्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनकर स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस करता हूँ और आशा है कि आगे भी इसी भावना के साथ समाज के कमजोर वर्गों की सेवा एवं सहयोग का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, गांव में शोक व्याप्त

**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव-ऊंचाहार रेलखंड के पूरे झाऊलाल का पुरवा गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से परिवार के साथ पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव निवासी अमरेश यादव (22) पुत्र जागेश्वर यादव प्रतिदिन की भांति सुबह लगभग साढ़े आठ बजे शौच के लिए निकला था। इसी दौरान रेलखंड के किलोमीटर संख्या 110(1) व 111(15) के मध्य कानपुर की दिशा से आ रही पैसेंजर ट्रेन उसे अपनी चपेट में लेती हुई निकल गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।सूचना पाकर जीआरपी एवं स्थानिक पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा भरने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया।मृतक पांच बहनों और दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था। दो बहनों का विवाह हो चुका है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुरासी गांव स्थित बाबा प्राण दास की कुटी पर पांच दिवसीय मेला हुआ प्रारंभ



**महराजगंज/रायबरेली।** पुरासी गांव स्थित बाबा प्राण दास की कुटी प्रांगण में पिछले 200 वर्षों से लगने वाला परंपरागत पांच दिवसीय मेला इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो गया। यह ऐतिहासिक मेला 9 दिसंबर तक चलेगा।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगासागर पांडे ने बताया कि मेले में प्रतिदिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले के प्रथम दिवस ही लगभग 500 दुकानें लग चुकी हैं, जिससे मेले का आकर्षण काफी बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि श्री राधा गोपाल रामलीला कमेटी परासी के योग्य कलाकारों द्वारा पूरे पांच दिनों तक भव्य और दिव्य रामलीला मंचन किया जा रहा है, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इस अवसर पर कमेटी के अनुज तिवारी, शिव मोहन तिवारी, बी.के. मिश्रा सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी मेले की व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से लगे रहे।

### बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर युवक की हुई मौत

**बिसवां सीतापुर** कोतवाली बिसवां इलाके के बहेरवा निवासी कलीम (26) पुत्र खलील बिसवां से बाइक द्वारा गुरुवार की रात अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिसवां-सिधौली मार्ग पर शेखनपुरवा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी हादसे में कलीम गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव को जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सचिवो ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा




**मलिहाबाद।** ग्राम पंचायतो मे कार्य के अतिरिक्त विभागों के कार्य कराये जाने, अव्यावहारिक आन लाईन हाजिरी प्रणाली लागू किये जैसी दस सूत्रीय मागों को लेकर शुक्रवार को मलिहाबाद क्षेत्र मे तैनात दर्जन भर सचिव लामबंद हो गये। सचिवों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौपा है। सचिव संजय कुमार गिरी, नासिर हुसैन, अनिल कुमार, अनुज यादव, अनुज त्यागी, संदीप कश्यप आदि ने बताया कि कार्यक्षेत्र मे मौजूद रहने के दौरान आनलाईन हाजिरी लगा पाना काफी मुश्किल भरा कार्य है। जिस तरह खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्र पंचायत कार्यालय अध्यक्ष एवं जिलास्तरीय कार्यालय अध्यक्षों की आनलाईन उपस्थिति अंकित करने का कोई प्रावधान नही है। उसी तरह हमलोगों को भी इससे मुक्त रखा जाये। सचिवों ने बताया कि एक सचिव के पास करीब आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का प्रभार होता है। जिसके चलते किसी एक जगह से आनलाईन हाजिरी सम्भव नही है। सचिवों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित दस सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी मलिहाबाद को सौंपा है।

## स्वास्थ्य विभाग के कदमों में पड़ी दलालों की बेड़ियां नहीं होती कोई कार्रवाई, क्या दलालों के इशारों पर चलेगा स्वास्थ्य विभाग का कारोबार

### ● आखिर कब तक बढ़ता रहेगा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की जेब का वजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** चिकित्सा पद्धति आज लोगों के लिए रुपए कमाने का जरिया बन कर रह गया है यही कारण है कि शहर से लेकर देहातों तक झोलाछाप डाक्टर और आर्टिफिशियल अस्पताल सैलून की तरह उग आए हैं जिनकी भेंट हर साल मासूम लोग चढ़ते हैं लेकिन इसके बाद भी इन स्वास्थ्य माफियाओं पर चिकित्सा विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता बस नोटिस थमा कर रह जाता हैं। कुछ समय के बाद हॉस्पिटलों के संचालकों व क्लिनिक संचालको से सांठ गांठ करके अधिकारियों की जेब का वजन बढ़ाकर फिर पुराने अंदाज में अपने काम पर लग जाते हैं और लोगों की जिंदगी और मौत के सौदागर बन जाते है। सीतापुर जिले का स्वास्थ्य महकमा न तो सरकारी अस्पतालों में इलाज मुहैया करा पा रहा है और न ही झोलाछाप डॉक्टर्स की क्लीनिकों को न ही हॉस्पिटलों को आज तक बंद करा पाया है यही कारण है कि ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर हैं यह झोलाछाप जानकारी के अभाव में ग्रामीण मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं अब तक कई झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण मरीजों की जान ले चुके हैं। अभी हाल ही में नवजात बच्चे और मां की मौत हुई परिजनों ने बवाल भी काटा लाइफ लाइन हॉस्पिटल और मर्सी हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई भी की लेकिन आज फिर वही पुराने अंदाज में दोनों हॉस्पिटल अपनी जगह क़ायम हो गए और फिर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया। वही लाइफ केयर क्लीनिक की भी खूब चर्चा होती है आए दिन मौतें होती रहती है स्वास्थ्य विभाग नोटिस थमा कर रह जाते है।

सीतापुर जिले का स्वास्थ्य महकमा गंभीर नजर नहीं आ रहा है कुल मिलाकर अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सिर्फ नोटिस देने तक ही सीमित है। जानकारी के मुताबिक सरकार ने ग्रामीण जनता को गांव में सहज इलाज मुहैया कराने के लिए ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक व तहसील मुख्यालय पर स्वास्थ्य केंद्र तो खोल दिए हैं लेकिन इन पर पर्याप्त स्टाफ मुहैया न कराने तथा समय समय पर मॉनीटरिंग न होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इसी मजबूरी के कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टर्स की क्लीनिको व अवैध हॉस्पिटलो पर इलाज कराने को मजबूर हैं वहीं यह झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनके स्वास्थ्य से लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं जिसके मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते लोग अपनी जान गंवा रहे हैं आर्टिफिशियल अस्पताल लहरपुर में सड़क किनारे जगह-जगह संचालित हो रहे है जिनमें ना तो कोई डाक्टर होता है ना ही प्रशिक्षित स्टाफ, और तो और इन पर अस्पताल संचालन से लेकर अग्निशामन और प्रदूषण नियंत्रण का भी पंजीकरण नहीं होता लेकिन इन अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की कृपा भरपूर है। अब देखना होगा लहरपुर में सैलून की तरह खुले अवैध हॉस्पिटल व क्लिनिको पर क्या कार्रवाई करता है स्वास्थ्य विभाग या फिर मुंह में चूरन दाबकर यूं ही तमाशा देखता रहेगा।

### गरीब कन्या का विवाह कर सोनी किन्नर ने पेश की मानवता की मिसाल



**बिसवां, सीतापुर।** राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलंटियर भाजपा किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सोनी किन्नर ने झज्जर मोहल्ला की गरीब कन्या रेशमा पुत्री राम शंकर भार्गव का विवाह अपने खर्च पर सम्पन्न कर समाजसेवा की अद्भुत मिसाल पेश की। उन्होंने विवाह का संपूर्ण खर्च उठाने के साथ स्वयं कन्यादान भी किया। सोनी जी ने कहा कि सेवा, करुणा और सहानुभूति ही सनातन धर्म का मूल संदेश है, और बेटी का विवाह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों व संगठन पदाधिकारियों ने उनकी इस पहल की प्रशंसा की और नवविवाहित दंपती को शुभकामनाएं दीं।

## महराजगंज कस्बे में न्यू दृष्टि ऑप्टिकल्स प्रतिष्ठान का हुआ भव्य उद्घाटन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज (रायबरेली)।** कस्बे में न्यू दृष्टि ऑप्टिकल्स प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात साहू ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कस्बे में ऐसे प्रतिष्ठान के खुलने से आम जनमानस को आंखों में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा तथा जिसका इलाज महराजगंज में ही संभव है और लोगों को बाहर न जाकर अपने कस्बे व क्षेत्र के महराजगंज में खुले न्यू दृष्टि में जाकर अनेक प्रकार की आंखों की जांच करा कर लाभ उठाएं प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर अमित यादव ने आगंतुकों का स्वागत किया। उद्घाटन से पूर्व विद्वान पंडित शिवकांत शुक्ला 'सोथी वाले' ने पूरे वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया, जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद शिव शरण साहू, आनंदपाल, सूर्यभान सिंह, नंदलाल, ननकऊ सिंह, चंद्रभान सिंह, रामकेवल यादव, विजय शंकर अवस्थी, रामसनेही यादव, रोहित अवस्थी, स्नेहकांत यादव, राम शंकर यादव, संजय यादव, रामप्रताप यादव, सुंदरलाल यादव, मनीष यादव, शुभम मौर्य और रूपेश यादव आनंदपाल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान स्थानीय नागरिकों ने प्रतिष्ठान के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दीं।

### नमकीन फैक्ट्री में सिलेंडर फटने से भीषण आग, एक युवक झुलसा

#### ● दो बाइक-साइकिल समेत सामान जलकर राख,फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा हादसा टला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के अंबेडकर मार्ग स्थित कोरिहई मोहल्ला विकास नगर में शुक्रवार सुबह घरेलू गैस सिलेंडर लीक होने से नमकीन फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हुई और फैक्ट्री के भीतर रखा भारी सामान जलकर खाक हो गया। हादसे में एक युवक भी झुलस गया।जानकारी के अनुसार मोहल्ला निवासी सुरेंद्र सैनी के घर में नमकीन बनाने की यूनिट चल रही थी। सुबह करीब 9 बजे अचानक सिलेंडर लीक होने से आग भड़क उठी। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया और धमाके के साथ सिलेंडर दग गया। अफरा-तफरी के बीच वहां खड़ी दो बाइक, एक साइकिल तथा अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया।

आग बुझाने के प्रयास में फैक्ट्री संचालक का भाई जितेंद्र सैनी मामूली रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों ने जोखिम उठाते हुए आग पर काबू पाने की कोशिश की, जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पूरी तरह नियंत्रित कर ली।फायर ब्रिगेड चालक आनंद प्रताप सिंह के मुताबिक, यह फैक्ट्री बस्ती के बीच बिना अनुमति चलाई जा रही थी और उत्पादन में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग को इसकी जानकारी नहीं थी, ऐसे में यह हादसा और भी बड़ा रूप ले सकता था।

### सड़क किनारे काली पन्नी में लिपटा युवक का मिला शव क्षेत्र में फैली सनसनी बना डर का माहौल



**बिसवां सीतापुर** कोतवाली क्षेत्र के लहरपुर रोड पर कोटरा पुल से आगे शुक्रवार दोपहर सड़क किनारे काली पन्नी में लिपटा एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान दामोदर उर्फ लल्लन निवासी लोधनपुरवा, थाना मोतीपुर, जिला बहराइच के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेन्ड्री कॉलेज में आयोजित हुई उत्कृष्ट विज्ञान प्रदर्शनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेन्ड्री कालेज महराजगंज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सीनियर विंग में बच्चो ने मीटर ब्रिज, डिपरेवशन आफलाइट, ग्लोबल वार्मिंग, एनर्जी रिसोर्सेज, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वैक्यूम क्लीनर, रोबोट तथा जूनियर विंग में स्वच्छ भारत अभियान, ब्यूटी आफनेचर, दहेज प्रथा, बाल विवाह, गौ रक्षा, सोलर एम्बुलेंस, जीएसटी, लाइट लैंप, शेयर मार्केट ट्रेडिंग, हाउस, वाटर डिस्पर्सल तथा प्राइमरी विंग में स्कूल, हास्पिटल, विलेज लाइफ लैम्प, फैन, वाइल्ड एनीमल, पर्यावरण, बच्चों ने प्रारम्भिक युग की ट्रेन एवं विकास स्टीमर बनाकर आधुनिक भारत के बढ़ते हुए स्वप्न की झलक दिखाई। प्रदर्शिनी के लिए आब्जर्वर डा0 महादेव सिंह भूगोल बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज रायबरेली तथा डा0 ओम प्रकाश सिंह पूर्व प्रववता हिंदी बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज रायबरेली ने बच्चों के बनाये माडल देखे तथा इनके प्रयास की भूरि-भूरि सराहना की। बच्चों की अपने विषय पर गहरी पकड़ थी सभी ने बच्चों के द्वारा अंग्रेजी में प्रेजेंटेशन की तुलना अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्कूलों से करते हुए इसे अद्वितीय माना।

मैनेजर अवधेश बहादुर सिंह जी ने प्रत्येक बच्चे के माडल को देखा उनके द्वारा बोले गये विषय को बड़ी गहनता से सुना तथा हार्दिक प्रसन्नता व्यवत की और कहा कि बच्चों के द्वारा उच्च स्तरीय विज्ञान प्रदर्शिनी लगाकर इतिहास रचा गया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों के मन के उद्धार प्रदर्शिनी के रूप में देखकर सभी की प्रशंसा की तथा विज्ञान प्रदर्शिनी द्वारा बच्चों की क्रियात्मकता निखरता है एवं विज्ञान के प्रति उनका लगाव होता है। बच्चे विज्ञान के कठिन प्रश्न खेल-खेल में समझ जाते हैं जिससे उनका चतुर्दिक विकास होता हे। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विज्ञान प्रदर्शिनी जैसे क्रियात्मक कार्य अत्यंत आवश्यक है। जिन्हे प्रतिवर्ष वित्तालय कराता है। सभी अध्यापकों, अभिभावकों, स्टाफ एवं बच्चों को विज्ञान प्रदर्शिनी के सफल आयोजन हेतु बधाइयां दी।

इस अवसर पर राजीव मिश्रा, सरिता मिश्रा, नीरू बाजपेयी, मंजू सिंह, अनुपम, लक्ष्मी, ज्योति सिंह, शालिनी सिंह, गर्विता सिंह, साधना, ज्योति सिंह, आलोक, छाया सिंह, राजकिशोर, आलोक, अमित सिंह, सुरेन्द्र, सौम्या शुक्ला, अभिजीत अवस्थी, लवलेश सिंह, अवनीशण पिंकी, गरिमा, अपर्णा, अमरेन्द्र आदि का विशेष योगदान रहा।

## कोटेदारों अपनी समस्याओं को लेकर जिलापूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा किया जोरदार प्रदर्शन

### ● ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश इकाई सीतापुर के सभी पदाधिकारी प्रदर्शन के दौरान उपस्थित रहे

### उत्तर प्रदेश के कोटेदारों ने भरी हुंकारः लाभांश न बढ़ने और न्यूनतम आय गारंटी न मिलने पर 28 जनवरी 2026 से विधानसभा घेराव की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश' ने प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। संगठन ने मांग की है कि कोटेदारों का खाद्यान्न एवं चीनी पर लाभांश बढ़ाया जाए और अन्य राज्यों की तर्ज पर 'मिनिमम इनकम गारंटी'दी जाए। प्रमुख मांगें और कोटेदारों का पक्ष एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया है कि उत्तर प्रदेश के कोटेदार पूरी ईमानदारी से ई-पास मशीनों के जरिए राशन वितरण कर रहे हैं। कोरोना काल में भी कोटेदारों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए प्रधानमंत्री अन्न योजना और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क राशन घर-घर पहुँचाया। इसके अलावा, कोटेदार आयुष्मान कार्ड बनाने, किसान रजिस्ट्री और वोटर लिस्ट संशोधन जैसे सरकारी कार्यों में भी पूरा सहयोग दे रहे हैं।

लाभांश में भारी विसंगतिःसंगठन ने अन्य राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में मिल रहे कम कमीशन पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेशः मात्र 90 प्रति कुन्तल लाभांश, हरियाणाः 200 प्रति कुन्तल, गोआः ?220 प्रति कुन्तल, दिल्लीः 200 प्रति कुन्तल।

गुजरात 20,000 मिनिमम इनकम गारंटी।एसोसिएशन ने सरकार से अनुरोध किया है कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए यूपी के कोटेदारों को भी अन्य राज्यों की भांति सम्मानजनक लाभांश और मिनिमम इनकम गारंटी दी जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो वे 28 जनवरी 2026 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और विधानसभा घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान होने वाली किसी भी अव्यवस्था की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से शासन और प्रशासन की होगी। ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश इकाई सीतापुर के जिला अध्यक्ष रामलखन सिंह यादव जिला महासचिव विशाल रस्तोगी संगठन सचिव विजय पाल व प्रदेश संगठन से प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह , आलोक मिश्रा, राजेंद्र अजय वर्मा सुरेन्द्र यादव कमलेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, वीरेंद्र, नंदलाल, नसीम, त्रिभुवन लाल, केवाराम, विवेक सिंह, अमित दिलीप गुप्ता, जनपद सीतापुर के समस्त पदाधिकारी व राशन डीलर बन्धु मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार डीसीएम ने मारी बाइक सवार को टक्कर गंभीर रूप से घायल इलाज के लिए भेजा गया ट्रामा सेंटर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** शुक्रवार सुबह मलिहाबाद थाना क्षेत्र में लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को स्थानीय सीएचसी भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र की कसमंडी कला पुलिस चौकी अंतर्गत किठाई पारा गांव निवासी सुखलाल पुत्र हरदेव शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे अपनी स्प्लेंडर बाइक यूपी 32 जीडब्लू 7756 से किसी काम से मलिहाबाद जा रहे थे। सुखलाल महमूद नगर ढाल पर जैसे ही मलिहाबाद की ओर मुड़े ही थे तभी पीछे से आ रही तेज गति से डीसीएम ने टक्कर मार दी।

जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद डीसीएम चालक मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों ने आनन फानन एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल एम्बुलेंस से मलिहाबाद सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने हालात गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर करने की सलाह दी। लेकिन परिजनों ने घायल सुखलाल को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

### नवागत अधिशासी अभियंता संदीप कुमार सरोज ने ग्रहण किया कार्यभार

**भदोही:** लोक निर्माण विभाग के नवागत अधिशासी अभियंता संदीप कुमार सरोज ने भदोही में शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्यों को तेजी और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाएगा। संदीप कुमार सरोज ने विशेष रूप से सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर जोर दिया और कहा कि मानक की अनदेखी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर सटीक दिशा-निर्देश जारी किए और कहा कि सड़क निर्माण कार्य समय के साथ मानक के अनुरूप पूरा होना चाहिए। अधिशासी अभियंता ने भरोसा जताया कि भदोही जिले में सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों में सुधार लाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से काम करेगा, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ और सुगम परिवहन व्यवस्था मिल सके।

## 83 प्रतिशत SIR कार्य पूरा डीएम ने 169 कर्मियों पर की कार्रवाई, 50 BLO हुए सम्मानित



**सीतापुर** जनपद सीतापुर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। बूथ लेवल अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं, वहीं कई लोग स्वयं बूथों पर पहुंचकर अपने फॉर्म जमा कर रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, अब तक कुल मतदाताओं में से 83 फीसदी लोगों ने अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा कर दिए हैं, जो अभियान की बड़ी सफलता मानी जा रही है। जिले के भीतर चल रहे इस व्यापक अभियान में कुल 3644 बूथों पर कार्य किया जा रहा है। इनमें से 522 बूथ लेवल अधिकारियों ने शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र भरवा लिए हैं, जिससे प्रशासनिक स्तर पर संतोष व्यक्त किया जा रहा है उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 50 BLO को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है ताकि उनके मनोबल में वृद्धि हो और अन्य अधिकारी भी प्रोत्साहित हों वहीं, अभियान में लापरवाही बरतने वाले 169 कर्मियों के खिलाफ डीएम द्वारा कार्रवाई भी की गई है इसी क्रम में शहर के एक खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की है। प्रशासन का कहना है कि मतदाता सूची में पारदर्शिता व शुद्धता सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर, राजनीतिक दल भी SIR अभियान में सक्रिय दिख रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूक कर रहे हैं तो वहीं समाजवादी पार्टी ने बूथ स्तर पर अपने PDA प्रहरियों को तैनात किया है जो मतदाताओं को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डीएम डॉ. राजगणपति आर ने बताया कि जिले में कुल 38 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत अभियान को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। उनका कहना है कि 'अब तक 83 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और अगले दो दिनों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा अच्छे कार्य करने वाले BLO को सम्मानित किया जा रहा है, जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है!!

## एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** 5 दिसंबर बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज में एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी द्वारा मोबाइल वैन- तकनीकी जागरूकता अभियान के द्वारा 3डी तकनीक (थ्री-डायमेंशनल टेक्निक) का सफल प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 3डी टेक्नोलॉजी के वास्तविक उपयोग, उसके आधुनिक स्वरूप और भविष्य में मिलने वाली संभावनाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य अशोक बाजपेयी बक्शी, हरीश चंद्र सिंह (शिक्षक) तथा डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर, चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्याल द्वारा स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को साझा करने पर विधवा चर्चा हुई अतिथियों ने छात्रों को नई तकनीकों से जुड़ने और तकनीकी नवाचारों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। 3डी तकनीक ऐसी विधि है जिसमें किसी वस्तु या दृश्य को लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई - तीनों आयामों में दर्शाया जाता है। इससे वस्तुएँ अधिक वास्तविक, गहराईयुक्त और स्पष्ट दिखाई देती हैं। यह तकनीक 3डी मॉडलिंग, 3डी स्कैनिंग, 3डी प्रिंटिंग और 3डी विजुअलाइज़ेशन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग की जा रही है। 3 डी तकनीक से शिक्षा क्षेत्र के जटिल विषयों को 3डी मॉडल के माध्यम से सरल बनाना, वर्चुअल प्रयोगशालाएँ, डिजिटल लर्निंग को अधिक प्रभावी बनाना तथा चिकित्सा सर्जरी की तैयारी हेतु 3डी इमेज, कृत्रिम अंगो का निर्माण, मेडिकल प्रशिक्षण में उपयोग तथा इंजीनियरिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग, मशीनों के 3डी डिज़ाइन और प्रोटोटाइप, उत्पाद विकास और सिमुलेशन, इंडस्ट्रियल मॉडलिंग और टेस्टिंग वास्तुकला एवं निर्माण भवनों के 3डी प्लान, वर्चुअल टूर और डिज़ाइन विजुअलाइज़ेशन, सुरक्षित और टिकाऊ संरचनाओं का विश्लेषण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 3डी तकनीक से तैयार मॉडल, इंटरैक्टिव डिस्प्ले और प्रिंटेड प्रोटोटाइपों को करीब से देखा। एपीजे अब्दुल कलाम




यूनिवर्सिटी लखनऊ में मोबाइल वैन की टीम ने बताया कि आने वाले वर्षों में 3डी तकनीक शिक्षा, रोजगार और नवाचार के नए द्वार खोलेगी। विद्यार्थियों ने इस प्रकार के तकनीकी आयोजनों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में डिजिटल जागरूकता और तकनीकी आत्मनिर्भरता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ रवि शंकर वर्मा वा डॉ विवेक कुमार वर्मा सहित 200 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से प्राइवेट विद्युत कर्मी की मौत, परिवार में मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** राठ तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय प्राइवेट विद्युत कर्मी की मौत हो गई। यह हादसा उमन्निया चिरवा गांव के पास उस समय हुआ, जब युवक विद्युत लाइन ठीक करने का काम कर रहा था। मृतक की पहचान राठ कोतवाली क्षेत्र के गलिहया गांव निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू (25) पुत्र परमेश्वरी दयाल के रूप में हुई है। जितेंद्र प्राइवेट तौर पर विद्युत कार्य करता था और गांव के ही एक व्यक्ति के साथ चिरवा गांव के पास खराब विद्युत लाइन को ठीक करने गया था। काम के दौरान अचानक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को तुरंत राठ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, जितेंद्र खेती-किसानी और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी रामसखी, मां सावित्री, तीन वर्षीय पुत्र कार्तिक और दो वर्षीय पुत्री कीर्ति हैं। पिता ने बताया कि गांव का ही रामपाल नामक व्यक्ति उसे काम के लिए लेकर गया था। पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि मझगवां थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया है। तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुतिन की ऐतिहासिक भारत यात्रा और बदलती वैश्विक राजनीति में नई दिशा



हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात सिर्फ दो राष्ट्राधिकारियों का औपचारिक संवाद नहीं था, बल्कि एक ऐसे वक्त में हुई ऐतिहासिक बैठक थी जब वैश्विक राजनीति कई मोर्चों पर तीव्र परिवर्तन से गुजर रही है। विश्व व्यवस्था के बदलते समीकरण, यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि, अमेरिका और पश्चिमी शक्तियों का बढ़ता दबाव, एशिया की नई रणनीतिक प्राथमिकताएँ आदि इन सभी के बीच पुतिन का भारत आना और भारत द्वारा अपनी कूटनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से दुनिया के सामने रखना बेहद महत्वपूर्ण है।इस उच्चस्तरीय मुलाकात में भारत ने यह दो टूक कहा कि वह न्यूट्रल नहीं है, बल्कि शांतिपक्ष में है। यह बयान अपने आप में भारत की परिपक्व, आत्मविश्वासी और स्वतंत्र विदेश नीति का परिचायक है। भारत ने दुनिया को संकेत दिया कि वह किसी खेमे की राजनीति में नहीं बँधने वाला, बल्कि उसकी प्राथमिकता वैश्विक शांति, स्थिरता और संवाद है। यही भारतीय विदेश नीति की वह धारा है जिसने दशकों से भारत को वैश्विक मंच पर विश्वसनीय, संतुलित और दूरदर्शी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि पुतिन ने खुलकर कहा कि भारत खुशकिस्मत है कि उसके पास मोदी जैसे नेता हैं।और उन्होंने यूक्रेन संकट में भारत की शांति कोशिशों की सराहना की। पुतिन का यह औपचारिक आभार न केवल हिंद-रूसी रिश्तों की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भारत आज उस स्थिति में है जहाँ विश्व की प्रमुख शक्तियाँ उसकी मध्यस्थता, उसके संवाद और उसके रुख को गंभीरता से सुनती हैं।भारत के राष्ट्रपति भवन में पुतिन को 21 तोपों की सलामी दी गई।यह सम्मान उस गहरे द्विपक्षीय भरोसे और परंपरा का प्रतीक है जिसने दोनों देशों को दशकों से जोड़ा हुआ है। पुतिन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह कदम न केवल भारत की महान सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि वैश्विक संघर्षों के बीच गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी समाधान का मार्ग हो सकते हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन की इस यात्रा को ऐतिहासिक बताया। यह शब्द केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक संदेश है। ऐसे समय में जब पश्चिमी देशों में रूस के साथ संवाद सीमित हो गया है, भारत का यह रुख उसकी रणनीतिक स्वायत्तता का प्रमाण है। यह भारत की उस भूमिका को भी रेखांकित करता है जो वह वैश्विक शांति के लिए निभा सकता है। भारत न तो टकराव का पक्षधर है, न ही एकतरफा दबावों का, बल्कि भारत का लक्ष्य है संवाद, सहयोग और संतुलन की नीति। पुतिन का यह दौरा अमेरिकी और पश्चिमी दबावों के बीच हुआ। लेकिन भारत ने जिस सहजता, गरिमा और स्पष्टता के साथ अपनी स्थिति रखी, वह उसके आत्मविश्वास को दर्शाता है। भारत ने यह भी दिखाया कि वह किसी भी वैश्विक शक्ति के दबाव में अपनी राष्ट्रीय हितों और स्वतंत्र कूटनीति से समझौता नहीं करेगा। यही भारतीय डिप्लोमेसी की सबसे बड़ी मजबूती है। दबाव में भी दृढ़ता और संवाद में भी लचीलापन है। इस यात्रा का एक अनोखा और सांस्कृतिक पहलू वह उपहार था जो प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को दिया।रूसी भाषा में लिखी भगवद् गीता। यह सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन, अध्यात्म और नेतृत्व मूल्यों का प्रतीक है। गीता जीवन के संघर्षों, कर्तव्य और नैतिकता की शिक्षा देती है। इसे रूसी भाषा में भेंट करना एक सशक्त संदेश था।भारत अपने मित्र देशों से केवल रणनीतिक संबंध नहीं रखता, बल्कि सांस्कृतिक और बौद्धिक आदान-प्रदान को भी उतना ही महत्व देता है। हैदराबाद हाउस की इस बैठक में भारत और रूस के बीच ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। भारत ने शांति स्थापना पर अपना दृढ़ रुख दोहराया और रूस ने भी भारत की मध्यस्थता और उसकी कोशिशों को असाधारण बताया। यह उस विश्वास की नींव है जिस पर भारत-रूस संबंध दशकों से खड़े हैं।चाहे वह शीतयुद्ध के दौर की वैश्विक राजनीति रही हो या वर्तमान बहुध्रुवीय विश्व। भारत की यह नीति कि वह शांति पक्ष में है।विश्व को एक नया संदेश देती है। यह संदेश बताता है कि भारत न तो किसी युद्ध का समर्थक है और न ही किसी एकतरफा कठोर निर्णय का। भारत की प्राथमिकता है कि दुनिया संवाद के रास्ते पर चले और समस्याओं का समाधान कूटनीति के माध्यम से खोजा जाए। यही भारत का वैश्विक दक्षिण के नेता के रूप में उभरता हुआ स्वरूप है, जहाँ वह विकासशील देशों की आवाज बनकर सामने आ रहा है।पुतिन की इस यात्रा ने एक और महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किय।भारत की वैश्विक भूमिका अब केवल क्षेत्रीय शक्ति की नहीं है, बल्कि वह बड़े वैश्विक संकटों पर भी निर्णायक राय रखने वाला राष्ट्र बन चुका है। रूस जैसे बड़े राष्ट्र का भारत की शांति पहल पर विश्वास जताना इस बदलती वास्तविकता का प्रमाण है। भारतीय कूटनीति आज एक नए मोड़ पर है।जहाँ वह संतुलन रखते हुए भी निर्णायक भूमिका निभा रही है। जहाँ वह मित्रता निभाते हुए भी अपने राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च रख रही है। और जहाँ वह वैश्विक संघर्षों के बीच भी शांति का मार्ग दिखा रही है। हैदराबाद हाउस में हुई यह मुलाकात इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि इसने वैश्विक राजनीति को यह दिखाया कि भारत का उदय न केवल आर्थिक शक्ति के रूप में है, बल्कि एक विश्वासपात्र, स्थिर और शांति-समर्थक राष्ट्र के रूप में भी है। पुतिन ने इसे स्वीकार किया, भारत ने इसे दोहराया और दुनिया ने इसे ध्यान से देखा। इस यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी का साइलेंट पार्टनर नहीं, बल्कि शांतिपक्ष का मुखर नेतृत्व कर रहा है। उसकी विदेश नीति न दबाव में झुकती है, न अवसरों में विचलित होती है। यही भारत की कूटनीतिक शक्ति है, यही उसकी विश्वसनीयता का आधार है और यही आने वाले वर्षों में वैश्विक राजनीति को दिशा देने वाला सिद्धांत भी होगा। यह यात्रा सिर्फ कूटनीति का अध्याय नहीं, बल्कि एक नया संकेत है।भारत अब वैश्विक संवाद का केंद्रीय स्तंभ बन चुका है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## राजनीति का नैतिक अवसान, लोकतंत्र के भविष्य को खतरा



महात्मा गांधी का अमर वाक्य आज भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक त्रासदी पर सीधा प्रहार करता है सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। 'कभी राजनीति जनसेवा का श्रेष्ठ मार्ग थी, यह मार्ग त्याग, तपस्या, साधना और राष्ट्रहित की भावना से निर्मित था, जहाँ राजनेता स्वयं को राष्ट्र के सेवक के रूप में देखते थे, न कि सत्ता के स्वामी के रूप में। किंतु समय का चक्र बदला और आज राजनीति का चरित्र भयावह रूप से परिवर्तित हो गया है। आधुनिक राजनीति का सबसे बड़ा संकट यही है कि इससे नैतिकता, सदाचार और आदर्श लगभग विलुप्त होते जा रहे हैं और सत्ता का लोभ, पद का प्रलोभन तथा सिद्धांतहीनता इसका मुख्य आधार बनते जा रहे हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के समय राजनीतिक नेतृत्व राष्ट्र के प्रति समर्पित था, वह त्याग और सत्याग्रह की शक्ति से समृद्ध था। महात्मा गांधी की अहिंसा, स्वामी विवेकानंद का राष्ट्रधर्म, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की क्रांति चेतना, सरदार वल्लभभाई पटेल की संगठन शक्ति, लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, जवाहरलाल नेहरू की वैचारिक प्रतिबद्धता, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संविधान निर्माण ये सभी राजनीतिक आदर्श नैतिकता की ऊष्मा से प्रेरित थे। उस समय राजनीति में प्रवेश एक तपस्वी जीवन था, सत्ता नहीं सेवा थी, लाभ नहीं, त्याग था, प्रतिष्ठा नहीं, जिम्मेदारी थी। किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राजनीति की दिशा धीरे-धीरे बदलती गई। जब लोकतंत्र में सत्ता की शक्ति का विस्तार हुआ, तब नैतिकता का पतन भी उसी गति से आरंभ हुआ। राजनीति सत्ता प्राप्ति का खेल बन गई और पद प्राप्त करने की होड़ नैतिकता, सिद्धांत और मानवीय मूल्यों पर भारी पड़ने लगी। आज स्थिति यह है कि राजनीति में प्रवेश का प्रमुख आधार धनबल, बाहुबल और धोखाधड़ी की शक्ति बन गया है। अनेक जनप्रतिनिधियों पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं, फिर भी वे संसद और विधानसभाओं की कुर्सियाँ सजाते हैं। सार्वजनिक संपत्ति को लूटने और रिश्वतखोरी के अपराधों में संलिप्त अनेक नेताओं की लंबी सूची है, जिन पर आरोप सिद्ध होने के बावजूद वे शासन-प्रशासन के निर्णायक पदों पर बैठे रहते हैं। यह राजनीति का सबसे बड़ा पतन है कि जिस शक्ति का उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण था, वह व्यक्तिगत लाभ का साधन बन चुकी है। राजनीति आज चरित्रहीनता का उच्चतम उदाहरण प्रस्तुत कर रही है जहाँ भाई-भतीजावाद, परिवारवाद और पदों का व्यापार खुलकर सामने आता है। योग्य व्यक्ति अवसर से वंचित हो जाता है और अयोग्य सत्ता के केंद्र में पहुँच जाता है। कई राजनीतिक परिवारों में टिकट क्षमता से नहीं, बल्कि रक्त संबंध और वित्तीय शक्ति के आधार पर दिए जाते हैं। यह वह समय है जहाँ अपराधी चरित्र के व्यक्तियों को सुरक्षा, समर्थन और संरक्षण राजनीति के माध्यम से प्राप्त होता है। उद्योगपतियों और राजनीतिज्ञों का गठजोड़– जिसे क्रोनी कैपिटलिज़्म कहा जाता है– लोकतंत्र को सबसे अधिक क्षतिग्रस्त कर रहा है। चंदे के नाम पर खरीद-फरोख्त और नीतियों को निजी उद्योगों के पक्ष में घुमा देना आज आम बात है। इससे जनता का शोषण होता है, असमानता बढ़ती है और विकास असंतुलित होता है। महान अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने कहा था कि 'जब नीतियाँ नैतिकता से कट जाती हैं, तब विकास असमानता का हथियार बन जाता है।' संसद और विधानसभाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। बहसें समाधान और नीतियों पर केंद्रित होने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप, हंगामे और असभ्य भाषा की प्रदर्शनशाला बन गई हैं। कानून निर्माण की प्रक्रिया बाधित होती जा रही है और सदन की कार्यक्षमता लगातार गिरती जा रही है। लोकतंत्र का मंदिर कहलाने वाली संसद अब राजनीतिक लाभ और मीडिया प्रदर्शन का मंच बन चुकी है। प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा था– 'मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनीतिक शिक्षा का मूल है।' जब स्वभाव स्वार्थ से संचालित होने लगे, तब राजनीति राष्ट्र के लिए नहीं, व्यक्ति विशेष के लोभ के लिए कार्य करने लगती है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना है कि हर पेशे में योग्यता निर्धारित है– डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक– सभी के लिए शैक्षणिक योग्यता और प्रशिक्षण अनिवार्य है, किंतु देश चलाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए किसी भी प्रकार की योग्यता का प्रावधान संविधान में नहीं है। जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 में भी इसके लिए कोई स्पष्ट मानदंड निर्धारित नहीं किया गया। परिणामतः राजनीति में अयोग्यता, असभ्यता और अपराधी वृत्ति के लोग तेजी से प्रवेश पा रहे हैं। यदि राजनीति को शुद्ध करना है, तो जनप्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, चरित्र प्रमाणपत्र और गंभीर अपराध के दोषियों पर चुनावी प्रतिबंध आवश्यक है। राजनीतिक दलों को ऋ्रझ्ढु और वित्तीय ऑडिट के दायरे में लाया जाना चाहिए ताकि चंदा और खर्च की पारदर्शिता बनी रहे। चुनाव सुधार, नैतिक आचरण संहिता और संसदीय नियमों को कठोरता से लागू करना होगा। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था– 'राजनीति राष्ट्र के विकास का इंजन है, पर यह तब ही चल सकती है जब इसे ईमानदारी का ईंधन मिले।' आज राष्ट्र को चरित्रवान नेतृत्व की आवश्यकता है– ऐसे नेता जो राष्ट्रहित को स्वयं के हित से ऊपर रखें, सत्ता को सेवा मानें, न कि उपलब्धि। राजनीति तभी पवित्र बनेगी जब समाज शिक्षित, जागरूक और नैतिक नेतृत्व को चुनने के लिए प्रतिबद्ध होगा। लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा जब राजनीति का मूल लक्ष्य सत्ता नहीं, बल्कि समाज का उत्थान होगा। नैतिकता का पुनर्जागरण अनिवार्य है, अन्यथा आने वाली पीढ़ियाँ हमें क्षमा नहीं करेंगी। राजनीति की सच्ची आत्मा नैतिकता है यदि यह नष्ट हो गई, तो लोकतंत्र केवल एक ढाँचा बनकर रह जाएगा, जिसकी दीवारें धीरे-धीरे ढह जाएँगी। अतः आज का संदेश यही हैल राजनीति में नैतिकता लौटे, चरित्रशील नेतृत्व आगे आए, और लोकतंत्र विश्वास, पारदर्शिता एवं सदाचार की नई नींव पर पुनर्निर्मित हो।

**संजीव ठाकुर**

# घुसपैठियों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख का स्वागत

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य न्यायाधीश श्री सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने भारत में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और पड़ोसी देशों के घुसपैठियों के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने घुसपैठियों की पैरवी करने वालों से पूछा कि क्या केंद्र सरकार ने इन लोगों को शरणार्थी घोषित करने का कोई आदेश जारी किया है ? यदि नहीं, तो फिर इन्हें देश से बाहर निकालने पर आपत्ति क्यों की जा रही है ? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि भारत में ही बहुत बड़ी संख्या में लोग गरीबी और अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं । सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी अपने गरीब तथा कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए भोजन, पानी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करना है न कि अवैध रूप से देश में घुस आए लोगों के स्वागत में लाल कालीन बिछाना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना। आज स्थिति यह है कि गरीबों के नाम पर चलाई जा रही कई योजनाओं का वास्तविक लाभ देश के जरूरतमंद नागरिकों तक कम और अवैध घुसपैठियों तक अधिक पहुँच रहा है। सीमा पार से पाकिस्तान, बांग्लादेशी और रोहिंग्या समुदाय के लोग चोरी-छिपे अथवा सुरंगों के सहारे भारत में प्रवेश कर जाते हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों अथवा कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों की मदद से आसानी से शासकीय योजनाओं का लाभ उठाते देखे जाते हैं । जब-जब अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी, बांग्लादेशी या रोहिंग्या घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने की बात होती है, तब तब कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े लोग तथा उच्च शिक्षित वर्ग के कुछ तथाकथित मानवतावादी कार्यकर्ता अचानक इन घुसपैठियों के पक्ष में खड़े हो जाते हैं और वे बड़ी-बड़ी मानवाधिकार संबंधी दलीलें देकर अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं और अवैध घुसपैठियों के प्रति हमदर्दी दिखाने लगते हैं । जबकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है, कोई अंतरराष्ट्रीय शरणस्थली नहीं, जहाँ कोई भी कभी भी आकर बस जाए। स्वतंत्रता के बाद से अब तक गरीबों के उत्थान और गरीबी उन्मूलन के नाम पर अनेक योजनाएं बनाई गई और लागू भी की गई, परंतु दुख की बात है यह कि देश में गरीबी कम होने के बजाय लगातार बढ़ती ही गई। इसका एक कारण अवैध घुसपैठ भी माना जाना चाहिए । वर्षो से पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठिये न केवल गरीब तबके के हितों पर चोट पहुँचाते आ रहे हैं, बल्कि कई बार घुसपैठियों के भेष में आतंकी देश के भीतर प्रवेश कर निर्दोष नागरिकों का रक्तपात करते हैं और राष्ट्र की सुरक्षा व अस्मिता को गंभीर खतरे में डालते हैं ।



अतः अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने के मुद्दे पर पूरे देश को तथा सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सरकार का समर्थन करना चाहिए न कि घुसपैठियों की पैरवी कर सरकार के कदमों का विरोध कर अदालत में चुनौती देना चाहिए ! अवैध घुसपैठियों का समर्थन करना देशहित के विरुद्ध है ।

**अरविंद रावल**

# सिस्टम को झकझोर देने वाला एक वचनः 'यह मेरी गलती है'

**[ जनता का दर्द फाइलों में नहीं— एक इंसान की आँखों में पढ़ा गया ]**

**[ दमोह मप्र की वह रात, जिसने दिखाया असली प्रशासन क्या होता है ]**

सर्द हवा उस रात सिर्फ तापमान नहीं गिरा रही थी, वह व्यवस्था की सड़ चुकी परतों को भी उधेड़ रही थी। मध्यप्रदेश के दमोह के जिला अस्पताल के बाहर फुटपाथ पर बैठे वे लोग सिर्फ ठंड से नहीं जूझ रहे थे, वे उस तंत्र की बेरहमी से भी लड़ रहे थे, जो फाइलों में 'जनहित' की दास्तानें लिखता है, लेकिन जमीन पर जरूरतमंदों के सामने ताले झुलाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग खड़ा होता है। रैन बसेरे जैसा आश्रय, जो किसी भी शहर की करुणा का प्रतीक होना चाहिए–वहाँ बेइंतजामी इतनी गहरी थी कि भीतर शराबियों की मौज थी और बाहर मरीजों के परिजन ठिठुरते हुए। भव्य इमारतें, भारी बजट, चमकदार योजनाएँ, और बीचों-बीच इंसानियत का दम घुटता हुआ दृश्य। और यह सब तब तक किसी की नजर में नहीं आता, जब तक देखने की नीयत वाला कोई न पहुंच जाए। उस रात ऐसा ही हुआ– बिना सूचना, बिना कैमरे और बिना औपचारिक तामझाम के दमोह जिले के जिलाधीश सुधीर कोचर वहाँ पहुंचे। उनके पहुँचते ही एक युवक फफकता हुआ पैरों में गिर पड़ा। उसके आँसू सिर्फ उसकी ठंड नहीं थे, बल्कि व्यवस्था की पत्थर जैसी संवेदनहीनता का सच थे। उसने बताया–दरवाज़ा बंद, कर्मचारियों का बेरहम जवाब– 'जगह नहीं है।' माँ अस्पताल में भर्ती, और वह बाहर जमा देने वाली हवा में रात काटने को मजबूर। यह दृश्य किसी भी जागे हुए अंतःकरण को झकझोर देता–और कलेक्टर कोचर वे नहीं, जो सिस्टम की लापरवाही को नियति मानकर आगे बढ़ जाएँ। उन्होंने न किसी और पर उंगली उठाई, न बहानों का किला खड़ा किया। आरोपों की ढाल ओढ़कर छिप जाने के बजाय, उन्होंने वह किया जिसे सत्ता में बैठे लोग अक्सर याद भी नहीं करते–उन्होंने गलती की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। जनता के बीच हाथ जोड़कर खड़े हुए और साफ कहा–' यह मेरी गलती है, मेरी जवाबदेही है।' भारतीय प्रशासनिक इतिहास में ऐसे क्षण मोती की तरह दुर्लभ हैं, जब कोई अधिकारी खुद को कटघरे में खड़ा कर जनता के सामने सिर झुकाकर क्षमा माँगे। पर असली सार माफी में नहीं था, असली सार उस माफी को सुधार की दिशा में पहले कदम में बदल देने में था। न यह कोई भावुक अभिनय था, न बनावटी रोष, न कैमरों के लिए रचा गया दृश्य। यह वह पल था जब एक इंसान ने अपनी कुर्सी के अहं से ऊपर उठकर इंसानियत को चुना। और फिर–उसी रात सब बदल गया। ताले खुले, शराबियों को बाहर निकाला गया, गद्दे साफ हुए, रज़ाइयाँ बाँटी गईं। नई व्यवस्था बनी–24 घंटे खुला रैन बसेरा, हर रात की निगरानी, हर कर्मचारी की स्पष्ट जवाबदेही। यह सिर्फ आदेशों की श्रृंखला नहीं थी–यह मानसिकता में आया तेज, निर्णायक और ईमानदार परिवर्तन था। हमारे देश में इमारतों की कोई कमी नहीं, करोड़ों के बजट भी हैं और योजनाओं से भरे चमकदार दस्तावेज़ भी। पर इन सबके बीच जो चीज़ अक्सर गुम रहती है, वह है–ज़मीर। जब ज़मीर सोता है, तो ताले लगते हैं; ज़मीर जाग जाए तो ताले खुद शर्म से टूट जाते हैं। दमोह की उस रात भी यही हुआ–एक अधिकारी का जागा हुआ ज़मीर पूरे तंत्र के लिए एक तेज़, चुभती हुई चेतावनी बनकर उठ खड़ा हुआ। उस एक जागरण ने दिखा दिया कि सिस्टम को बदलने के लिए बड़ी बैठकों या भारी भरकम आदेशों की नहीं, सिर्फ़ एक जागी हुई आत्मा की ज़रूरत होती है। अधिकारी दो तरह के होते हैं–एक वे, जो सिर्फ़ कुर्सी से शासन करते हैं; जिनके लिए सत्ता एक ऊँची दीवार भी है और सुविधाओं का सुरक्षा कवच भी। ऐसे लोग फ़ाइलों की दुनिया से बाहर झाँकना भी नहीं चाहते। और दूसरे वे, जो कुर्सी नहीं, ज़मीर से शासन करते हैं–जो रात के धुँधलके में भी सड़क पर उतरने का साहस रखते हैं, जो किसी अनजान मुसाफ़िर की ठिठुरन को अपनी नींद की बेचैनी समझते हैं, और जिनके लिए किसी गरीब की परेशानी मात्र 'मामला' नहीं, बल्कि कर्तव्य की पुकार होती है।

सुधीर कोचर ठीक इसी दूसरी श्रेणी के अधिकारी हैं, जिनके लिए प्रशासन सेवा है, प्रदर्शन नहीं; और जिनकी पहचान आदेशों से नहीं, उनके ज़मीनी कर्मों से होती है। उनकी इस कार्रवाई ने एक गहरी और दूर तक सुनाई देने वाली सीख छोड़ी–चूक चाहे किसी एक कर्मचारी की हो या पूरी व्यवस्था की, सच्चा अधिकारी वही है जो साहस के साथ कह सकेः 'जिम्मेदार मैं हूँ।' यह वाक्य किसी पद का नहीं, यह वाक्य किसी पद की गरिमा नहीं बताता, बल्कि उस व्यक्ति के भीतर बसे नेतृत्व के असली चरित्र का परिचय है। ऐसे अधिकारी बदलाव की बातें नहीं करते, वे उसे अपनी मौजूदगी से महसूस कराते हैं। वे सुधार को फाइलों की पंक्तियों में नहीं, बल्कि ज़मीन पर उतरकर, लोगों के जीवन में दिखने वाले परिणामों में लिखते हैं। दमोह की उस रात ने यह सच उजागर कर दिया कि सुधार न तो भारी-भरकम आदेशों से आते हैं, न करोड़ों के बजटों से, और न ही जटिल योजनाओं से। असली सुधार तभी जन्म लेते हैं, जब कोई एक व्यक्ति दृढ़ होकर ठान ले कि 'अब और नहीं।' जब किसी इंसान की पीड़ा को वह आंकड़ों की ठंड में नहीं, संवेदना की गर्मी में महसूस करे। और यह बदलाव सिर्फ एक रैन बसेरे की सफाई नहीं करता–यह उस सोच के जंग लगे ताले तोड़ता है, जो अक्सर कंधे उचकाकर कह देती है– 'ये मेरा काम नहीं। ' आज दमोह का रैन बसेरा सचमुच गर्म है–रजाइयाँ सिर्फ शरीर नहीं बचा रहीं, वे विश्वास को भी पुकार रही हैं। और शायद इसी पल किसी दूर जिले का कोई अधिकारी यह सोच रहा होगा कि जनता का दर्द कोई फाइल की प्रविष्टि नहीं–उसकी अपनी जिम्मेदारी है। यह घटना सिर्फ एक शहर का प्रसंग नहीं, बल्कि एक चेतावनी है–कि पद की कीमत तभी है, जब वह जनता की परेशानी को अपनी समस्या बना ले, अपनी नींद हराम करने लायक समझे। सुधीर कोचर ने उस रात सिर्फ रैन बसेरे के ताले नहीं तोड़े–उन्होंने पूरे सिस्टम को यह आईना दिखा दिया कि असली प्रशासन काग़ज़ी आदेशों से नहीं, जागी हुई संवेदनाओं से चलता है। उन्होंने साबित कर दिया कि जवाबदेही दूसरों पर थोप देने का नाम नहीं, खुद आगे बढ़कर रास्ता बनाने का साहस है। यह जीत किसी एक अधिकारी की नहीं, उस जिंदा ज़मीर की है जो बार-बार याद दिलाता है कि सत्ता की असली कीमत जनता की राहत और उसकी सुरक्षित रातों से तय होती है। कभी-कभी एक ही रात काफी होती है यह बताने के लिए कि नेतृत्व रिपोर्टों और आँकड़ों से नहीं गढ़ा जाता–नेतृत्व तब जन्म लेता है जब कोई एक व्यक्ति किसी ठिठुरते मुसाफ़िर के आँसू अपने दायित्व की पुकार समझ ले। और दमोह की वह रात इसी सच्चाई का सबसे चमकदार, सबसे निर्भीक प्रमाण बनकर उभरी।

**प्रो. आरके जैन**

# आरक्षण पर सवाल नहीं, जाति पर सवाल उठाने का समय है

**[ संविधान जिंदा है, पर क्या हम जिंदा हैं उसके आदर्शों में? ]**

**[ क्या हम 'हम भारत के लोग' में सचमुच सबको शामिल कर पाए? ]**

चैत्यभूमि पर कदम रखते ही एक अजीब-सी हलचल सी अंदर उठती है–जैसे यह धरती अपनी गूँज में कह रही हो, 'यहीं से जन्मी थी इंसान की गरिमा और न्याय की नई कहानी।' समुद्र की हवा भी उस पल में सामान्य नहीं लगती; उसमें एक गंभीरता, एक सम्मान, एक अडिग सन्नाटा घुला होता है। और फिर अचानक आपके सामने खुलता है वह महासागर–नीली किताबों का, नीले झंडों का, उन चेहरों का जिनकी आँखों में आँसू नहीं, सदियों का संघर्ष बोलता है। 'जय भीम' की गर्जना कोई नारा नहीं लगती; वह स्मरण है उस क्रांति का, जिसने टूटे हुए मनुष्य को फिर से मनुष्य बनाया। यह एक क्रांति का वार्षिक पुनर्जन्म है। यह उस दिन की स्मृति है जब 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली के 26 अलीपुर रोड पर डॉ. बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की साँसें थमीं, पर उनके विचार भारतीय संविधान की नसों में अमर होकर दौड़ने लगे। उन्होंने मरकर भी मरना स्वीकार नहीं किया। वे अंतिम सांस तक लड़ते रहे–जाति की ज़ंजीरों से, छुआछूत की घृणा से, अंधविश्वास की काली सुरंगों से, और सबसे कठिन युद्ध–अज्ञान की दीवारों से। जिस समाज ने उन्हें पानी तक न छूने दिया, उसी समाज को उन्होंने दुनिया का सबसे आधुनिक और मानवतावादी संविधान सौंपकर सिर ऊँचा करने का अवसर दिया। जिस समाज ने मंदिर के दरवाज़े बंद किए, उसी समाज को उन्होंने बुद्ध की शरण में ले जाकर गरिमा, तर्क और समानता का खुला आकाश दे दिया। 14 अक्टूबर 1956–नागपुर की दीक्षाभूमि पर जब उन्होंने 22 प्रतिज्ञाएँ लीं और लाखों लोगों को बौद्ध धर्म ग्रहण कराया, वह केवल धर्म परिवर्तन नहीं था–वह सदियों की दासता, अपमान और अन्याय का महासंस्कार था। और दो महीने बाद जब वे शांत हुए, तब भी एक संदेश छोड़ गए–मैंने बौद्ध धर्म इसलिए चुना क्योंकि यह बराबरी, करुणा और विज्ञान पर आधारित है। आज जब हम महापरिनिर्वाण दिवस मनाते हैं, प्रश्न यह नहीं कि बाबासाहेब हमारे बीच नहीं हैं–प्रश्न यह है कि क्या हम उनके विचारों के बीच खड़े हैं? जिस संविधान की रक्षा के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया, आज उसी पर बार-बार हमले हो रहे हैं। जिस समता की परिकल्पना उन्होंने की, आज वही समता खोखली करने की कोशिशें झेल रही है। आरक्षण पर फैलाया जाने वाला हर झूठ, उनके संघर्ष की नींव पर लूटा गया हमला है। उन्होंने स्पष्ट कहा था–आरक्षण कोई भीख नहीं, यह प्रतिनिधित्व का अधिकार है। फिर भी आज सवाल पूछा जाता है–'आरक्षण कब तक?' जवाब साफ है–जब तक जाति है, जब तक भेदभाव है–तब तक आरक्षण रहेगा। और यदि कोई इसे खत्म करना चाहता है, तो पहले इस देश से जाति को खत्म करे। बाबासाहेब ने शिक्षा को केवल मार्ग नहीं, मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार कहा।

'शिक्षित बनो' उनका पहला आदेश था, और आज उनके सपनों के सहारे लाखों-करोड़ों डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रोफेसर तैयार हो रहे हैं। लेकिन सच यह भी है कि गाँवों में अब भी दलित बच्चियाँ स्कूल जाने से पहले दूसरों के घरों की दहलीज़ पर झाड़ू लगाती दिखती हैं। विश्वविद्यालयों में अब भी दलित छात्रों को अपमान और अलगाव की आग में धकेला जाता है–कभी-कभी इतनी गहरी कि वह जीवन छीन लेती है। यह सिर्फ बाबासाहेब का नहीं, हमारी पूरी सभ्यता का अपमान है। यह हमारी सामूहिक नाकामी है कि हम अभी तक उनके सपनों का भारत नहीं बना पाए। महापरिनिर्वाण दिवस केवल श्रद्धांजलि का संस्कार नहीं–यह आत्मा को झकझोर देने वाला आत्ममंथन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बाबासाहेब की जलायी हुई मशाल अभी बुझी नहीं; वह आग हमारे भीतर जलनी चाहिए। जब तक जाति के नाम पर एक भी इंसान का आत्मसम्मान कुचला जाता है, तब तक बाबासाहेब की आत्मा को चैन नहीं मिलने वाला। उन्होंने कहा था–'मैं ऐसी पार्टी बनाऊँगा जो कमजोरों की होगी।' आज जरूरत है कि हम उस विचार को सिर्फ चुनावी पोस्टर न बनाएँ, बल्कि उसे एक आंदोलन, एक मिशन, एक प्रतिज्ञा बनाएं। 6 दिसंबर को चैत्यभूमि जाना महत्वपूर्ण है, पर उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है उस नीली किताब को फिर से खोलना। संविधान को पढ़ना–उसकी प्रस्तावना को ऊँची आवाज़ में दोहराना– 'हम भारत के लोग...' और यह संकल्प लेना कि इस 'हम' से कोई भी बाहर न धकेला जाए–न जाति से, न धर्म से, न लिंग से। बाबासाहेब ने बौद्ध धर्म अपनाते हुए कहा था– 'मैं जन्म से हिंदू पैदा हुआ था, पर मैं हिंदू होकर मरूँगा नहीं।' आज हमें भी यही प्रतिज्ञा लेनी है– कि हम जन्म से जो भी हों, पर अन्याय, भेदभाव, और असमानता के सामने झुककर कभी नहीं मरेंगे। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बाबासाहेब कोई दैवी शक्ति नहीं, बल्कि अपनी दृढ़ इच्छा, बुद्धि और संघर्ष से महान बने हुए एक साधारण जन्मे असाधारण इंसान थे। एक ऐसा इंसान जो दर्द से टूटा, लेकिन उसी दर्द को हथियार बनाकर उठ खड़ा हुआ। एक ऐसा इंसान जिसकी जिद, जिसकी पढ़ाई, जिसकी बेचैनी और जिसकी संघर्ष-भरी रातें–लाखों लोगों की सुबह बन गईं। हम उनकी जयंती पर नारे बहुत लगाते हैं, लेकिन उनकी पुण्यतिथि हमें खामोशी में खुद से सबसे कठिन सवाल पूछने पर मजबूर करती है– हमने उनके लिए क्या किया? क्या हम सच में उनके विचारों के वारिस हैं, या सिर्फ उनके नाम को इस्तेमाल करने वाले सुविधाजनक वारिस? जब इस देश में एक भी व्यक्ति अपनी जाति की वजह से अपमानित होता है–समझ लीजिए, बाबासाहेब का परिनिर्वाण पूरा नहीं हुआ। उनका वास्तविक महापरिनिर्वाण तभी होगा जब जाति की अंतिम ईंट गिर जाएगी, जब समता सचमुच धरती पर उतरेगी, जब संविधान सिर्फ किताब नहीं, जीती-जागती जिंदगी बन जाएगा। तब तक बाबासाहेब जीवित हैं–हमारी लड़ाई में, हमारी आवाज़ में, हर 'जय भीम' की प्रतिध्वनि में। इसलिए इस 6 दिसंबर को सिर्फ फूल चढ़ाने मत जाना– अपने भीतर की जाति को मारने जाना। अपने भीतर के मनुवाद को अग्नि देने जाना। और लौटते समय यह संकल्प लेकर आना– कि अबकी बार, बाबासाहेब का सपना पूरा करके रहेंगे। जय भीम। जय भारत। जय संविधान।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मनबढ़ो ने निर्मित हो रहे आरसीसी रोड तोड़ा एसडीएम से शिकायत



**सहजनवां-** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मदासपट्टी टोला भेलउर में प्रधान द्वारा सरकारी भूमि में कराए जा रहे आरसीसी रोड को शुक्रवार की रात्रि में मनबढ़ो ने तोड़ कर फेक दिया। जिसकी शिकायत प्रधान ने उपजिलाधिकारी सहजनवा से किया है। प्रधान ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत धर्मदासपट्टी टोला भेलउर में वर्तमान समय में सरकारी भूमि में 50 मीटर आरसीसी का निर्माण कराया जा रहा है। शुक्रवार की रात्रि में मनबढ़ो ने निर्मित हो रहे आरसीसी रोड को तोड़कर उसमें लगे ईट को फेक दिया है। प्रधान मीना यादव ने उपजिलाधिकारी और सहजनवा थाने में शिकायत कर कारवाई कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन तिवारी ने कहा कि प्रकरण की जानकारी मिली है जांच कराकर दोषियों पर कारवाई की जायेगी।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी पर मुकदमा हुआ दर्ज




**गोलाबाजार गोरखपुर-** गोला थाना अंतर्गत ग्राम हरपुर निवासी रामकृपाल सिंह पुत्र स्व रामपति सिंह ने थाने में तहरीर देकर सगे भाई व भतीजे के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है प्राप्त विवरण के अनुसार पीड़ित के अनुसार उसके दरवाजे पर चार बोरा धान व एक ट्राली मिट्टी रखी थी। पीड़ित के सगे भाई जनार्दन सिंह व भतीजे अभिचल सिंह पुत्र जनार्दन सिंह ने मिलकर धान के बोरों को जमीन पर बिखेर दिया व मिट्टी को पाट लिए। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर उक्त दोनों आरोपी बोले कि साले अभी तो सिर्फ धान बिखेरे हैं अभी तुम्हारी हत्या करना बाकी है, जिस दिन शादी निपटा लेंगे उसके अगले दिन ही तुम्हारी हत्या कर देंगे। पीड़ित काफी डरा सहमा है। उक्त प्रकरण में थाना गोला में पीड़ित की तहरीर पर उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352,351(3) व 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज हो गया है।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी—गैसड़ी पुलिस और स्स्क्की संयुक्त टीम लगातार कर रही सघन चेकिंग



**बलरामपुर।** इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस टीम और स्स्क्की संयुक्त टीम द्वारा लगातार गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में संयुक्त टीमें बॉर्डर क्षेत्र में दिन-रात सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। संयुक्त टीम द्वारा चेक पोस्टों पर हर आने-जाने वाले व्यक्ति और वाहन की कड़ी जांच की जा रही है ताकि सीमा पार होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जा सके। इंडो-नेपाल बॉर्डर के मुख्य मार्गों पर स्थित पुलिस और SSB के चेकपोस्टों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है, जहां टीमें सुरक्षा मानकों के तहत गहन पड़ताल कर रही हैं। इसके साथ ही पुलिस और SSB द्वारा सीमा से सटे गांवों में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं, जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। बॉर्डर क्षेत्र में इस संयुक्त अभियान से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चौकस हुई है तथा अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में पुलिस और SSB की भूमिका उल्लेखनीय साबित हो रही है।

# ऑनलाइन हाजिरी व गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में सचिवों का विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर-** प्रदेश ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को गोला विकासखंड कार्यालय पर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर धरना-प्रदर्शन कर ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य किए जाने तथा गैर-विभागीय कार्यों में लगाए जाने का विरोध जताते हुए चेतावनी दिया कि यदि मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के तहत पांचवे दिन शुक्रवार को भी ग्राम सचिवों ने ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों की नेटवर्क समस्या के कारण कार्य व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। वहीं, गैर विभागीय कार्यों में लगाए जाने से ग्रामीण विकास से जुड़े मूल दायित्वों का निर्वहन बाधित होता है। सचिवों ने कहा कि संगठन के प्रांतीय नेतृत्व की ओर से शासन को कई पत्र भेजे जाने के बावजूद मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। सचिवों ने नए फेशियल रिकॉग्निशन आधारित ऑनलाइन उपस्थिति सिस्टम, संसाधनों के अभाव में कार्यभार बढ़ाए जाने, गैर-विभागीय कार्यो- जैसे फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, आयुष्मान कार्ड, पेंशन सत्यापन, कायाकल्प कार्यक्रम और पराली प्रबंधन के काफी दबाव है। 10 दिसंबर सचिव निजी वाहनों से सरकारी कार्य नहीं करेंगे, 15 दिसंबर को सभी सचिव अपने डोंगल विकासखंड कार्यालयों में जमा करेंगे। चेताया कि यदि उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे पूर्ण कार्य बहिष्कार और अनवरत धरना शुरु करने को बाध्य होंगे। वहीं सभी सचिव विरोध स्वरूप जिले के प्रशासनिक ग्रुपों से बाहर निकल गये हैं। सचिवों के द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह को सौंपा गया। इस दौरान सचिव उपेंद्र यादव, रविन्द्र गौड़, लालचंद, देवीदयाल, अच्युतानंद शर्मा, मुनील सिंह, संजय कुमार, विकास कुमार, निखलेश भारती उपस्थित रहें।

# अध्यक्ष महेश दुबे ने एक ही दिन में किया 5 प्रमुख कार्यों का शिलान्यास

●नगर पंचायत वासियों में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर खजनी तहसील क्षेत्र अन्तर्गत स्थित नगर पंचायत उनवल में विकास कार्यों को नई गति देते हुए, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश कुमार दुबे ने एक ही दिन में विभिन्न वार्डों में पांच निर्माण कार्यों का शिलान्यास कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नगर पंचायत में चल रहे इस विकास कार्यों के अभियान में नाली और सीसी रोड के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। नगरपंचायत एड.अध्यक्ष महेश दुबे ने बताया कि उनका उद्देश्य बिना किसी जाति-धर्म के भेदभाव के, 'सबका साथ, सबका विकास' की तर्ज पर उनवल को एक आदर्श नगर पंचायत बनाना है। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्य वार्ड सभासदों की सलाह और आम जनता की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर स्वीकृत किए गए हैं।

इन वार्डों को मिली सौगातः-अध्यक्ष द्वारा जिन 5 कार्यों का शिलान्यास किया गया, वे इस प्रकार हैंः

वार्ड नं. 2 - देश के वीर शहीद दिवाकर यादव जी के आवास तक नाली और सड़क का निर्माण।

वार्ड नं. 6- नाई टोला में नाली निर्माण कार्य।

वार्ड नं. 8- जल निकासी हेतु नाली निर्माण।

वार्ड नं. 12- सीसी रोड का निर्माण।(झझवा)

वार्ड नं 12- सीसी रोड (ट्रांसफार्मर रोड)

उस दौरान वार्ड सभासद दिनेश शर्मा (दाऊ),योगेश वर्मा, यसवंत साहनी,राजन पासवान, पूर्व सभासद शिवशंकर राजभर,अवधेश शर्मा, चन्द्रशेखर साहनी,हीरा शर्मा, राजेश राजभर, चन्द्रभान गुप्ता सहित अन्य स्थानीय लोगों ने अध्यक्ष की इस कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें 'विकास पुरुष' की संज्ञा दी है। लोगों का कहना है कि इन सड़कों और नालियों के बन जाने से जलभराव और आवागमन की समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी।

# अभियान का उद्देश्य जिले में परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारु और मानक अनुरूप बनाना-एआरटीओ प्रशासन

●जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का नहीं किया जाएगा समझौता-एआरटीओ प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एआरटीओ प्रशासन गोण्डा द्वारा अवैध रूप से संचालित एवं मानक के विपरीत चल रहे भारी वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय के नेतृत्व में शुक्रवार को जिले के विभिन्न मार्गों पर कार्रवाई करते हुए कुल पाँच गन्ना लोडेड ट्रकों को चेक किया गया। इनमें से अधिकांश वाहन ओवरहाइट, बिना रिफ्लेक्टर, बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) तथा ओवर हैंगिंग जैसी गंभीर कमियों के साथ चल रहे थे। सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि ओवरहाइट व ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, साथ ही बिना रिफ्लेक्टर एवं बिना एचएसआरपी के वाहन रात के समय सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। इसलिए विभाग द्वारा ऐसे वाहनों पर सख्त कार्यवाही करते हुए परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।अभियान के दौरान एआरटीओ टीम द्वारा एक गन्ना लदा ट्रक कटरा-बलरामपुर मार्ग स्थित कौड़िया क्षेत्र में सीज किया गया। यह ट्रक निर्धारित मानक से अधिक ऊँचाई और बिना सुरक्षा उपकरणों के संचालित किया जा रहा था। इसी क्रम में दो पिकअप वाहन, जो खरगूपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित पाए गए, उन्हें भी मौके पर सीज कर थाना परिसर में जमा कराया गया।

एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि इस विशेष जांच अभियान का उद्देश्य जिले में परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारु और मानक अनुरूप बनाना है। अवैध, असुरक्षित तथा नियम विरुद्ध संचालन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण लगाए, एचएसआरपी का उपयोग करें, ओवरलोड व ओवरहाइट न करें तथा सभी परिवहन नियमों का पालन करें। जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जाएगा, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# ग्राम पंचायत अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा विस्तृत ज्ञापन

● अतिरिक्त कार्यभार, संसाधनों की कमी और ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन, विकासखंड तुलसीपुर यूनिट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन भेजकर ग्रामीण विकास तंत्र में व्याप्त व्यावहारिक समस्याओं को उजागर किया है। ज्ञापन में ग्राम सचिवों (ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी) को उनके मूल दायित्वों से इतर लगातार बढ़ रहे कार्यभार तथा तकनीकी संसाधनों की कमी के बीच ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने पर गहरी आपत्ति प्रकट की गई। ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश का ग्रामीण ढांचा पंचायत राज व ग्रामीण विकास विभाग पर आधारित है। गांवों के समग्र विकास, लाभार्थी योजनाओं की निगरानी, फील्ड निरीक्षण, जन शिकायतों का निस्तारण, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा शासन की प्राथमिक योजनाओं को मूर्त रूप देना ग्राम सचिवों की मूल जिम्मेदारी है। ऐसे में बिना संसाधन उपलब्ध कराए अतिरिक्त कार्य सौंपना अनुचित है। संघ ने शासनादेश संख्या 33/1-2025 दिनांक 03 नवंबर 2025 का हवाला देते हुए कहा कि हाल ही में विभिन्न जिलों में ग्राम सचिवों को ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि अधिकांश ग्राम पंचायत कार्यालयों में इंटरनेट, कंप्यूटर, टैबलेट या बिजली की समुचित व्यवस्था तक नहीं है। कई सचिवों को प्रतिदिन 15-30 किलोमीटर फील्ड में घूमना होता है, ऐसे में कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यालय अध्यक्ष की भूमिका निभाते हैं और अपना अधिकांश समय फील्ड में बिताते हैं। ऐसे में जिला या ब्लॉक स्तर पर भी उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता पूरी तरह अव्यवहारिक और कार्यकुशलता के विपरीत है। संघ ने साफ कहा कि सचिवों को किसी भी कार्यालय में प्रधानाचार्य/अध्यक्ष की तरह प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने की बाध्यता देना न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि ग्रामीण विकास कार्यों को बाधित भी करता है। इसके साथ ही संगठन ने मांग रखी कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत सचिवों के लिए एक समान, यथार्थ एवं व्यावहारिक उपस्थिति प्रणाली लागू की जाए ताकि फील्ड कार्य प्रभावित न हों। संघ ने अनुरोध किया कि शासन फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के दायित्वों और वास्तविक चुनौतियों को समझकर निर्णय ले। अंत में संघ ने यह भी कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

# बहादुरपुर सरकारी कॉलोनी में अवैध कब्जों पर डीएम की सख्ती

●25 अधिकारियों को तुरंत मिले आवास, प्रशासनिक व्यवस्था हुई मजबूत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीएम को सूचना मिली थी कि सरकारी आवास उपलब्ध होने के बावजूद कई अधिकारी वर्षों से प्रतीक्षा सूची में हैं, जबकि बहादुरपुर सरकारी आवासीय कॉलोनी में कई मकान अनधिकृत कब्जे में पड़े हुए हैं। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एक विशेष टीम गठित की। टीम ने अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों की पहचान की और कब्जा मुक्त कराया। इस कार्रवाई के बाद प्रशासन ने बिना विलंब किए कुल 25 अधिकारियों/कर्मचारियों को सरकारी आवास आवंटित कर दिया। इनमें जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक आयुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं। अनधिकृत कब्जों के चलते कई अधिकारियों को लंबे समय से होटल या निजी मकानों में रहना पड़ रहा था। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने बहादुरपुर सरकारी कॉलोनी का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कॉलोनी की साफ-सफाई, रखरखाव और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को आवास आवंटित किए गए हैं, वे तीन दिनों के भीतर अपने आवास में प्रवेश सुनिश्चित करें। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी कॉलोनियों में साफ-सफाई और व्यवस्था किसी भी स्थिति में शिथिल नहीं होनी चाहिए। डीएम की इस पहल को अधिकारियों ने सराहा है। आवास आवंटन से उनकी आवासीय समस्या दूर हुई है और इससे उनकी कार्यकुशलता, समयबद्धता और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जिलाधिकारी के इस कदम ने स्पष्ट संदेश दिया है कि प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# झोला छाप डॉक्टरों की भरमार कही विभागीय पनाह तो नही ?

●बेलगाम झोला छाप डॉक्टरों की भरमार मामला तहसील खजनी का

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर तहसील खजनी क्षेत्र में गांव से लेकर मुख्य मार्केटों तक झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है। आलम यह है कि एक-एक गांव में तीन से चार दुकाने झोलाछाप डाक्टरों के चल रहे हैं। बिना किसी डिग्री के छोटे से छोटे और बड़े से बड़े हर मर्ज का इलाज इनके यहां होता है। अगर मरीज थोड़ा ठीक भी है और इनके इलाज से अगर वो बीमार पड़ जाए तो इससे इनको कोई परवाह नहीं है।इन झोलाछाप डॉक्टरों का लक्ष्य सिर्फ चंद पैसे कमाना ही होता है। यही वजह है कि आए दिन गरीब तबके के लोग इन डॉक्टरों के शिकार हो जाते हैं। जिससे वे अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। इसके बावजूद भी ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें दिनों दिन बढ़ती जा रहीं हैं। इन फर्जी डॉक्टरों द्वारा मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। कस्बा में जगह-जगह बिना रजिस्ट्रेशन वाले डॉक्टर क्लीनिक अस्पताल चला रहे हैं। इतना ही नहीं क्लीनिकों के नाम बड़े शहरों के क्लीनिकों की तर्ज पर रखते है, जिससे लोग आसानी से प्रभावित हो जाते है। मरीज अच्छा डॉक्टर समझकर इलाज करवाते हैं, लेकिन उन्हें इस बात का पता नहीं रहता है कि उनका इलाज भगवान भरोसे किया जा रहा है। फर्जी डॉक्टरों के लिए यह धंधा काफी लाभदायक है। मरीजों को लुभाने के लिए बड़े डॉक्टरों की तर्ज पर जांच करवाते हैं और जांच के आधार पर मरीज का इलाज करते हैं। जिससे मरीज को लगे कि डॉक्टर सही हैं एवं उनका इलाज सही तरीके से किया जा रहा है लगभग हर चौराहा में एक-दो फर्जी क्लीनिक जांच लैब चल रहे हैं। फर्जी डाक्टरों ने इस धंधे को और लाभदायक बनाने के लिए गोरखपुर के कुछ निजी अस्पतालों से भी सांठगांठ कर रखी है। मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होने पर गोरखपुर भेज देते हैं, जहां से उन्हें कमीशन के तौर पर फायदा होता है। फर्जी डॉक्टरों का कस्बा में ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी धंधा फल-फूल रहा है। फर्जी डॉक्टर ग्राम स्तर पर शाखाएं जमाए हुए हैं और बड़े फर्जी डॉक्टर वहीं दवा लिखते है जिनमें उन्हें कमीशन मिलता है। अक्सर ऐसे मामले देखने को मिलते है कि फर्जी डॉक्टरों के इलाज से मरीज की जान पर आफत आ जाती है और फर्जी डॉक्टर अपने बचाव के लिये गोरखपुर देवरिया प्राईवेट अस्पताल रेफर कर देते है। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन को इनकी भनक तक नहीं है कि क्षेत्र में फर्जी डॉक्टरों द्वारा कितने बिना पंजीकरण के क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। यदि शीघ्र ही फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो इनकी संख्या बड़ी तादाद में बढ़ जाएगी और मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता रहेगा। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन को उचित कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे आम बीमार तीमारदारों को फर्जी डॉक्टर के चुंगल में फंसने से बचाया जा सके। जिम्मेदारो वार्ता करने का प्रयास किया गया नहीं हो सका जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

# जिलाधिकारी ने की सैनिक कल्याण बन्धुओं के साथ समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

●सैनिक कल्याण बन्धुओं की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें समाधान अधिकारी-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक कल्याण बन्धुओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी लंबित समस्याओं, आवश्यक सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना रहा।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी सैनिक कल्याण बंधुओं से क्रमवार उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान व हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि सैनिकों एवं उनके परिवारों से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हर हाल में किया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किये कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न होने पाए तथा सभी लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से विभागवार समस्याओं की समीक्षा करते हुए समाधान हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले में चल रही विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों, पेंशन संबंधी प्रकरणों, रोजगार अवसरों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। नगर मजिस्ट्रेट श्री पंकज वर्मा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री विनय कुमार सिंह ने भी अपने-अपने विभागों के स्तर पर सैनिक कल्याण से संबंधित उपलब्धियों और प्रस्तावित कार्यवाहियों की जानकारी साझा की।बैठक में आए सैनिक कल्याण बंधुओं ने प्रशासन द्वारा की जा रही पहलों की सराहना की तथा अपनी आवश्यकताओं एवं सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या को संवेदनशीलता के साथ लिया जाएगा और उसके समाधान के लिए संबंधित अधिकारी तत्परता से कार्य करेंगे।बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सैनिक कल्याण बंधुगण उपस्थित रहे।

# हैंडपंप घोटाले ने खोली पोल, अब उठ रही मांग- जिले के सभी 16 ब्लॉकों में हो व्यापक जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोंडा।** जिले के एक ब्लॉक में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर 3.48 लाख रुपये के घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद अब मामला जिला-व्यापी चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों व सामाजिक संगठनों का कहना है कि अगर प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर पूरे जनपद के 16 विकासखंडों में इसी तरह की जांच कराए, तो करोड़ों रुपये का गबन उजागर हो सकता है। वर्तमान में गोंडा जिले में कुल 16 विकासखंड हैं–1. बभनजोत, 2. बेलसर, 3. छपिया, 4. कर्नलगंज, 5. हलधरमऊ, 6. इटियाथोक, 7. झंझरी, 8. कटरा बाज़ार, 9. मनकापुर, 10. मुजेहना, 11. नवाबगंज, 12. पंडरी कृपाल, 13. परसपुर, 14. रुपईडीह, 15. तरबगंज और 16. वजीरगंज।

ग्रामीणों का कहना है कि इन सभी ब्लॉकों में वर्षों से हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, हिस्से बदलने और श्रमशुल्क के नाम पर बड़ी धनराशि स्वीकृत होती रही है, लेकिन जमीनी हकीकत में कई स्थानों पर बिना काम भुगतान, कागज़ी मरम्मत, और फर्जी बिलिंग जैसे मामलों की शिकायतें बार-बार सामने आती रही हैं।

हालिया जांच में पाया गया कि जिन हैंडपंपों की मरम्मत और रिबोर का भुगतान दर्शाया गया था, उनमें से किसी भी हैंडपंप पर वास्तविक कार्य नहीं हुआ। रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा चुकी है, जिसमें ब्लॉक स्तर के कई जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि– 'अगर इतने बड़े घोटाले का खुलासा एक ब्लॉक में हुआ है, तो बभनजोत से लेकर वजीरगंज तक सभी 16 ब्लॉकों की जांच होना बेहद जरूरी है। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और यह भी सामने आएगा कि धन किस स्तर पर और किस प्रकार फर्जी भुगतान के माध्यम से किया जा रहा है। 'जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे जिले में विशेष जांच दल (SIT) गठित करके सभी ब्लॉकों में हैंडपंप मरम्मत की फाइलों का टेक्निकल ऑडिट व भौतिक सत्यापन कराएं। फिलहाल जनता की निगाहें जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जांच सिर्फ एक ब्लॉक तक सीमित न रहकर, पूरे जिले की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मूड़ा बुजुर्ग में हुए सरकारी धन के दुरुपयोग की सीएम पोर्टल पर शिकायत




**लखीमपुर खीरी।** जनपद के विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने का मामला सीएम पोर्टल पर दर्ज कराकर जांच कराए जाने की मांग की गई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत कर्ता राधेश्याम ने सीएम पोर्टल पर की गई अपनी शिकायत में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता राधेश्याम का आरोप है कि ग्राम पंचायत में आज तक कभी भी साफ सफाई कार्य नहीं कराया गया और ना ही कभी एंटी लारवा दवा का छिड़काव ही कराया गया है। दवा छिड़काव और साफ सफाई के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर पैसा निकाल कर आपस में बंदर बांट कर लिया गया है ।इतना ही नहीं शिकायत कर्ता ने नल रिबोर एवं मरम्मत के साथ-साथ गांव में लगवाई गई अधो मानक सट्रीट लाइट के मामले की जांच कराए जाने की भी मांग की है ।ग्राम सभा में लगवाई गई इंटरलॉकिंग और खेल मैदान निर्माण में जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए गुणबत्ताविहीन निर्माण कार्य कराए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं फिलहाल मामला जांच का विषय बना हुआ है ।यदि मामले की कराई गई निष्पक्ष जांच और कराए गए विकास कार्यों का किया गया स्थलीय सत्यापन तो सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला खुलकर आएगा सामने ऐसा आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है।

### दून स्कूल में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ

दून पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमेंस्कूल के वाहन चालक और बाइक स्कूटी से आने वाले छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए जानकारी दी गई है। कार्यक्रम का संचालन विमल अवस्थी ने किया है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की समस्याओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के वाहन चालक और मोपेड से आने वाले छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रबंधक डॉ गुरमेज़र सिंह ने शीतकालीन समय में अभिभावकों से बच्चों को मोपेड न देने के साथ स्वयं विद्यालय भेजने की जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। छात्र-छात्राओं से सड़क पर तेज गति से दौड़ रहे वाहनों से बचाव क्यों लेकर गाइडलाइन का अनुपालन करने के साथ हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस रखने की बात कही है वही विद्यालय के वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने के साथ सभी वाहनों पर रेडियम प्लेट लगाकर चलाने की बात कही है।

### ऑनलाइन हाजिरी को लेकर विरोध जताते ग्राम सेवक




ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने 10 सूत्री मांग पत्र उच्च अधिकारियों को भेजा है। पंचायती अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के पदाधिकारीगण सौरभ प्रकाश सिंह, मोहित मिश्रा ,धीरज राणा, राहुल राज, रोली शुक्ला, महिमा गुप्ता सौरभ चौधरी समेत सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्य सचिव पंचायती राज, प्रमुख सचिव ग्राम विकास, आयुक्त ग्राम विकास और निदेशक पंचायती राज को मांग पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने शान द्वारा निर्धारित कार्य में प्रणाली प्रबंधन आवारा पशु को पकड़वाने समय तमाम कार्यों में लगाए जाने और कई ग्राम सभाओं का कार्यभार दिए जाने से कार्य अधिकता होने के चलते ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग कर रहे हैं धरना स्थल पर बैठकर प्रदर्शन करने से तमाम विकास कार्य अवरुद्ध हो रहे हैं जिसके चलते लोग खासे परेशान हैं।

# बिजली उपभोक्ताओं को ओटीएस के माध्यम से मिलेगी राहत सरचार्ज माफ पहली बार मूलधन में भी अधिकतम 25% की छूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर यह है कि इस बार ओटीएस में पहली बार न केवल बकाया लगने वाला ब्याज यानी सरचार्ज माफ किया जाएगा बल्कि बकाया मूलधन में भी राहत दी जाएगी पहली दिसंबर से योजना शुरू होकर अगले वर्ष फरवरी तक चलेगी - 'रविंद्र कुमार' अधिशाषी अभियंता

**निघासन खीरी।** उत्तर प्रदेश में लंबे समय से बिजली के बकाया बिलों की वसूली के लिए माननीय ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा जी ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की घोषणा की है यह योजना एक दिसंबर से शुरू होकर तीन चरणों में रहेगी खास बात यह है कि पहली बार न केवल बकाया लगने वाला ब्याज यानी सरचार्ज माफ किया जाएगा बल्कि बकाया मूलधन में भी राहत दी जाएगी। ओटीएस को 'बिजली बिल राहत योजना-2025' बताते हुए अधिशाषी अभियंता रवींद्र कुमार ने जानकारी साझा की। रविंद्र कुमार ने बताया कि योजना तीन चरणों में लागू होगी, जिसका पहला चरण एक दिसंबर से, दूसरा चरण एक जनवरी से और तीसरा चरण एक फरवरी से लागू होगा। ओटीएस के लाभ भी तीन चरणों में रहेगा उन्होंने कहा कि यह योजना जनता के लिए सरकार का उपहार है और जनसहभागिता से जुड़ी अभूतपूर्व पहल है। सरकार की मंशा है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले दबा न रहे और साथ ही राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने। योजना से जहां सरकारी खजाने में राजस्व का इजाफा होगा, वहीं घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।

**ब्याज में 100% और मूलधन में 25% की मिलेगी छूट**

रविंद्र कुमार के अनुसार योजना के तहत अगर कोई उपभोक्ता अपना बकाया बिजली बिल एकमुश्त जमा करता है तो उसे सरचार्ज में 100 प्रतिशत के साथ-साथ बकाए के मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। मूलधन में यह छूट हर चरण में अलग-अलग होगी। पहले चरण में 25%, दूसरे चरण में 20% प्रतिशत और तीसरे चरण में 15% प्रतिशत जो उपभोक्ता दिसंबर माह में पंजीकरण कर भुगतान करेंगे, उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। अधिशाषी अभियंता रवींद्र कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे योजना का लाभ पहले ही चरण में लेकर ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ उठाए। इस दौरान अधिशाषी अभियंता रविन्द्र कुमार यादव व स्टाफ की मौजूदगी रही साथ ही दौलतापुर लोधपुरवा बम्बहनपुर खैरानी दुबहा दुर्गापुरवा नंदपुरा सहित दर्जनों गांवों में कैम्प के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

**योजना से इन्हें मिलेगा लाभ -**

दो किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को।

एक किलोवॉट के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को।

बिजली चोरी के मामलों में राजस्व निर्धारण राशि के मामलों में प्रथम चरण में राजस्व निर्धारण में 50% द्वितीय मे 45% एवं तृतीय चरण में 40% की छूट मिलेगी ।

## सर अभियान के तहत तेजी से हो रहा है मतदाता पुनरीक्षण व शुद्धिकरण



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विगत चार नवम्बर से मतदाता पुनरीक्षण व उसका शुद्धिकरण का पूरे भारतवर्ष मे अभियान चलाया जा रहा है जो कि आगामी ग्यारह दिसम्बर तक बृहद अभियान चलाकर इसका शुद्धिकरण किया जाना है। जिसके तहत लखीमपुर ब्लाक व तहसील क्षेत्र के गांव भल्लिया टेडवा व रजौरा के भाग संख्या 46 उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भल्लिया मे मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, जिसमे कुल मतदाता 1050 है जबकि वहां बूथ लेवल अधिकारी रामदेवी, मंजुला शुक्ला,सुनीता पाण्डेय व माया देवी ने कडी मसक्तत के पश्चात लगभग 900 मतदाताओ के फार्मो का शुद्धिकरण कर डाटा फीड किया जा चुका है। इसके साथ ही आगामी ग्यारह दिसम्बर तक शेष बचे मतदाताओं का शुद्धिकरण कर डाटा फीड किया जायेगा।

# आगरा में जनपद के बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद:-** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग आगरा के तत्वाधान में डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में 53 वीं जवाहरलाल नेहरु बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का मण्डल स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन एम डी जैन इंटर कॉलेज हरीपर्वत,आगरा में किया गया। जिसमें जनपद फिरोजाबाद, आगरा , मथुरा एवं मैनपुरी के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जनपद फिरोजाबाद के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि मण्डल स्तरीय प्रदशनी हेतु जनपद फिरोजाबाद के माध्यमिक एवं डायट के विभिन्न विद्यालयों के जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग एवं अध्यापक संवर्ग में अश्वनी कुमार जैन के साथ डायट प्रशिक्षुओं ने एम डी जैन इंटर कॉलेज, हरीपर्वत आगरा में मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। जिसमें प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रिक पिलर करंट अलर्ट, जानवरों से कृषि की सुरक्षा यंत्र, कार्बन कैचर,जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, प्रदूषण, हाइपर लूप आदि मॉडलों का प्रस्तुतिकरण किया गया। विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा, विद्यालय के प्रधानाचार्य जी एल जैन, अनिल वशिष्ठ, आर एन, डॉ निखिल जैन के साथ निर्णायक मण्डल ने किया। जनपद फिरोजाबाद के सुनील जैन, अजीत कुमार, शिव कुमार, राजकुमार, लोकेंद्र कुमार, शिव शंकर, हेमंत कुमार, श्याम गुप्ता, यश पाल सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषक वैज्ञानिक संवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी।** हर साल 05 दिसम्बर को दुनियाभर में मिट्टी के महत्व एवं संरक्षण की जागरूकता बढ़ाने के लिये विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कृषि भवन, छाउछ में कृषकों के साथ संवाद का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कृषकों से संवाद स्थापित किया गया तथा मृदा सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के बारे में बताया गया। प्रगतिशील कृषक श्री रामनरेश वर्मा निवासी पिपरा करमचन्द द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये। भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती), लखीमपुर खीरी द्वारा विश्व मृदा दिवस के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक कृषकों को जानकारी दी गयी तथा उप कृषि निदेशक, लखीमपुर खीरी द्वारा विश्व मृदा दिवस की थीम 'स्वस्थ शहरों के लिये स्वस्थ मिट्टी की विस्तृत जानकरी दी गयी। मृदा स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी देते हुये उन्होने कहा कि मिट्टी ही जीवन का आधार है, किसान भाईयों को मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में उर्वरक संस्तुति के आधार पर ही रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिये। फसल अवशेषों को जलाने के बजाय कम्पोस्ट खाद बनाकर प्रयोग करने से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटेगी तथा मृदा स्वास्थ अच्छा होगा। विरासत में प्राप्त मृदा को सस्टेनेबल रखते हुये अगली पीढ़ी हेतु संरक्षित करना हम सबका दायित्व है।

## पान मसाला पर उपकर लगाने वाला बिल लोकसभा में पास, Kavach पर काम जारी

संसद के शीतकालीन सत्र का आज पांचवा दिन है। ऐसे में आज भी देखा जाए तो दोनों ही सदनों में कामकाज जरूर हुए। हालांकि अलग-अलग मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने कई बड़े सवाल खड़े किए और साथ ही साथ हंगामा भी किया जिसकी वजह से कार्यवाही को स्थगित भी करनी पड़ी। इंडिगो विमान के रद्द होने का भी मुद्दा संसद में खूब गुंजा। बावजूद इसके दोनों ही सदनों में आज सामान्य रूप से कामकाज देखने को मिला। वहीं, पान मसाला का विज्ञापन करने वाले अभिनेताओं के पुरस्कार वापस लेने की लोकसभा में मांग उठी। राज्यसभा में भाजपा सदस्य ने मालदा स्थित प्राचीन आदिनाथ हिंदू मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। बीजद सांसद ने पुरी निवासियों के लिए जगन्नाथ मंदिर में विशेष 'दर्शन' व्यवस्था की मांग की।

# .विधानसभा टूण्डला की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य की बैठक टूण्डला नगर कार्यालय भारत माता चौक पर आयोजित की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**टूण्डला-** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा टूण्डला की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य की बैठक टूण्डला नगर कार्यालय भारत माता चौक पर आयोजित की गई। जिसकी बैठक भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने की बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रवासी गिर्राज कुशवाहा रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि महत्व गहन मतदाता पुनरीक्षण कर चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा है इस कार्य में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता प्रण से लगकर सूची शुद्धिकरण के कार्य में चुनाव आयोग की मदद कर रहे हैं जिससे कि सूची में त्रुटियों को समाप्त किया जा सके। जिला प्रवासी गिर्राज कुशवाहा ने कहा की मतदाता पुनरीक्षण कार्य राष्ट्र सेवा का कार्य है इस कार्य से पूरे देश में एक ही स्थान पर वोट रहेगा विधानसभा लोकसभा ग्राम सभा एवं नगर पालिका की एक ही सूची होगी जिससे मतदाता वोट डाल करेंगे पहले की तरह भिन्न-भिन्न सचिया नहीं होगी। बैठक के बाद भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का ढोल नगाड़ा एवं आतिशबाजी के साथ 51 किलो की माला से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिव सिंह चक्र, मोहन देव शंखवार, ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा, दिनेश गुप्ता,नीलम दिवाकर, शैलेंद्र सिंह, महिपाल निषाद, नरेंद्र पाल सिंह,धर्मेंद्र प्रताप,महेन्द्र झा,रिंकू उपाध्याय, गुड्डु दीक्षित, विष्णु तिवारी, मुकेश पचौरी, संजू, देवेंद्र बेनीवाल,विनोद बाबू, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, शुभम गुप्ता, नमन गुप्ता, संदीप गुप्ता, संदीप, जयजीव पाराशर,योगेश उपाध्याय, देवांशु उपाध्याय, सुनील पाठक, जुबिन भारद्वाज आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कस्बे में लगी तीसरी आंख बेकार रोज हो रही बकरा चोरी की घटनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही खीरी।** कस्बे इन दिनों सर्दी की अंधेरी रातों में बकरा चोर गैंग शक्रिय हो गया है ।एक दो करके लगभग आधा दर्जन बकरों को चोर चोरी कर लिया है। नगर में लगे तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा शोपीस बन कर अपनी बेहाली पर आशु बहाने को विवश है।रोज बकरा चोरी की घटना होने से क्षेत्र के पशुपालकों में दहशत का माहौल है। वार्ड नं पांच के इदरीस के तीन बकरे, गुड्डु का एक बकरा शामिल हैं। इसके अलावा वार्ड नं 13 से एक बकरा भी चोरी हुए हैं। यह चोरी का पहला मामला नहीं है। लगभग छः माह पहले भी इस क्षेत्र में बकरा चोर गिरोह बहुत सक्रिय था। उस समय से सैकड़ों बकरी-बकरों की चोरी हुई थी। कस्बे वासियों व पुलिस की सक्रियता से झंडी थाना निघासन से बकरा चोर को पकड़कर जेल भेजा गया था।उसके बाद कुछ समय तक बकरा चोरी की घटना पर अंकुश लगा गया था लेकिन इधर जाड़े की सर्दी की ठंडी अंधेरी रातों में एकबार फिर बकरा चोर गैंग शक्रिय हो गया है। जिससे पशुपालन करने वाले किसानों को अपने मंमेशियों के चोरी होने का भय बना हुआ है। कस्बे में नगर पंचायत प्रशासन ने तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा बहुतायत संख्या में लगाये है। लेकिन एक भी सीसीटीवी कैमरा चालू नहीं है । कैमरे खुद में बीमार हैं। जिससे चोरी की घटनाएं हो रही है। सीसीटीवी कैमरे सही कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन गंभीर नहीं है जिससे चोर बेखौफ होकर चोरी यों को अंजाम दे रहे हैं।

## जुनैद हत्याकांड का दूसरा आरोपी सनी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश कर पुलिस ने भेजा जेल

**फरीदपुर।** जुनैद हत्याकांड मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपित सनी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया। विगत 30 नवंबर को पुलिस ने फरीदपुर के भूरे खां गोटिया निवासी जुनैद का शव धौरेरा गांव के पास नदी की पुलिया के पास से बरामद किया। जुनैद के सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। जुनैद के पिता नन्हे ने बडरा कासमपुर कटरा पट्टी निवासी लवी सिंह व अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बुधवार को लवी सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस ने गुरुवार को दूसरे आरोपित सनी को कटरा पट्टी से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया, जबकि तीसरे आरोपित अनमोल को गिरफ्तार करने के लिए टीम लगातार दबिश दे रही है। जुनैद की हत्या अवैध संबंधों की वजह से की गई। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि तीसरे आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के विरोध में ग्राम पंचायत सचिवों ने दिया धरना विरोध

**● खंड विकास अधिकारी के द्वारा 10 सूत्रीय ज्ञापन शासन को भेजो**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/** विकासखंड भदपुरा के ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी ने संयुक्त रूप से ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रगट किया शासन द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का विरोध कर रहे ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों ने इसका पुरजोर विरोध किया और मांग की है। कि उनके साथ यह अन्याय हो रहा है उन्हें जिस काम के लिए नियुक्त किया गया उसके साथ-साथ अनेकों विभागों के कार्य उनसे जबरदस्ती करवाए जा रहे हैं इसलिए वह ऑनलाइन उपस्थिति का विरोधकर रहे हैं जिसके कारण वह अपना मूल कार्य सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं। ऊपर से शासन द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा है जिसके कारण ग्राम पंचायत सचिव पंचायत के कामों के साथ ही अन्य कार्यों के कारण उनकी व्यस्तता बढ़ती जा रही है ऐसे में वह ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में असमर्थ हैं इसी को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। निर्देशक पंचायत राज एवं ग्राम विकास आयुक्त को ज्ञापन खंड विकास अधिकारी भदपुरा के माध्यम से भेजने को दिया गया है साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है के वह 6 दिसंबर से मोटर वाहन चलित साधन का उपयोग करना बंद कर देंगे साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है यदि 15 तारीख तक उनकी मांगे पूर्ण की गई तो वह पंचायत में भुगतान करने के लिए बनाए गए डोंगल भी सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पास जमा कर देंगे। और कार्य बहिष्कार प्रारंभ कर देंगे इसमें उपस्थित पुष्पेंद्र सिंह नरेश पाल सागर विशाल दीक्षित सुरेंद्र कुमार वर्मा अमित कुमार प्रेम प्रकाश बृजेश कुमार यादव संगीता देवी आदि सचिवो ने भाग लिया और 10 सूत्रीय ज्ञापन सौपा अपनी मांगे पूर्ण करने को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

## रेल फाटक पार करते समय कार चालक को हार्ट अटैक, 15 मिनट रोका गया ट्रेनों का आवागमन

**बरेली।** रेल फाटक पार करते समय कार चालक को हार्ट अटैक हो गया। वह बेसुध होकर स्टेयरिंग पर टिके थे। गनीमत रही कि समय रहते गेटमैन ने पटरी पर खड़ी कार देखकर ट्रेनों की आवाजाही रुकवा दी। कार सवार के स्वजन भी पीछे से दूसरे वाहनों से आ गए और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करा दिया। गुरुवार को उनकी हालत में सुधार हो गया। पीलीभीत निवासी सुरेंद्र कुमार बुधवार रात शादी समारोह में शामिल होने शाहजहांपुर गए थे। वह अपनी कार से रात 10.30 पीलीभीत लौट रहे थे। उनके पीछे दूसरों वाहनों से अन्य स्वजन थे। मीरानपुर कटरा रेलवे क्रासिंग पहुंचते ही सुरेंद्र को हार्ट अटैक हुआ। वह बेसुध होते, इससे पहले कार रेल फाटक का एक हिस्सा पार कर पटरी पर आ गई थी। इस बीच उन्होंने ब्रेक मारे और स्टेयरिंग पर सिर टिका दिया। अचानक गेटमैन की निगाह गई कि पटरी पर कार रुकी हुई थी। उसने तुरंत कंट्रोल और रेलवे स्टेशन पर सूचना दी। कुछ ही मिनट में आरपीएफ भी पहुंच गई। आरपीएफ के अनुसार कार में अचेत सुरेंद्र को बाहर निकाला। इस बीच समारोह से लौट रहे उनके स्वजन भी आ गए। वे तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए। इस घटनाक्रम के चलते दोनों ओर से ट्रेनों का आवागमन रुकवा दिया गया था। उस दौरान प्रयाग-संगम एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी को रास्ते में रोका गया। 15 मिनट बाद स्थिति सामान्य होने पर ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू कराया गया।

# अवैध पुल को लेकर किसानों को विरोध जारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही - खीरी।** इलाके के जौराहे नाले पर खनन के लिए आवंटित पट्टे और ठेकेदार की ओर से बनाए गए अवैद्य पुल का विरोध लगातार जारी है। शुक्रवार को सिक्ख और किसान संगठन के विरोध पर ठेकेदार वार्ता करने मांझा गुरूद्वारा पहुंचे लेकिन सहमति नहीं बन पाई। इलाके में बहने वाली जौराहा नदी में खनन के लिए ठेकेदारों को खनन विभाग की ओर से पट्टा आवंटित किया गया है। जौराहा नदी पर जिस जगह पर पट्टा आवंटित किया गया है वह कटान से प्रभावित इलाका है। ठेका मिलने के बाद ठेकेदार की ओर से मांझा की ओर जाने वाला रास्ता इस्तेमाल करने के बजाय जौराहा नदी पर होम पाइप डालकर अस्थाई पुल बना दिया गया है। जिसके ऊपर से बालू भरे डंफर निकालने की तैयारी की जा रही है। वही पुल बनाए जाने से नदी का प्रवाह दूसरी तरफ घूम गया है जिससे नदी के दक्षिण दिशा में खड़ी फसलों को काफी नुकसान हो सकता है।वहीं ठेकेदार के द्वारा बालू खनन करने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के अभी यह नही बताया गया कि जौराह नाला कहा पर है कहा खुदाई करनी है। ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से खुदाई शुरू कर दिया गया है। जिसके बाद मांझा के ग्रामीणों ने सिक्ख और किसान संगठन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में मांझा गुरुदरा में बैठक कर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को गुरुद्वारा पहुंचे ठेकेदार जय सिंह ने काफी मान मनोबल का प्रयास किया। इस दौरान किसान नेताओं ने साफ कहा कि जब तक उनकी डीएस से वार्ता नहीं हो जाती तब वह खनन नहीं होने देंगे। इस दौरान सिक्ख संगठन के नेता परमजीत सिंह, केवल सिंह, गुरमीत सिंह, करम सिंह,जसवीर सिंह बाजवा,हरमीत सिंह,सोनिवाल सिंह मौजूद रहे।

# सरकारी डाक्टरो द्वारा केयर हॉस्पिटल संचालित किए जाने के लग रहे आरोप

**● बेहतर इलाज का शब्द भाग दिखाकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों की ढीली की जा रही जेबें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** स्थानीय शहर लखीमपुर में राजापुर मंडी रोड पर संचालित केयर हॉस्पिटल में सरकारी डॉक्टरों द्वारा मरीज भर्ती कर इलाज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में तैनात दर्जनों डॉक्टर व सर्जनों द्वारा खुलेआम प्राइवेट प्रैक्टिस किए जाने की चर्चाओं का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है ।आलम यह है कि कई फिजिशियन अपनी क्लीनिक / निजी अस्पताल चला रहे हैं तो कई डॉक्टर शहर में संचालित प्राइवेट अस्पतालों में प्रैक्टिस करते देखे जा सकते हैं। विभागीय गोपनीय सूत्रों द्वारा नाम न उजागर करने की शर्त पर कई डॉक्टरों के नाम और उनके द्वारा संचालित अस्पतालों और क्लिनिको का खुलासा करते हुए बताया की सभी अपनी-अपनी क्लीनिके और अस्पताल चला रहे हैं यहां तक शहर में संचालित हाईवे हॉस्पिटल में भी एक जिला अस्पताल के नामचीन डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते दिखाई पड़ रहे हैं। शहर में दर्जनों सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं और जिले के ईमानदार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष गुप्ता को इसकी भनक तक नहीं है। जिसके चलते जिले की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं ।सूत्र बताते हैं की केयर हॉस्पिटल सरकारी डॉक्टर के रहमों करम पर ही संचालित हो रहा है यहां पर 2:00 के बाद सरकारी डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस करते देखा जा सकता है यह केयर हॉस्पिटल डॉक्टर बीके यादव फिजिशियन की पार्टनरशिप में संचालित होने की बात स्वयं डॉक्टर वी.के यादव द्वारा कही गई है यह मेरा आरोप नहीं है और ना ही मैं इसकी आधिकारिक पुष्टि करता हूं ।डॉक्टर साहब का बयान देते वीडियो भी उपलब्ध है यहां पर अहम सवाल यह उठता है कि सरकार से प्राइवेट प्रैक्टिस भत्ता लेने के बावजूद भी प्राइवेट प्रैक्टिस किए जाने के मामले पर रोक लगाने से जिम्मेदार बचते नजर आ रहे हैं आखिर क्यों? शायद उक्त डॉक्टर पर शासनादेश /शासन द्वारा जारी गाइडलाइन लागू ही न होती हो इसलिए कार्रवाई न हो रही हो या फिर कोई अन्य विशेष कारण हो सकता है। फिलहाल मामला जन चर्चा का विषय बना है ।अब देखना है कि जिम्मेदार क्या एक्शन लेते हैं?

# जिला जज की अध्यक्षता मे विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष शिव कुमार सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 5.12.2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखीमपुर खीरी द्वारा जिला पंचायत इंटर कॉलेज काला आम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया उक्त शिविर मे जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय वर्मा,शिक्षक एव उपस्थित बच्चों को सचिव/अपर जिला जज वीरेंद्र नाथ पांडे द्वारा राज्य एवं केंद्र के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारेके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही दिनांक 13-12-2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन एवं उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सामूहिक विवाह में 43 जोड़े बने दंपती, पूर्व विधायक ने नवदम्पतियों को भेंट दी चांदी की बिछिया और पायल



**भदोही।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सुरियांवा विकास खण्ड समारोह में कुल 43 जोड़े शादी के बंधन में बंधे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने नवदम्पति वर एवं वधू को चांदी की बिछिया और पायल भेंट की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अनिता गौतम, बीडीओं बृजेश कुमार, डायट प्राचार्य विकास चौधरी, अभय राज सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि नितेश त्रिपाठी, एडिओ एसटी अशोक पांडे सहित नवदम्पति और उनके परिवारजन उपस्थित रहे। हालांकि समारोह के दौरान कुछ व्यवस्थागत खामियों की भी चर्चा रही। पीने के पानी की कमी और भोजन निर्माण स्थल पर गंदगी ने कार्यक्रम में असुविधा उत्पन्न की। इस कार्यक्रम ने नवदम्पतियों के लिए नई शुरुआत का अवसर तो प्रदान किया, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर बेहतर व्यवस्थाओं की आवश्यकता भी सामने आई।

### एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार परेड की सलामी ली, 41 पुलिसकर्मी सम्मानित



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस लाइन के जवान, विभिन्न कार्यालयों के कर्मी व नवचयनित रिक्रूट पुलिसकर्मी शामिल हुए। एसपी ने टोलीवार ड्रिल, अनुशासन और फिटनेस को और मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नवचयनित आरक्षियों की पीटी व परेड का निरीक्षण कर उन्हें नियमों और अनुशासन के प्रति ब्रीफ किया गया। परेड के बाद एसपी ने डायल 112 की पीआरवी वाहनों व उपकरणों की जांच की और पुलिस लाइन में निर्माणाधीन बिल्डिंग, आवासों व कार्यालयों का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा प्रबंधन सुधार के निर्देश दिए। अर्दली रूम में रजिस्टरों की भी जांच की गई। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में माह नवंबर 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 41 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसपी ने सभी सम्मानित कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा व कर्तव्यपरायणता विभाग की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है।

### भदोही में प्रभारी मंत्री का दौरा कल

**भदोही।** ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री श्री ए.के. शर्मा 7 दिसंबर को भदोही दौरे पर रहेंगे। मंत्री का आगमन दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट भदोही में प्रस्तावित है, जहां वे विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक में भी शामिल होंगे। रविवार दोपहर 1 बजे वे राजस्व विभाग भवन, भदोही पहुंचकर अधिकारियों से विकास व राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। शाम 7:15 बजे वे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### फर्जी डॉक्टर पर केस दर्ज कराने का कोर्ट का आदेश

**गोपीगंज।** मिर्जापुर रोड स्थित दिया मेडिकल स्टोर पर फर्जी डॉक्टर बनकर इलाज करने के आरोप में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। जुडिशल मजिस्ट्रेट सेकेंड कमलेश कुमारी ने थाना प्रभारी गोपीगंज को आरोपी मणिकांत विश्वास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया है। जहांगीराबाद निवासी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने अधिवक्ता आदर्श त्रिपाठी के माध्यम से दी गई अर्जी में आरोप लगाया कि उनकी मां का गलत इलाज किया गया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। बाद में पता चला कि आरोपी खुद को डॉक्टर बताकर इलाज करता था। विभागीय जांच होने के बावजूद कार्रवाई न होने पर वादी ने न्यायालय में याचिका दायर की। वादी ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को दबाने के लिए आरोपी द्वारा उसे धमकाया गया। सभी तथ्यों का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश दिया है।

## सात दिसंबर को मनाया जाएगा सशस्त्र सेना झंडा दिवस

### ● डीएम ने लगाया प्रतीक झंडा, की सहयोग राशि प्रदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद सैनिकों और उनके परिजनों के सम्मानार्थ प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला सशस्त्र सेना झंडा दिवस इस वर्ष 07 दिसंबर 2025 को पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में भदोही में गुरुवार को कार्यक्रमों की शुरुआत की गई।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस की पूर्व संध्या पर सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की ओर से जिलाधिकारी शैलेष कुमार, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, तथा जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार को प्रतीक झंडा सम्मानपूर्वक लगवाया गया। इसके बाद अधिकारियों ने स्वैच्छिक सहयोग राशि सैनिक झंडा फंड में प्रदान की और जनपदवासियों से भी बढ़-चढ़कर योगदान करने की अपील की।

सैनिक झंडा दिवस से प्राप्त धनराशि भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, आश्रितों और शहीद परिवारों के कल्याण में व्यय की जाती है। यह राशि उन परिवारों के सहायतार्थ उपयोग में लाई जाती है, जिनके परिजन देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों द्वारा दिया गया हर योगदान किसी शहीद परिवार की मदद और उनके जीवन में संबल बनकर पहुंचता है। उत्तर प्रदेश शासन ने वर्ष 2025 के लिए भदोही जिले को एक लाख रुपये का संग्रह लक्ष्य निर्धारित किया है। इस उद्देश्य से विभिन्न विभागों, कार्यालयों और संस्थाओं को प्रतीक झंडे व कार झंडे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन झंडों की बिक्री से प्राप्त धनराशि सैनिक झंडा फंड में जमा कराई जाएगी।

जनपद के नागरिक अपना स्वैच्छिक अनुदान 'सैनिक झंडा फंड' के खाते संख्या 10795005827, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा केशवपुर सरपतहां में जमा कर सकते हैं। धनराशि नकद, अकाउंट पेई चेक, डाक द्वारा अथवा उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से भी जमा की जा सकती है। जमा करने के बाद रसीद सैनिक कल्याण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी जानकारी या सहायता हेतु जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, भदोही से मोबाइल नंबर 7839553212 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सशस्त्र सेना झंडा दिवस को सफल बनाने और शहीद परिवारों की सहायता हेतु अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें, क्योंकि यह योगदान राष्ट्रहित में एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है।

## ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था की हुई समीक्षा



**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने शुक्रवार को ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी फुटेज, तैनात पुलिस बल एवं प्रवेश-नियंत्रण प्रणाली की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय एडीएम कुँवर वीरेंद्र मौर्य, नोडल अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए,साथ ही स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड को नियंत्रण कक्ष में लगातार मॉनिटर किया जाये।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 272 जोड़ों ने लिए सात फेरे



### ● जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद भदोही में शुक्रवार को सभी विकासखंडों और नगर निकायों में भव्य विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलेभर में कुल 272 वैवाहिक जोड़ों ने विधि-विधान के साथ सात फेरे लिए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, सर्वाधिक 68 जोड़े विकासखंड औराई में विवाह समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा ज्ञानपुर में 58, डीघ में 53, सुरियावां में 43, भदोही में 30, और अभोली में 19 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। नगर पंचायत नईबाजार से 1 जोड़ा शामिल रहा। वर्गवार चयन में अनुसूचित जाति वर्ग के 194 जोड़े,पिछड़ा वर्ग के 73 जोड़े, सामान्य वर्ग के 2 जोड़े,अल्पसंख्यक वर्ग के 3 जोड़े शामिल रहे। सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया तथा शासन की ओर से प्रदान की जाने वाली अनुदान राशि व उपहार सामग्री उपलब्ध कराई गई। प्रशासन ने बताया कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग देना तथा सामूहिक रूप से सम्मानजनक विवाह आयोजन सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## आंगनबाड़ी निरीक्षण अधिकारी बनकर की ठगी, साइबर पुलिस ने रुपये कराए वापस

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना भदोही ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। आंगनबाड़ी निरीक्षण अधिकारी बनकर की गई ऑनलाइन ठगी में पीड़िता के खाते से निकाली गई 40,793 रुपये की पूरी राशि वापस करा दी गई। गोपीगंज थाना क्षेत्र के जंगलपुर निवासी विद्या पत्नी मनोज कुमार ने शिकायत की थी कि अज्ञात व्यक्ति ने खुद को निरीक्षण अधिकारी बताकर जांच के नाम पर 42,000 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़िता द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज किए जाने के बाद साइबर क्राइम टीम ने मामले की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि ठग ने इस राशि से एक मोबाइल फोन ऑर्डर किया था। टीम ने एनसीआरपी पोर्टल, बैंक और ओप्पो मोबाइल सर्विस के नोडल विभाग से तत्काल समन्वय करते हुए ऑर्डर कैंसिल कराया और धनराशि पीड़िता को वापस दिलाई। अपने पैसे वापस मिलने पर पीड़िता ने भदोही पुलिस, विशेषकर साइबर क्राइम टीम के प्रति आभार जताया और उनकी सराहना की।

## मिशन शक्ति के अन्तर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज -5 के अन्तर्गत 'एन्टी रैगिंग की नियमावली ' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता डॉ अवधेश सिंह यादव मुख्य शास्ता ने अपने व्याख्यान में महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने एवं रैगिंग जैसी परिस्थितियों के उत्पन्न होने पर किससे सम्पर्क करना है एवं क्या करना है के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो माधवी शुक्ला ने कहा कि महाविद्यालय में अपने कनिष्ठों को स्नेह एवं सहयोग देना चाहिए।हम सभी परिवार के समान है तो अपने पारिवारिक मूल्यों को सदैव संजोए रखना चाहिए। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन एवं स्वागत डॉ शेफालिका राय, संयोजक ,मिशन शक्ति फेज -5 ने किया, संचालन डॉ शिखा तिवारी एवं धन्यवाद डॉ विधा सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ कुसुम लता, डॉ संकठा प्रसाद, डॉ मंजूला शुक्ला, दीपनारायण, डॉ रमेश चंद्र, धर्मचन्द्र, कमलेश शुक्ला, जय प्रकाश सहित 51 छात्राएँ एवं 27 छात्र उपस्थित रहे।

### छह दिसंबर को लेकर पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज छह दिसंबर के दृष्टिगत ड्रमंडगंज पुलिस ने शुक्रवार शाम को ड्रमंडगंज कस्बे में पैदल मार्च किया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय के नेतृत्व में एसआई शिवाकांत पांडेय, रामविशाल, रमेश यादव,हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, मूलचंद वर्मा, प्रमोद सिंह, कांस्टेबल पावस कुमार,सोहित कुमार आदि पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि छह दिसंबर को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल मार्च निकाला गया है।

## मिशन शक्ति 5.0 नारी शक्ति का नया आयाम उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा का नया अध्याय

### ● महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया गया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद भदोही केसमस्त थानों की मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-5.0' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान के तहत माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत महिला सशक्तिकरण और जागरूकता अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम द्वारा व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना कोइरौना/थाना चौरी/ज्ञानपुर/औराई आदि समस्त स्थानो पर पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा, गुड टच/ बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं/ बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमों का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## एसआईआर पर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीईओ ने बैठक कर दी विस्तृत जानकारी

### ● समस्त राजनीतिक दल अविलंब बूथ लेवल एजेंट की पूर्ण सूची उपलब्ध कराए-डीईओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण? विषयक बैठक संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि 4 नवंबर 2025 से एस आई आर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम शुरू किया गया था?। 11 दिसंबर तक गणना प्रपत्र जमा किए जाएंगे। जनपद में अभी तक 1233324 मतदाताओं के सापेक्ष 988992 (80.19 %) मतदाताओं के गणना प्रपत्र डिजिटाइज किया जा चुके हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं एकत्रीकरण के दौरान जनपद में 158574 मतदाता एएसडी श्रेणी के मिले हैं जिसमें डेथ के 31877 अबसेन्ट -21054 सिफ्टेड: 84188, डबल 1,9977 अदर में 1235 चिन्हित दिये गये हैं। उपास्थित राजनैतिक दलों द्वारा एस आई आर कार्यक्रम में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनीतिक पदाधिकारियों से अपील किया कि वे जल्द से जल्द पूर्ण रूप से बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध करा दें। आगामी दिनों में बीएलओ के साथ बूथ लेवल एजेंट की बैठक कराई जाएगी जिससे दोनों में कार्यों की सुविधा,सुगमता हेतु समन्वय स्थापित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने एस आई आर प्रगति की समीक्षा की और एसआईआर के कार्यों में गति लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के स्तर से भी एसआईआर में लगे सभी कार्मिकों के कार्यों की सतत् निगरानी की जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए जनपद स्तरीय संपर्क केंद्र पर पर्याप्त फोन लाइन तथा प्रशिक्षित कॉल ऑपरेटर उपलब्ध है, जिससे कार्यालय अवधि में मतदाताओं की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है।इसकी लगातार निगरानी भी की जा रही है। जनपद का डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर/हेल्पलाईन नम्बर-05414-1950 है। जिस पर फोन कर एसआईआर विषयक जानकारी कोई भी जनपदवासी ले सकते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं की जागरुकता हेतु गणना प्रपत्र भरने से संबंधित वीडियो बनाकर मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जारी कर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, सभी नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत कार्यालयों एंव विकास खंड कार्यालयों में मतदाता हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य मतदाताओं को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में सहायता प्रदान करना तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना है। इन हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षण प्राप्त अनुभवी तथा दक्ष कार्मिकों को तैनात किया गया हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि, गणना प्रपत्रों को भरे जाने में बी0एल0ओ0 अपने बूथ के मतदाताओं का सहयोग करें। साथ ही भरे हुए गणना पत्र यथाशीघ्र एकत्र किया जाए तथा उसे बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइज भी कराया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन का बी0एल0ओ0 वार प्रतिदिन समीक्षा कर रहे है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के बूथ लेवल अधिकारी को बीएलओ ऐप का एडवांस वर्जन 8.78 प्ले स्टोर से डाउनलोड कराना सुनिश्चित करें तथा जिन मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त किया जा रहा है, उनको बीएलओ ऐप पर डिजिटाइज करते रहे, जिससे कि प्रगति ऑनलाइन अपडेट हो सके। मतदाता पोर्टल पर जाकर अपने पंजीकृत मोबाइल नम्बर के माध्यम से अपना मतदाता पहचान पत्र संख्या डालकर गणना प्रपत्र ऑनलाइन भी भर सकते हैं। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारीगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस की निगरानी में सम्पन्न हुई जुमे की नमाज

### अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस व पी एस सी ने किया फ्लेग मार्च



**चुनार मिर्जापुर।** शुक्रवार को पुलिस की निगरानी में सम्पन्न हुई जुमे की नमाज।साथ ही 6 दिसंबर के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मनीष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस फोर्स व पी एस सी बल द्वारा नगर में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लेग मार्च कस्बा के लाल दरवाजा,चौक,गंगेश्वर नाथ, बेलबीर, सद्दूपुर मोहाना,दरगाह शरीफ होते हुए चौक बाजार होते हुए पुनः लाल दरवाजा में समाप्त हुआ। इस दौरान सी ओ मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक सरोज चौबे, शिवानंद यादव, उदयराज, हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह विनय राय, राजेंद्र मौर्या,धनराज यादव, हसनैन, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह, उमेश कुमार सिंह, इत्यादि उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल में डीपीआऱओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें निस्तारण का दिया आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पटपरा व बेलाही में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में डीपीआरओ ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है ग्राम पंचायत पटपरा में आयोजित ग्राम पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल में डीपीआरओ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी के साथ ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमें ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, शौचालय की मांग को रखा हर घर नल जल योजना का पानी आपूर्ति नहीं होने व विजली विभाग के बिल व विद्दतीकरण न होने की शिकायत की डीपीआरओ ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया ग्राम पंचायत में कराये गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया बीडीओ ने विजली विभाग से दूरभाष से सम्पर्क कर चौपाल में निस्तारण करने को कहा।इसी प्रकार ग्राम पंचायत बेलाही के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल में सचिव शैलेन्द्र कुमार के देखरेख में सम्पन्न हुआ ग्राम चौपाल में ग्रामीणो ने आवास, शौचालय, पेंशन आदि की मांग किया



उपस्थित ग्रामीणों को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव सचिव विजय कुमार ,वन दरोगा शनी सिंह, बीटीएम सर्वेश मिश्रा, लेखपाल शिव बाबू, अवधराज सिंह, प्रधान गीता देवी, कमलेश गौड, रविशंकर कोल सहित अन्य मौजूद रहे।

## व्लाक मुख्यालय पर शान्ति पूर्ण ढंग से ग्राम सचिवों द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ , मीरजापुर।** प्रांतीय संगठन ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी संघ के आह्वाहन पर आज विकास खण्ड सीखड़ में एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारीयों द्वारा आयोजित किया गया।धरने का मुख्य मुद्दा शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में केवल सचिव की अनिवार्य ऑनलाइन उपस्थिति लागू करने का निर्णय रहा, जबकि इसके लिए आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएँ उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। कई सचिवों के पास 4 से लेकर 8-9 ग्राम पंचायतों तक का प्रभार होने के कारण एक ही स्थान से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना व्यावहारिक रूप से असंभव है। इसके अतिरिक्त सचिवों पर फैमिली ढ्रष्ठ, फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टैक जैसे गैर-विभागीय कार्यों का अत्यधिक दबाव कार्य की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है, जिससे विकास विभाग के मूल कार्य पिछड़ रहे हैं और अधिकारी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।कार्यक्रम में संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश मिश्र के नेतृत्व में अधिकारियों ने अपनी समस्याओं को स्पष्ट रूप से रखा और शासन से इन विसंगतियों को शीघ्र दूर किए जाने की मांग की।सचिवों



द्वारा 10 सूत्रीय मांग पत्र माननीय मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश को प्रेषित करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी सीखड़ को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त अवसर पर रश्मि सिंह, सुधीर दुबे, सत्येंद्र यादव, सविता यादव, मुकेश पांडेय, उमेश यादव, अर्चना सिंह एवं राजेश वर्मा सहित सभी सचिव एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन विविध कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को सांस्कृतिक परिषद् एवं भातखंडे उमंग कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वाद-विवाद, लोकगीत, मेहंदी, और लघुनाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्य प्रो (डॉ) माधवी शुक्ला द्वारा सरस्वती मां के प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुआ ।इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में टीम-स्पिरिट, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अभिव्यक्ति-कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कुसुम लता ने कहा कि सांस्कृतिक गति विधियाँ विद्यार्थियों को अपनी कला,विचार और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का सुनहरा अवसर देती हैं।वाद-विवाद प्रतियोगिता के स्नातकोत्तर वर्ग के डॉ रजनीश कुमार,स्नातक वर्ग के डॉ सत्येन्द्र कुमार, लोकगीत प्रतियोगिता के स्नातकोत्तर वर्ग की डॉ0 कुसुम लता, स्नातक वर्ग के डॉ0 चंदन साहू, मेहंदी प्रतियोगिता के स्नातकोत्तर वर्ग की डॉ विद्या सिंह,स्नातक वर्ग की संयोजक डॉ शिखा तिवारी रही । वाद-विवाद प्रतियोगिता के स्नातकोत्तर वर्ग में डॉ चंदन साहू,डॉ दीपक कुमार सिंह,डॉ रमेशचंद्र, स्नातक वर्ग में डॉ चंदन साहू,डॉ दीप नारायण, डॉ रमेश चंद्र,लोकगीत प्रतियोगिता में डॉ दीप नारायण,डॉ विद्या सिंह, डॉ रमेशचंद्र, मेहंदी प्रतियोगिता में डॉ नलिनी सिंह, डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ अदिति सिंह ने निर्णायक मंडल के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर वर्ग में विशाखा वर्मा,रविकांत,शालिनी यादव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं स्नातक वर्ग में वर्तिका उपाध्याय,मौसम राज,रोशनी विश्वकर्मा ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय, और,तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर वर्ग में सुमन,प्रीति यादव संयुक्त रुप से पूजा प्रजापति व रंजना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय



और तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक वर्ग में अभिषेक,रोशनी विश्वकर्मा, विजय कुमार सोनकर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति के रूप में डॉ शिखा तिवारी,डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ विद्या सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मिशन शक्ति के तहत मिशन शक्ति संयोजक डॉ शेफालिका राय के नेतृत्व में एंटी रैगिंग नियमावली के बारे में मुख्य शास्ता डॉ अवधेश सिंह यादव के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय आई0 क्यू0 ए0 सी0 प्रभारी डॉ0 चंदन साहू, सहित समस्त प्राध्यापक/प्राध्यापकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## वह शिक्षक जिसे दुनिया याद रखती है' पुस्तक का भव्य विमोचन सम्पन्न



**नैनी, प्रयागराज।** शिक्षा जगत को समर्पित प्रेरणादायक पुस्तक 'वह शिक्षक जिसे दुनिया याद रखती है' का भव्य विमोचन समारोह आज गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुआ। प्रसिद्ध युवा लेखक एवं शिक्षक सौरभ द्विवेदी द्वारा लिखित इस पुस्तक में आधुनिक शिक्षा-पद्धति, एक आदर्श शिक्षक के गुण, तथा शिक्षण के दौरान आने वाली चुनौतियों का सरल, प्रभावी और प्रेरक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।विमोचन कार्यक्रम में क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथियों में प्रभाकर सर (डायरेक्टर, JCL), प्रवेश पुनीत अरोड़ा (निदेशक, आधुनिक समाचार), सुमित श्रीवास्तव (डायरेक्टर, Real Tech Computer), देवा श्रीवास्तव (पत्रकार),<तथा कीर्ति प्रकाश द्विवेदी (प्रबंधक, सरस्वती शिशु मंदिर) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ शिक्षण एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई सम्मानित नागरिकों ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह कृति न केवल शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है बल्कि शिक्षा जगत में सकारात्मक परिवर्तन लाने का गहरा संदेश भी देती है। उन्होंने इसे भावी शिक्षकों के लिए मार्गदर्शक और वर्तमान शिक्षण व्यवस्था के लिए उपयोगी संसाधन बताया।लेखक सौरभ द्विवेदी ने कहा कि यह पुस्तक उनकी वर्षों की शिक्षण यात्रा, विद्यार्थियों के साथ अनुभवों और वास्तविक कक्षा-परिस्थितियों से प्रेरित है। उनका उद्देश्य समाज में शिक्षक की भूमिका, उसकी नैतिक जिम्मेदारियों और नई पीढ़ी के निर्माण में शिक्षा के महत्व को और अधिक रेखांकित करना है।समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह पुस्तक जल्द ही सभी प्रमुख प्लेटफ़ॉर्मों पर उपलब्ध होगी, जिससे पाठक शिक्षा एवं शिक्षकत्व की गहराई को नए दृष्टिकोण से समझ सकेंगे।

## निर्धारित समय मे जारी करें ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु पंजीकरण के उपयोगिता पर प्रकाश डाला



**भदोही 05 दिसम्बर 2025–** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जन्म मृत्यु पंजीकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन्म मृत्यु पंजीयन शुल्क जमा कराए निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रमाण पत्र जारी करें बैठक के प्रारम्भ में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने जन्म मृत्यु पंजीकरण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जन्म व मृत्यु की विशेषताओं व घटनाओं की अनिवार्य, निरन्तर व स्थायी रिकार्डिग की प्रक्रिया है। जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1975 के अन्तर्गत अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने जन्म प्रमाण पत्र के उपयोग पर बल देते हुए बताया कि इसका लाभ समाज कल्याण योजनाओं का लाभ लेने के लिए, आयु का कानूनी प्रमाण विद्यालय में प्रवेश हेतु, ड्राईविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड बनाने के लिए राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर में नाम दर्ज कराने हेतु प्रयोग किया जाता है। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र द्वारा पैतृत्व व सम्पत्ति के अधिकार हेतु बीमा राशि पाने के लिए परिवार पेंशन हेतु उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चें के जन्म के 21 दिनों के अन्दर निःशुल्क जन्म प्रमाण पत्र बनता है। उन्होंने बच्चें के माता पिता अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया कि 30 दिन के अन्दर अनिवार्य रूप से जन्म प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रो पर जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु सभी आशा व एएनएम को निर्देशित किया कि डिलीवरी की रिपोर्ट प्रत्येक सोमवार को सम्बन्धित एमओआईसी को सौंपे, अगले दिन मंगलवार को एमओआईसी द्वारा सभी डिलीवरी रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया जाय। अगले पॉच दिनों के अन्दर ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाय। इसी तरह प्रत्येक सीएससी व पीएचसी पर 48 घण्टे में जन्म प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करें। संस्थागत डिलीवरी व बालिकाओं के जन्म प्रमाण बनवाये जाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य जिलाधिकारी ने उन्हें पिंक सार्टिफिकेट किट देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदनों को स्वीकार करते हुए जल्द ही क्रमिक रूप से प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही जिलाधिकारी ने नगर पंचायत नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों से 1 जनवरी 25 से 30 नवंबर 2025 तक 18 वर्ष से ऊपर कितने लाभार्थियों का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक, समस्त अधिशासी अधिकारी, चिकित्साधिकारीगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# बीएलओ की मौत के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई गंभीर चिंता, काम के बोझ को कम करने की सलाह, राज्यों को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की मौतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने साफ कहा कि बीएलओ पर बढ़ते काम के बोझ को कम करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है और इसके लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती तुरंत की जानी चाहिए। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी टीवीके द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी तब आई जब कोर्ट को बताया गया कि देशभर में अब तक 35-40 बीएलओ की मौत अत्यधिक काम के दबाव के कारण हो चुकी है। याचिकाकर्ता ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग भी रखी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया एक वैध प्रशासनिक कार्रवाई है जिसे समय पर पूरा किया जाना बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा, 'अगर कहीं स्टाफ की कमी है, तो अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त करना राज्य का कर्तव्य है। 'कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बीमार, असमर्थ या अत्यधिक दबाव में काम कर रहे अधिकारियों को लेकर राज्य सरकारें संवेदनशील रवैया अपनाएं और तुरंत वैकल्पिक स्टाफ तैनात करें।सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया है कि अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करें ताकि बीएलओ के कार्य घंटे कम किए जा सकें। जहां 10,000 कर्मचारी मौजूद हैं, वहां आवश्यकता पड़ने पर 20,000 से 30,000 कर्मियों की तैनाती भी की जा सकती है। यदि कोई बीएलओ या कर्मचारी व्यक्तिगत कारणों, बीमारी या गंभीर परिस्थिति में ड्यूटी से छूट चाहता है, तो सक्षम अधिकारी केस-टू-केस आधार पर राहत दे सकते हैं। छूट मिलने पर उसकी जगह तुरंत किसी अन्य कर्मचारी को नियुक्त किया जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से बताया गया कि कई राज्यों से ऐसे मामले सामने आए हैं जहां बीएलओ ने काम के अत्यधिक दबाव, लंबी ड्यूटी और संसाधनों की कमी के कारण आत्महत्या कर ली।इस पर सीजेआई ने कहा, 'यह बेहद गंभीर मामला है। जिस भी राज्य में ऐसा हो रहा है, वहां प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी होगी। ' तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी टीवीके ने एसआईआर प्रक्रिया पर रोक लगाने या इसे संशोधित करने की मांग करते हुए कहा कि बीएलओ पर इतना अधिक बोझ डाला जा रहा है कि कई लोग तनाव में आकर जान गंवा रहे हैं।याचिका में कोर्ट से बीएलओ परिवारों को मुआवजा दिलवाने का अनुरोध भी किया गया है। दरअसल चुनाव आयोग ने बिहार के बाद अब पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर ) कराने का फैसला किया है। इस साल के अंत में यह प्रक्रिया पूरी होनी है। इसके लिए आयोग ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। हालांकि इसके दवाब के चलते कई जगहों से बीएलओ के मौतों की खबर भी आई हैं। इसके बाद चुनाव आयोग ने एसआईआर का काम पूरा करने के लिए समय भी बढ़ाया लेकिन विपक्ष ने सरकार को घेरना बंद नहीं किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया वैध कार्यवाही है। इसे पूरा करना होगा। अगर कहीं स्टाफ की कमी है तो यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि राहत न मिलने की स्थिति बीएलओ कोर्ट का रुख भी कर सकते है। सीजेआई ने कहा कि राज्य द्वारा एसआईआर के लिए चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए गए कर्मचारी इन कर्तव्यों का पालन करने के बाध्य हैं। यदि उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि अत्यधिक कार्यभार तो राज्य सरकार इन कठिनाइयों को दूर कर सकती है।

## झारखंड के देवघर में लगने वाले श्रावणी मेले के प्रसाद पेड़े में मिट्टी मिलाए जाने का खुलासा हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मिलावटखोर मुनाफाखोरी के लिए भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने से भी बाज नहीं आते हैं. पिछले साल विश्व प्रसिद्ध तिरूपति बालाजी के प्रसाद में घी की जगह मवेशियों की चर्बी और मछली के तेल के मिलावट का खुलासा हुआ था। अब झारखंड के देवघर में लगने वाले श्रावणी मेले के प्रसाद पेड़े में मिट्टी मिलाए जाने का खुलासा हुआ है. यहां पूरे साल प्रसाद के रूप में मिलने वाला चूड़ा और पेड़ा भी अपने खास स्वाद से भक्तों को आकर्षित करता रहा है. लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कलेक्ट किए गए सैंपल में इन स्वादिष्ट पेड़े में भारी मात्रा में मिलावटखोरी का खुलासा हुआ है. तिरुपति बाजाली के प्रसाद में पशु की चर्बी और मछली का तेल मिलाए जाने की पुष्टि होने के बाद देवघर में मुनाफा कमाने के लिए पेड़ा प्रसाद में मिट्टी मिलाने का खुलासा हुआ है. पवित्र बाबा बैद्यनाथ धाम यानी देवघर में आयोजित राजकीय श्रावणी मेले के दौरान बेचे गए पारंपरिक प्रसाद 'पेड़ा' में बड़े पैमाने पर मिलावट की पुष्टि हुई है। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। मेले के दौरान पेड़े की डिमांड काफी बढ़ जाती है. बढ़ी हुई मांग का फायदा उठाकर मुनाफाखोर नकली मावा या खोवा और घटिया सामग्री से पेड़ा तैयार कर महंगे दामों पर बेचे जाने की शिकायतें थीं. इसे रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने लगभग छह दर्जन (72) दुकानों से पेड़े के नमूने जब्त किए थे. रांची स्थित लैब में इन नमूनों की जांच की गई, जिसमें मिलावट पाया गया।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौत ,साथी घायल



**नैनी,प्रयागराज।** गुरुवार देर रात औद्योगिक क्षेत्र के आईटीआई कंपनी के समीप अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी।जिससे मौके पर युवक की मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।जबकि साथी घायल हो गया।जानकारी के मुताबिक राज निषाद मवैया, निवासी थे और विश्मभरपुर में एक शादी समारोह का काम खत्म कर घर लौट रहे थे।हादसे में राज निषाद के साथ मौजूद राजाबाबू भी मौजूद रहे जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पीलीभीत थाना घुंघचाई फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, गेमिंग एप के जरिए ठगी करते थे आरोपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** जिले पूरनपुर तहसील क्षेत्र के थाना घुंघचाई पुलिस ने एक बड़े साइबर ठग रैकेट का खुलासा करते हुए फर्जी कॉल सेंटर संचालित करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 09 मोबाइल, 02 लैपटॉप, 59 हजार से अधिक नकदी, कई बैंक पासबुक, प्री-एक्टिवेटेड सिम, फर्जी आधार कार्ड और विदेशी पहचान पत्र सहित अन्य सामग्री बरामद हुई है। गिरोह गेमिंग एप के जरिए देशभर में लोगों के बैंक खातों को खाली करने काम करते हैं पुलिस लाइन में बृहस्पतिवार को एएसपी विक्रम दहिया ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एनसी आरपी पोर्टल पर साइबर अपराधों में उपयोग किए गए खातों की जांच के दौरान पता चला कि घुंघचाई क्षेत्र स्थित गौरव शर्मा का जनसेवा केंद्र/बीसी प्वाइंट का संदिग्ध गतिविधियों में उपयोग हो रहा है। पूछताछ और सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने अमृतपाल सिंह निवासी हरीपुर ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से मोबाइल, लैपटॉप, फर्जी दस्तावेज और नकदी बरामद हुई। खुलासे के बाद तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**ऐसे चलता था ठगी का रैकेट**

पूछताछ में गिरोह सरगना अमृतपाल ने बताया कि वह 2024 में अपने साथी के साथ दुबई गया था और वहां कॉल सेंटर में काम सीखा। वापस लौटने पर उसने घर से ही फर्जी कॉल सेंटर शुरू कर दिया। वे लोग एवियेटर और रम्मी जैसे गेमिंग एप के नाम पर लोगों को फोन करते, शुरुआत में उन्हें जीत दिलाते और अकाउंट में रकम भेजकर भरोसा जीत लेते थे। बाद में पीड़ितों के बैंक खातों की जानकारी हासिल कर उनका पूरा पैसा निकाल लेते थे। गैंग डार्क वेब से गेम खेलने के इच्छुक लोगों के मोबाइल नंबर खरीदता था और उन्हें टारगेट बनाता था। सहयोगी भी गिरफ्तार पुलिस ने मुख्य आरोपी अमृतपाल के अलावा उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया। इसमें घुंघचाई के ग्राम उदरहा निवासी धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं जो अपने और अन्य लोगों के बैंक खाते कमीशन पर उपलब्ध कराता था। ग्राम घुंघचाई निवासी प्रियांशु दीक्षित जो 1000 रुपये में प्री-एक्टिवेटेड सिम ब्लैक में बेचता था। वह मोबाइल कंपनियों की आईडी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर एक ही आईडी पर दो सिम निकालकर एक सिम ब्लैक में बेच देता था कई राज्यों में फैला था नेटवर्क अजमेर में एक व्यक्ति से साइबर ठगी होने पर घुंघचाई क्षेत्र के गौरव शर्मा का जनसेवा केंद्र होल्ड कर दिया गया। इसकी सूचना नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी पोर्टल) से प्राप्त थाना स्थानीय क्षेत्र के पाश वेरिफिकेशन और



साइबर अपराधों में लिप्त बैंक खातों की छानबीन करने पर पता चला कि घुंघचाई क्षेत्र में संचालित गौरव शर्मा के जनसेवा केंद्र व बीसी प्वाइंट को होल्ड किया गया। दुबई में दोस्त के साथ काल सेंटर पर काम करने गया था अमृतपाल गिरोह का सरगना अमृतपाल एक अन्य साथी के साथ वर्ष 2024 में जनवरी में दुबई गया था। वहां पर काल सेंटर में नौकरी की, जहां पर उसे 35000 रुपये प्रतिमाह मिलते थे। वहां पर अमृतपाल और उसके साथी ने काम सीख लिया तो वह दुबई से कुछ महीने पहले ही वापस आ गया। यहां पर अपने घर से काल सेंटर संचालित करने लगा।गौरव शर्मा से पूछताछ करने पर पता चला कि क्षेत्र में अमृत पाल नाम का युवक अवैध रूप से जनसेवा केंद्र संचालित करता है। जनसेवा केंद्र को जब पकड़ा गया तो साइबर ठगी का गिरोह सामने आया। गिरोह के सरगना अमृतपाल सिंह निवासी हरीपुर ता. अजीतपुर बिल्हा, धर्मेंद्र कुमार निवासी ग्राम उदरहा और प्रियांशु दीक्षित निवासी घुंघचाई को गिरफ्तार किया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं में बढ़ाई जा रही जागरूकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बलरामपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज 5.0) के तहत शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रमों के दौरान महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं को सुना और मौके पर समाधान भी किया। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों–1090, 112, 181, 108, 1098, 102, 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930–की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा कर जागरूकता बढ़ाई गई। पुलिस टीम ने शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वितरित किए। स्थानीय थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और वहां उपलब्ध सेवाओं से भी महिलाओं को परिचित कराया गया, ताकि वे किसी भी समस्या की स्थिति में इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।




अभियान का प्रमुख लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज में नारी सम्मान को मजबूती देना है। बलरामपुर पुलिस द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे जिले में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता सुनिश्चित हो सके और प्रत्येक नारी निर्भय होकर अपनी भूमिका निभा सके।

## बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत कैंप लगाया गया, उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ



**नैनी, प्रयागराज।** बिजली बिल राहत योजना 2025 का प्रथम चरण 1 दिसंबर से शुरू हो गया है। उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से सुदूर नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाया गया है। ताकि लोग आसानी से योजना का लाभ पा सकें। रींवा रोड पावर हाउस के टीजीडब्ल्यू टीम द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह कैंप लगाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बरामार में कैंप आयोजित किया गया जहाँ लोगों की काफी भीड़ देखने कोमिली। लाभ लेने के लिए उपभोक्ता सुबह से ही पहुंचते रहे और योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करते रहे। कैंप के टीजीडब्ल्यू से सौरव ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 30 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर योजना का लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पात्र उपभोक्ताओं को बिजली बिल में उल्लेखनीय छूट दी जा रही है जिससे लोगों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है। कैंप के दौरान जेई ओम प्रकाश गुप्ता, अभय राज, राकेश कुमार, रमा शंकर सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे और उपभोक्ताओं की सहायता करते रहे। विभाग का लक्ष्य है कि क्षेत्र के प्रत्येक पात्र उपभोक्ता तक बिजली बिल राहत योजना का लाभ समय से पहुँचे।

# पुतिन का तीखा हमला: 'यूएस को रूसी ईंधन खरीदने का हक, तो भारत को क्यों नहीं?'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका के दोहरे मानदंडों पर सवाल उठाया है। पुतिन ने भारत के तेल ख़रीदने के अधिकार का बचाव किया है। उनका कहना है कि जब अमेरिका को हमारा तेल खरीदने का अधिकार है तो भारत को क्यों नहीं मिलना चाहिए। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर लगाए 50 फीसदी टैरिफ और रूसी तेल खरीद को लेकर लगे प्रतिबंधों पर कड़ा हमला किया है। भारत आजाद देश है और बाहरी दबावों से झुकता नहीं, यह कहते हुए पुतिन ने अमेरिका की 'दोहरी नीति' को बेनकाब किया। उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका को रूसी तेल खरीदने का अधिकार है, तो भारत को क्यों न मिले वही विशेषाधिकार?' पुतिन की यह टिप्पणी तब आई है जब वह भारत के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर हैं, जहां शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहयोग पर चर्चा हो रही है। इंडिया टुडे को दिए विशेष इंटरव्यू में पुतिन ने ट्रंप के हालिया बयानों का जवाब देते हुए कहा, 'भारत के रूस से ऊर्जा संसाधनों की खरीद को लेकर उठ रही आलोचना अनुचित है। अमेरिका खुद अभी भी अपने परमाणु संयंत्रों के लिए हमसे न्यूक्लियर ईंधन खरीदता है। वह भी तो ईंधन ही है। अमेरिका के रिएक्टर हमारे ईंधन से चलते हैं। अगर अमेरिका को हमारा ईंधन खरीदने का हक है, तो भारत को क्यों न वही हक मिले?' पुतिन ने जोर देकर कहा कि भारत वैश्विक पटल पर प्रमुख खिलाड़ी है और प्रधानमंत्री मोदी किसी भी देश के दबाव में नहीं आते। 'बाहरी दबाव अंततः विफल हो जाएगा, क्योंकि बाधाएं लगाने वाले देश खुद नुकसान झेलेंगे। ' ट्रंप ने अगस्त 2025 में भारत पर रूसी तेल खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया। यह किसी भी देश पर लगाया गया सबसे ऊंचा टैरिफ है। ट्रंप का तर्क है कि भारत की सस्ते रूसी तेल की खरीद मॉस्को की यूक्रेन युद्ध को वित्तीय सहायता दे रही है।

# पीएम मोदी के दफ्तर में ओएसडी हीरन जोशी गंभीर विवादों में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रधानमंत्री मोदी के दफ्तर (पीएमओ) में ओएसडी डॉ हीरन जोशी की तरफ ऊंगलियां उठना शुरू हो गई हैं। उनके ऊपर कई तरह के अवैध और अनैतिक काम करने के आरोप कांग्रेस ने लगाए हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के वरिष्ठ अधिकारी हिरेन जोशी को निशाने पर लिया है। पार्टी ने सरकार से जोशी के 'बिजनेस पार्टनर्स और विदेशी संबंधों' के साथ-साथ भारत के राष्ट्रीय हितों पर इनके संभावित प्रभावों को लेकर पूरी पारदर्शिता की मांग की है।कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार के लिए इस मामले को स्पष्ट करना अनिवार्य है, क्योंकि अब पीएमओ पर 'बहुत बड़ा सवालिया निशान' लग गया है। पवन खेड़ा ने 'जोशी के बारे में सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा' से जुड़े एक सवाल के जवाब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सरकार को इसके पीछे का सच उजागर करना होगा। हिरेन जोशी कोई छोटा नाम नहीं हैं। वह पीएमओ में सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं, जिन्होंने इस देश में लोकतंत्र की हत्या करने और मीडिया का गला घोंटने में मुख्य भूमिका निभाई है।' हिरेन जोशी पीएमओ में ओएसडी (संचार और सूचना प्रौद्योगिकी) के रूप में कार्यरत हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं। खेड़ा ने दावा किया कि जोशी के एक करीबी सहयोगी, 'जिन्हें सात महीने पहले लॉ कमीशन में लाया गया था, को जल्दबाजी में हटा दिया गया और उनका सरकारी बंगला भी खाली करा लिया गया।' खेड़ा ने कहा, 'देश को यह जानने का अधिकार है कि उनके बिजनेस पार्टनर कौन हैं। पीएमओ में बैठकर हिरेन जोशी कौन सा बिजनेस चला रहे थे, यह भी देश को जानने का हक है। वह किस 'सट्टेबाजी ऐप' में हिस्सेदारी रखते हैं? सोशल मीडिया पर चर्चा है. और अगर सरकार जल्द ही स्पष्टीकरण के साथ सामने नहीं आती है, तो ये चर्चाएं जारी रहेंगी, चाहे वे कितने भी ऐप ले आएं। 'खेड़ा ने यह आरोप लगाया कि उन्हें पता चला है कि जोशी के कई व्यावसायिक हित हैं। उन्होंने सवाल किया, 'उनके विदेशी लिंक क्या हैं? अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वह किनसे मिले? क्या हिरेन जोशी ने संयुक्त राज्य अमेरिका या किसी अन्य जगह पर अपने संबंधों के माध्यम से भारत के राष्ट्रीय हित से समझौता किया? ये सब बातें सामने आएंगी. आप लोकतंत्र की हत्या इतनी आसानी से नहीं कर सकते।' खेड़ा ने कहा कि चूंकि वह पीएमओ जैसे सार्वजनिक कार्यालय में तैनात हैं, इसलिए न केवल जोशी के व्यावसायिक हितों के बारे में बल्कि उनके व्यक्तिगत संबंधों के बारे में भी स्पष्टता होनी चाहिए। 2008 से पहले, जोशी का कोई प्रत्यक्ष राजनीतिक जुड़ाव नहीं था; वे मुख्य रूप से शैक्षणिक क्षेत्र में सक्रिय थे। 2008 की बात है, जब गुजरात सीएमओ (मुख्यमंत्री कार्यालय) में एक तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई। मुख्यमंत्री मोदी के ब्लॉग या वेबसाइट पर कोई तकनीकी गड़बड़ी आ गई थी। जोशी, जो उस समय भीलवाड़ा में प्रोफेसर थे, को इस समस्या को हल करने के लिए बुलाया गया। उन्होंने तुरंत एक कस्टम सॉफ्टवेयर विकसित कर समस्या का समाधान किया, जिससे मोदी प्रभावित हुए। इसी घटना ने जोशी को मोदी की डिजिटल उपस्थिति (ब्लॉग, वेबसाइट, ट्विटर और फेसबुक) संभालने के लिए चुनवा लिया। तब से वे गुजरात सीएमओ में ओएसडी के रूप में शामिल हो गए। वहाँ उन्होंने मोदी के शेड्यूलिंग के लिए विशेष सॉफ्टवेयर बनाया। जिसमें समय प्रबंधन, डुप्लिकेट बैठकों से बचाव, फॉलो-अप और आगंतुकों की शॉर्टलिस्टिंग शामिल थी। उन्होंने मोदी के ट्वीट्स को उर्दू, कन्नड़, जापानी, संस्कृत आदि भाषाओं में अनुवादित करने का काम भी किया। 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर जोशी पीएमओ में ओएसडी (सी×आईटी) बने, और 2019 में उन्हें जॉइंट सेक्रेटरी रैंक पर प्रमोशन मिला। वे मोदी के निवास में ही रहते हैं और रात 11:30 बजे तक ऑनलाइन गतिविधियों की रिपोर्ट देते हैं। जोशी को मीडिया प्रबंधन में 'मोदी का बायाँ हाथ' (अमित शाह को दायाँ हाथ माना जाता है) कहा जाता है। वे पीएमओ के



कम्युनिकेशन विंग के प्रमुख हैं, जो मोदी की सोशल मीडिया उपस्थिति को नियंत्रित करते हैं। जोशी कथित रूप से न्यूज़ एंकरों और एडिटर्स के व्हाट्सएप ग्रुप्स चलाते हैं, जहाँ वे विपक्षी खबरों (जैसे आप या कांग्रेस) को दबाने के निर्देश देते हैं। 2022 में अरविंद केजरीवाल ने 'हीरन जोशी इफ़ेक्ट' का ज़िक्र किया था। उन्होंने दावा किया था कि जोशी चैनलों को 'आप' कवरेज कम करने के लिए धमकाते हैं। पवन खेड़ा ने 2021 में एबीपी न्यूज़ डिबेट में भी ठीक इसी तरह के आरोप लगाए थे। सुब्रमण्यम स्वामी ने जोशी पर ट्रोल्स को पैसे देकर विरोधियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया था। 2010 में सोहराबुद्दीन केस में सीबीआई ने अहमदाबाद में जोशी के कार्यालय पर छापा मारा था, संदेह था कि वे पार्टी वर्कर्स की निगरानी भी करते थे। 2014 के चुनावों में जोशी की टीम ने फेसबुक स्टाफ के साथ मिलकर मोदी की इमेज बिल्डिंग की। वे 'ट्रू पिक्चर' जैसी डिसइंफॉर्मेशन (भ्रामक सूचना) साइट्स से जुड़े बताए जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जोशी मीडिया मालिकों से सीधा संपर्क रखते हैं, और उनके मैसेज 'पत्थर की लकीर' जैसे माने जाते हैं। हालांकि, भाजपा इन आरोपों को 'बकवास' बताती है। पवन खेड़ा ने दावा किया कि हीरन जोशी किसी सट्टेबाजी ऐप में शेयरधारक हैं और पीएमओ के पद पर रहते हुए अवैध व्यावसायिक हितों को बढ़ावा दे रहे थे। उन्होंने सवाल उठाया, 'कौन सी बेटिंग ऐप में उनकी हिस्सेदारी थी? पीएमओ में बैठकर वो क्या कर रहे थे?' यह आरोप जोशी के 'व्यावसायिक साझेदारों' और 'व्यक्तिगत संबंधों' पर केंद्रित है, जो कथित रूप से विदेशी निवेश या प्रभाव से जुड़े हैं।

## पीएम मोदी में असुरक्षा की भावना, विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से नहीं मिलने दिया जाता: राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मोदी सरकार विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से मिलने से रोक रही है क्योंकि वह खुद को असुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई विशिष्ट विदेशी मेहमान भारत आता है या वह विदेश जाते हैं तो सरकार की तरफ से कहा जाता है कि उनसे (राहुल से) मुलाकात नहीं होनी चाहिए।कांग्रेस नेता ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से कुछ घंटे पहले यह दावा किया। पुतिन आज शाम आधिकारिक दौरे पर भारत आएंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''आमतौर पर यह परंपरा रही है कि जो विदेशी मेहमान भारत आते हैं उनकी नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात होती है। यह अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय होता था और मनमोहन सिंह जी के समय भी होता था। आजकल यह होता है कि जब बाहर से कोई आता है या मैं कहीं बाहर जाता हूं तो सरकार सुझाव देती है कि बाहर से आने वाले अतिथि या उनके (राहुल के) बाहर जाने पर वहां के लोग नेता प्रतिपक्ष से नहीं मिलें।''उनका कहना था कि सरकार यह हर बार करती है। राहुल



गांधी ने कहा, ''हिंदुस्तान का प्रतिनिधित्व हम भी करते हैं, सिर्फ सरकार नहीं करती है। सरकार नहीं चाहती कि विपक्ष के लोग बाहर के लोगों से मिलें।''उन्होंने दावा किया, ''यह परंपरा है, लेकिन मोदी जी इसका पालन नहीं कर रहे हैं, विदेश मंत्रालय पालन नहीं कर रहा है। यह उनकी असुरक्षा की भावना है।'' राहुल गांधी के बयान पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दावा किया कि यह सरकार असुरक्षा का भाव रखती है।उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''एक प्रोटोकॉल होता है। आने वाले सभी बड़े लोग नेता प्रतिपक्ष से मिलते हैं। सरकार प्रोटोकॉल को तोड़ रही है और उनकी सारी नीतियां इसी पर आधारित हैं। वे नहीं चाहते कि कोई दूसरी आवाज उठे। वे किसी और की राय नहीं सुनना चाहते। उन्हें लोकतंत्र में प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए।''

## धनबाद में भूमिगत खदानों से जहरीली गैस के रिसाव की जांच के आदेश

झारखंड के धनबाद जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को भूमिगत खदानों से जहरीली गैस रिसाव की घटना की जांच के आदेश दिए, जिसके कारण भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) को लगभग 1000 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को केंदुआडीह बस्ती के विभिन्न स्थानों पर ऐसी खदानों से कार्बन मोनोऑक्साइड लीक होने से एक महिला की कथित तौर पर मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग बीमार पड़ गए। उन्होंने बताया कि महिला की मौत के वास्तविक कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकेगी। धनबाद के उपायुक्त (डीसी) आदित्य रंजन ने भूमिगत खदानों से जहरीली गैस रिसाव की जांच के आदेश दिए और कोयला कंपनी को प्रभावित क्षेत्र के निवासियों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा, ''जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'' डीसी ने अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की। उन्होंने रिसाव के कारणों, उन्हें रोकने के लिए किए गए उपायों तथा प्रभावित निवासियों को वहां से स्थानांतरित करने की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने लोगों को 'खतरनाक क्षेत्रों' से बाहर निकालना शुरू कर दिया।

## विधायक निसात आलम के निर्देश पर सितापहाड़ी के नया टोला में नया ट्रांसफार्मर स्थापित, ग्रामीण

# संक्षिप्त खबरें

### उपभोक्ताओं के बीच खुशी की लहर

**पाकुड़, झारखंड :-** सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सितापहाड़ी के गौरीपुर नया टोला में



बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्षेत्र की विधायक मोहतरमा निसात आलम के निर्देश पर 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर, 20 नए बिजली पोल तथा विद्युत तार-कनेक्शन का कार्य पूर्ण किया गया है। विद्युत अवसंरचना के इस विस्तार से ग्रामीणों को अब बेहतर और स्थायी बिजली आपूर्ति, कम कटौती तथा निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान हुआ है। कार्य पूरा होते ही ग्रामीणों में खुशी देखी गई। स्थापन कार्य के दौरान सीतापहाड़ी पंचायत के मुखिया आसिफ अली, कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने इस जनहितकारी पहल के लिए विधायक निसात आलम के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि आगे भी क्षेत्र में विकास कार्यों की ऐसी ही निरंतरता बनी रहेगी।

## चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती का विनष्टीकरण, लगभग 10 एकड़ में लगी फसल नष्ट

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बीते



शुक्रवार को प्राप्त सूचना के आधार पर चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम डोडिया एवं मोर्निया में वन विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग 10 एकड़ में अवैध रूप से लगी अफीम की खेती को चिन्हित करते हुए मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। घटनास्थल से कई वस्तुएँ बरामद कर मौके पर ही नष्ट की गई जिसमें 05 सेक्शन पाइप, 4 डिलीवरी पाइप, 2 हौंडा सेट शामिल हैं। अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों के नाम-पता का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान के उपरान्त उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर अग्रतर कार्रवाई जारी है। संयुक्त अभियान में अजित कुमार बिमल एसडीपीओ बरही, चंद्रशेखर कुमार पुनि बरही अंचल, बिनोद कुमार पुनि बरही थाना प्रभारी, सरोज सिंह चौधरी थाना प्रभारी चौपरण, एसआई रवि रंजन, एसआई सुबिन्दर राम, एएसआई बदल महतो एवं सशत्र बल, कुलदीप महतो बनपाल शामिल रहें। अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मृदा दिवस का हुआ आयोजन




**आजमगढ़।** मृदा जो कि हमारे अन्नत जीवन का आधार है। लेकिन बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और असंतुलित कृषि पद्धतियों के कारण मृदा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। आज के समय में जनपद आजमगढ़ में पोषक तत्वों की उपलब्धता में नाइट्रोज अति न्यून , फास्फोरस न्यून एवं पोटास मध्यम में उपलब्ध है। मृदा को स्वस्थ रखने के लिए अति आवश्यक तत्व जीवाश्म कार्बन जो को 0.8 होना चाहिए आज के समय में 0.2 तक पहुंच गया जो बीजों के जमाव से लेकर बेहतर उत्पादन को प्रभावित करता है। मृदा को स्वस्थ रखने के लिए विश्व मृदा दिवस जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष 5 दिसंबर को मनाए जाने के लिए संकल्प लिया गया। जिसके अंतर्गत आज 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर, 'स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ्य मिट्टी' थीम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा आजमगढ़ प्रथम एवं कृषि विभाग द्वारा मृदा दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त निदेशक कृषि ने मृदा उर्वरता को बचाने की उपायों के बताया, उप निदेशक कृषि ने बताया कि जैविक खादों के उपयोग से ही मृदा की उर्वरता को बढ़ाया जा सकता है। सहायक निदेशक मृदा ने मृदा स्वस्थ के लिए मृदा जांच के बारे में बताया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार यादव ने कृषकों को स्वस्थ मृदा के लिए संतुलित पोषक तत्वों के प्रयोग के बारे में बताया। केंद्र के वरिष्ठ मृदा वैज्ञानिक डा. रणधीर नायक ने एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताया । कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी, फसल सुरक्षा अधिकारी, केंद्र के वैज्ञानिक डा. विजय विमल, आकांक्षा सिंह, डा. सुमन देवी, डा. दिव्या सिंह सहित सैकड़ों कृषकों ने प्रतिभाग किया।

# कोयला खदानों के बीच जान हथेली पर रखकर स्कूल जा रहे हैं मासूम, सुरक्षा के लिए एक भी गार्ड नहीं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**केरेडारी, हजारीबाग, झारखण्डः-** केरेडारी जोरदाग मध्य विद्यालय अगर टोला के बच्चे रोज़ाना जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुँचते हैं। स्कूल के आसपास फैली कोयला खदानों और वहाँ लगातार चल रही भारी वाहनों के कारण रास्ता बेहद खतरनाक हो गया है अभिभावक हर दिन दहशत में बच्चों को स्कूल भेजते हैं, क्योंकि ज़रा सी चूक बड़े हादसे में बदल सकती है।स्कूल जाने के लिए बच्चों को खदान क्षेत्र के पास से होकर गुजरना पड़ता है, जहाँ ट्रकों और डंपरों की तेज़ आवाजाही बनी रहती है। कई जगह सड़क टूटी हुई है, धूल और गड्ढों से भरी है, जिससे फिसलने और गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है। बारिश होने पर यह रास्ता कीचड़ में बदल जाता है, तब बच्चों के लिए पैदल चलना और भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के समय पर न तो ट्रैफिक नियंत्रण की कोई व्यवस्था है और न ही बच्चों की सुरक्षा के लिए एक भी गार्ड तैनात रहता नहीं है आसपास के लोगों को डर है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।अभिभावकों का आरोप है कि खनन कंपनी बच्चों की सुरक्षा को लेकर लापरवाह हैं। वे कहते हैं कि जब खदान से कंपनी को करोड़ों की कमाई होती है, तो बच्चों के लिए सुरक्षित रास्ता, स्कूल बस या कम से कम सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करना उनकी जिम्मेदारी बनती है। कई अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे खनन कंपनी तत्काल समाधान निकाले। वे चाहते हैं कि स्कूल आने-जाने के समय खदान क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही सीमित की जाए, बच्चों के लिए सुरक्षित वाहन या वैकल्पिक मार्ग दिया जाए और स्कूल के पास स्थायी रूप से सुरक्षा गार्ड तैनात हों। साथ ही, बच्चों की सुरक्षा की नियमित निगरानी हो, ताकि मासूम बिना डर के पढ़ाई कर सकें और किसी भी तरह की दुर्घटना की आशंका खत्म हो सके।

## तीन वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन सश्रम कारावास

कुशीनगर की एक विशेष 'पॉक्सो' अदालत ने बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को पांच साल से अधिक समय पहले तीन साल की बच्ची से बलात्कार करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत विशेष अदालत ने दोषी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फूलबदन व अजय गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार ने मामले में सत्येंद्र को दोषी करार देते हुए कहा कि उसे सभ्य समाज में रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि मौका मिलने पर वह किसी अन्य मासूम बच्चे को भी अपना शिकार बना सकता है। अदालत ने कहा कि तीन साल की बच्ची से ऐसा जघन्य कृत्य करने वाला व्यक्ति अधिकतम सजा का हकदार है। सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि वादी ने 23 जून 2020 को नेबुआ नौरंगिया थाने में सूचना दी कि आरोपी आम खिलाने के बहाने उनकी तीन वर्ष की बच्ची को अपने घर ले गया। घर में कोई नही था, जहां उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। इधर बच्ची को ढूंढने निकली उसकी मां को लोगों ने बताया कि उन्होंने बच्ची को सत्येंद्र संग जाते देखा था। बच्ची की तलाश में मां आरोपी के घर गई, जहां उसने सत्येंद्र को बच्ची का यौन उत्पीड़न करते देखा। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने जुर्माने का 80 प्रतिशत पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया है।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन रहे सक्रिय

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन की कार्यवाही में सम्मिलित हुए। सत्र के दौरान विधायक ने सदन की कार्यवाही में सहभागिता करते हुए राज्य के विधायी कार्यों, नीतिगत चर्चाओं तथा आगामी विधायी एवं वित्तीय एजेंडे से स्वयं को विस्तार से अवगत किया। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित प्रस्तावित नीतियों और योजनाओं पर गंभीरता से अध्ययन कर आगे होने वाली चर्चा के लिए तैयारी की। श्री प्रसाद ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा प्रयास रहता है कि प्रत्येक सत्र में पूरी गंभीरता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने क्षेत्र की समस्याओं और जनता की अपेक्षाओं को सदन में प्रभावी रूप से उठाऊं। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाना और जनहित के मुद्दों को नीतिगत फैसलों तक पहुँचाना ही मेरा प्राथमिक दायित्व है। उन्होंने यह भी संकेत किया कि आगामी दिनों में शीतकालीन सत्र के दौरान वे अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कृषि, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को क्रमबद्ध तरीके से सदन के पटल पर रखेंगे, ताकि नीतिगत स्तर पर ठोस निर्णय हो सके। विधायक ने आशा व्यक्त की कि यह शीतकालीन सत्र रचनात्मक विमर्श, सार्थक बहस और जनहितकारी निर्णयों के लिए जाना जाएगा, तथा सरकार और विपक्ष दोनों की संयुक्त पहल से राज्य के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

# बलिया में एक ही रात तीन दर्दनाक हादसेः तीन की मौत, कई गंभीर—सड़क पर रफ्तार बना कहर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया।** गुरुवार देर रात तीन अलग-अलग मार्गों पर हुए भयावह सड़क हादसों ने जिले को दहला दिया। तीन घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

**हल्दी में स्कॉर्पियो-टेम्पो भिड़ंत, स्कॉर्पियो में लगी आग किन्नर की मौत, पांच गंभीर**

हल्दी थाना क्षेत्र में आधी रात स्कॉर्पियो और टेम्पो की जोरदार टक्कर में स्कॉर्पियो धू-धू कर जल उठी। हादसे में दिल्ली निवासी किन्नर जोया (25) की मौके पर मौत हो गई, जबकि त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और कोलकाता की पांच थर्ड जेंडर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी शादी समारोह से लौट रहे थे। घायलों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया।

**रसड़ा में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकराई, 21 वर्षीय युवक की मौत**

पीरकपुर निवासी रितिक चौहान (21) अपनी बहन के निमंत्रण से लौटते समय तपनी गांव के पास पुआल लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। रितिक की मौके पर मौत हो गई। उसके साथ बैठे किसन चौहान और पीयूष गंभीर रूप से घायल हैं। परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**बेल्थरा मार्ग पर बोलेरो-कंबाइन हार्वेस्टर टक्कर, युवक की गई जान - तीन घायल**

एचपी गैस एजेंसी के पास बोलेरो और कंबाइन हार्वेस्टर की टक्कर में हुमानगंज निवासी कृष्णा की मौके पर मौत हो गई। बोलेरो में सवार तीन लोग—अजय, शशि और बब्बन—गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। इन तीनों दुर्घटनाओं ने जिले में सड़क सुरक्षा और रात में वाहन संचालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## एसआईआर का आंकड़ा प्रकाशित करे, BLOs पर जानलेवा दबाव न डाला जाए :अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अब तक हुए काम को प्रकाशित करने और यह सुनिश्चित करने की मांग की कि बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर 'जानलेवा दबाव' न डाला जाए। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मांग की कि राज्य में एसआईआर का जितना भी काम हुआ है, उसका आंकड़ा प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा, ''बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए।'' यादव ने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि सत्ताधारियों के दल और उनके संगी-साथी पिछले दरवाज़े से इस काम में अब नहीं हैं और न आगे कभी होंगे। सपा प्रमुख ने मांग की, ''इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।

# संसदीय अध्ययन समिति की समीक्षा बैठक संपन्नः जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश, विभागों की कार्यप्रगति पर हुई विस्तृत चर्चा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






**बलिया।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मा0 सभापति श्री किरण पाल कश्यप ने की। बैठक की शुरुआत जिला स्तरीय अधिकारियों के परिचय से हुई। इस दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मा0 सभापति को पुष्पगुच्छ, साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में वर्तमान सरकार के गठन से अब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए आवेदनों एवं पत्रों पर विभागवार की गई कार्रवाई की व्यापक समीक्षा की गई। पुलिस, राजस्व, मुख्य चिकित्साधिकारी, पंचायती राज, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, विद्युत, कृषि, पूर्ति, पशुपालन, चकबंदी सहित अधिकांश विभागों ने बताया कि उनके पास प्राप्त अधिकतर आवेदन पत्रों का निस्तारण कर लिया गया है। हालांकि समिति ने पाया कि कुछ विभाग समय पर निस्तारण की जानकारी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। इस पर सभापति ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग तत्काल समिति को अद्यतन विवरण उपलब्ध कराएँ। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तीन आवेदन अब तक लंबित पाए गए, जिनके शीघ्र निस्तारण के कड़े निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को सरकार की छूट योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए लाउडस्पीकरों के माध्यम से जनता को जागरूक करने के निर्देश मिले। वहीं जिला समाज कल्याण विभाग से अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रवृत्ति की स्थिति पूछी गई। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद के 61,000 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की धनराशि प्रदान की जा चुकी है। मा0 सभापति श्री कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण समयसीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें तथा समिति को नियमित रूप से अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में सभी विभाग पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों। बैठक में समिति सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, अनु सचिव एवं समिति अधिकारी विनोद कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, सीडीओ ओजस्वी राज, अपर निजी सचिव अमितेश पाल, प्रतिवेदन अधिकारी राम प्रकाश पाल, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम शर्मा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विश्व मृदा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, बताई गई मृदा संरक्षण की अहमियत

### ● मिट्टी सिर्फ ज़मीन का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारी जिंदगी की बुनियाद : डॉ मुनीष गोविंद

### हमारे अस्तित्व की नींव है मृदा : प्रो पीके नायक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कृषि विभाग की ओर से शुक्रवार को विश्व मृदा दिवस बड़े उत्साह और जज़्बे के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मृदा संरक्षण, सतत कृषि पद्धति और कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि मिट्टी हमारे अस्तित्व की नींव है। अगर मिट्टी स्वस्थ है तो कृषि, पर्यावरण और मानव जीवन, सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किसानों और विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्व मृदा दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि मिट्टी सिर्फ ज़मीन का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारी ज़िंदगी की बुनियाद है। इसकी सेहत में ही हमारी खेती, हमारा पर्यावरण और हमारा कल छिपा है। हमारा विश्वविद्यालय शोध, नवाचार और व्यवहारिक शिक्षा का संगम है। हम आधुनिक तकनीक, मृदा परीक्षण सुविधाओं और फ़ील्ड-आधारित ट्रेनिंग के ज़रिए विद्यार्थियों को ज़मीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने मृदा की गुणवत्ता में गिरावट पर चिंता जताते हुए कहा कि अत्यधिक रासायनिक उपयोग, कटाव और जलवायु परिवर्तन मिट्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हमें जैविक खेती, फसल चक्रीकरण और आधुनिक मृदा परीक्षण तकनीकों को बढ़ावा देना होगा, तभी खेती का भविष्य सुरक्षित रहेगा। कृषि विभाग के डीन डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि विभाग, विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा, मृदा परीक्षण, नमी संरक्षण और उर्वरक प्रबंधन के उन्नत तरीकों से प्रशिक्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि तभी मजबूत होगी जब किसान मिट्टी को समझेंगे। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी भविष्य के ऐसे कृषि विशेषज्ञ बनें, जो धरती को बचाने में अहम भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर कृषि विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मृदा संरक्षण के महत्व पर प्रस्तुति दी। संचालन सह-प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी ने किया, जिनके संचालन ने कार्यक्रम में एक रौनक पैदा कर दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में डीन डॉ अरविंद कुमार, एचओडी डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, डॉ सुजीत कुमार पटेल सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पटना एयरपोर्ट से इंडिगो की 26 जोड़ी उड़ानें रद्द, यात्रियों को हुई भारी परेशानी

**पटना।** शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पर इंडिगो की उड़ान सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। ऑपरेशनल कारणों से दिनभर में आने और जाने वाली कुल 26 जोड़ी फ्लाइट्स रद्द कर दी गई। अचानक उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री घंटों तक एयरपोर्ट पर जानकारी के इंतजार में बैठे रहे, जबकि कुछ को अपनी यात्रा योजना रद्द करनी पड़ी। जिन उड़ानों को रद्द किया गया, उनमें दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, भोपाल, भुवनेश्वर और कोलकाता से आने-जाने वाली कई प्रमुख उड़ानें शामिल थीं। सुबह 7:55 बजे आने वाली दिल्ली (6E 6387) से लेकर रात 11:05 बजे आने वाली हैदराबाद (6E 6334) तक लगभग हर स्लॉट की उड़ानें रद्द रहीं। इसी तरह रिटर्न उड़ानें भी निर्गमन समय पर रद्द घोषित की गई। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, प्रभावित यात्रियों को एयरलाइन की ओर से रीबुकिंग या रिफंड की सुविधा दी जा रही है। वहीं, यात्रियों ने अचानक रद्दीकरण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार कई दिनों से इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति बनी हुई है, जिससे यात्रा प्रभावित हो रही है।

## आरोग्यम अस्पताल द्वारा आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर संपन्न

### ● लगातार मरीजों की भीड़, डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने कराया उपचार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंड :-** जिले के प्रमुख और विश्वसनीय स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल आरोग्यम अस्पताल द्वारा शुक्रवार को आयोजित निःशुल्क हृदय जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से शुरू होकर देर दोपहर 4 बजे तक चले इस शिविर में लगातार मरीजों की भीड़ बनी रही। शहर के साथ-साथ दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और डेढ़ सौ से अधिक मरीजों ने जांच एवं उपचार का लाभ उठाया। शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी, पल्स सहित हृदय संबंधी सभी आवश्यक जांचें पूरी तरह निःशुल्क की गई। हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श और प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध कराया गया। मरीजों ने अस्पताल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत उपयोगी हैं और ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए। शिविर का संचालन हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमन सिन्हा एवं डॉ. रवि रंजन की निगरानी में किया गया। दोनों चिकित्सकों ने मरीजों को हृदय स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए और नियमित जांच के महत्व पर विशेष जोर दिया। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि हृदय रोग तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। समय पर जांच और जागरूकता ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आरोग्यम अस्पताल भविष्य में भी जनहित में ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहेगा। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज का आधार है। आरोग्यम अस्पताल हमेशा से जनस्वास्थ्य और जागरूकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है। निःशुल्क हृदय जांच शिविर का उद्देश्य जिले के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अस्पताल प्रबंधन ने सभी सहयोगियों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में बड़े पैमाने पर और भी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# उचित दर विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, लाभांश बढ़ाने व मिनिमम इनकम गारंटी की उठाई मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी आजमगढ़ के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में खाद्यान्न एवं चीनी पर दिए जाने वाले लाभांश में वृद्धि तथा अन्य राज्यों की तर्ज पर मिनिमम इनकम गारन्टी लागू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। कोटेदारों ने कहा कि प्रदेश में वे शासन के मंसानुसार नियमित रूप से ई-पास मशीन से पारदर्शी वितरण करते हैं। कोरोना काल में भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निःशुल्क राशन वितरण में पूरी ईमानदारी से योगदान दिया गया। इस कार्य की सराहना पूरे देश में हुई और उत्तर प्रदेश को भारत सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इसके साथ ही कोटेदारों ने यह भी बताया कि राशन वितरण के अलावा सरकार द्वारा समय-समय पर दिए गए अन्य कार्य जैसे—आयुष्मान कार्ड वितरण, किसान फार्मर रजिस्ट्री, एसआईआर वोटर लिस्ट संशोधन आदि में भी सक्रिय सहयोग किया जाता है।




**अन्य राज्यों की तुलना में कम लाभांश**

ज्ञापन में बताया गया कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को मात्र 90 प्रति कुन्तल लाभांश मिलता है, जबकि अन्य राज्यों में यह दर काफी अधिक है—

हरियाणा - 200 प्रति क्विंटल
गोवा - 220 प्रति क्विंटल
केरल - 200 प्रति क्विंटल
दिल्ली - 200 प्रति क्विंटल
गुजरात - मिनिमम इनकम गारंटी 20,000 प्रतिमाह

कोटेदारों ने मांग की कि उत्तर प्रदेश में भी अन्य राज्यों की भांति लाभांश बढ़ाया जाए तथा मिनिमम इनकम गारंटी लागू की जाए, जिससे बढ़ती महंगाई के बीच परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से हो सके।

**28 जनवरी से अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी**

कोटेदारों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो वे 28 जनवरी 2026 से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और विधानसभा घेराव के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में महेंद्र यादव, सौरभ, दीनानाथ, दीपक पांडे, विजय कुमार राय सहित जनपद के कई कोटेदार उपस्थित रहे।

# सपा सांसद ने प्रदेश की समस्या सदन में गिनाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



समाजवादी पार्टी के नेता लोकसभा मुख्य सचेतक लोक लेखा समिति भारत के सदस्य एवं सांसद आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव ने लोकसभा में उन लाखों संविदा कर्मियों शिक्षामित्र अनुदेशकों रोजगार सेवकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पंचायत कर्मी और रसोइयों की आवाज उठाई जिनके कंधों पर व्यवस्था चलती है लेकिन जिनकी अपनी जिंदगी और सुरक्षा में गुजरती है। उन्होंने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश में 18 लाख से ज्यादा और देश के कई करोड़ संविदा कर्मियों की संविदाकर्मी की नौकरी की असुरक्षा वेतन की कमी नियमित लाभ नहीं मिलने से समाज में सबसे परेशान उपेक्षित और निरीह है। उन्होंने कहा कि आशा बहू को केवल 2000 रोजगार सेवकों को 8850 शिक्षामित्र को 10000 आंगनबाड़ी को केवल 5000 सहायिकाओं को 2700 अनुदेशकों को केवल 8700 सहायकों को 5000 रसोइयों को केवल 2000 का मानदेय दिया जा रहा है ।साथ ही साथ उनके ठेकेदार जो नियुक्तिकर्ता है जिसने उनकी नियुक्ति की है, वह भी उनका शोषण कर रहे हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा सेवा यही संविदा कर्मचारी कर रहे हैं और अभी हाल ही में हो रही ह्यद्वह्न भी उ इन्हीं संविदा कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें कई संविदा कर्मियों ने आत्महत्या कर लिया और कई की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मेरी मांग है कि केंद्र सरकार जो 5 ट्रिलियन इकोनामी की बात करती है जो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की बात करती है वह इन संविदा कर्मियों को स्थाई करें और उन्हें स्थाई कर्मियों की जो सुविधाएं , बीमा, सेवाएं , स्वास्थ्य लाभ उनको और उनके परिवार को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नीतियों का सवाल नहीं बल्कि उन परिवारों की उम्मीद गरिमा का सवाल है जो हर दिन संपूर्ण समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं ।हम समाजवादी लोग आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में सड़क से संसद तक उनके साथ खड़े रहेंगे जब तक हमारे इन सभी कर्मियों को न्याय नहीं मिलता। हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस को मजबूत करने एवं दिल्ली रैली में पहुंचने की गई अपील



**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक मासिक बैठक चौराहे स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई की अध्यक्षता जसपाल सिंह एवं अतिथि डॉक्टर खेमचंद वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि राकेश रजक पूर्व जिला अध्यक्ष रहे। बैठक में विस्तृत रूप से एस आई आर पर चर्चा की गई जिसमें सभी blaw को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने बूथों पर 100% मतदाता बनाए जाने में सहयोग करें और किसी भी व्यक्ति का नाम छुटने ना पाए इस दौरान वर्मा ने कहा कि कांग्रेस को संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव और ब्लॉक हर ब्लॉक स्तर पर चौपाल लगाना आवश्यक है और लोगों की समस्याओं से रूबरू होना भी आवश्यक है श्री रजक ने कहा कि 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली में बृहद रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त कांग्रेस जंन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं हम सभी के पहुंचने से राहुल गांधी प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हाथ मजबूत होंगे इस अवसर पर महासचिव शशीकांत दीक्षित, महिला नेत्री श्रीमती रामदेवी समोग़र, किसान कांग्रेस के प्रांतीय नेता उपाध्यक्ष बिट्टू राजा, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक रैकवार, संजीव चौरसिया, शिवा राजा, रामदास अहिरवार, मोहन सिंह चंदेल, सीताराम राय, उदल सिंह चंदेल, असलम खान राहुल सेन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### SIR-2026 में महरौनी तहसील ने रचा कीर्तिमान, शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर सम्मान समारोह सम्पन्न



**महरौनी।** तहसील महरौनी में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) कार्यक्रम के शत-प्रतिशत पूर्ण होने पर आज भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई ने की। कार्यक्रम में SIR-2026 में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी सुपरवाइजर, बीएलओ, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित संबंधित विभागीय कार्मिकों को उपजिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपजिलाधिकारी श्री रजनीश बाजपेई ने टीम द्वारा किए गए समर्पित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में त्रुटि-रहित परिणाम सुनिश्चित करने के लिए टीम ने जिस जिम्मेदारी और ईमानदारी से कार्य किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होना टीम भावना, समन्वय और समयबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि इस उपलब्धि से न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ी है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी मजबूती मिली है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा के साथ दायित्व निभाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्मिकों ने स्इक्र-2026 के सफल व त्रुटिरहित समापन पर गर्व एवं खुशी व्यक्त की।

### उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ बबीता सिंह चौहान 6 दिसम्बर को आयेंगी ललितपुर

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि मा. अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग डॉ बबीता सिंह चौहान 06 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। प्रातः 11:30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।

## न्याय की चौखट पर विधवा माँ का रुदन सोनभद्र में गवाहों को पिता की तरह मार डालने की खुली धमकी प्रशासन की अनदेखी पर गंभीर सवाल

### ● खतरे में न्याय! योगीराज में नहीं हो रही सुनवाई, न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डालने का संगठित आपराधिक षड्यंत्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** सोनभद्र जिले में कानून और व्यवस्था को सीधे चुनौती देते हुए न्याय की प्रक्रिया पर हमला किया गया है। रेणुकूट में, एक गंभीर मुकदमे के मुख्य गवाहों के सामने ही अभय प्रताप सिंह, पुत्र स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह (बबलू सिंह) पर जानलेवा हमला किया गया, जिसके बाद उन्हें तुम्हारे पिता की तरह हत्या कर देंगे की खुली धमकी दी गई। इस पूरे प्रकरण में सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि पीड़ित की विधवा माँ अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, और उनका सीधा आरोप है कि योगीराज में प्रशासन पीड़ित की सुनवाई नहीं कर रहा है। यह सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र दिनांक 04 दिसंबर 2025 की रात को चुर्क स्थित विकास बैंक्वेट के बाहर रचा गया। पीड़ित अभय प्रताप सिंह अपने चार मुख्य गवाहों गणेश तिवारी, किशन सिंह, दिलीप बागले, और सत्या सिंह के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। गाड़ी से उतरते ही, अनिल सिंह, बृजेश सिंह, शानू सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अखिल यादव सहित लगभग पांच अन्य लोगों ने अभय प्रताप सिंह को अचानक घेर लिया। हमलावरों ने तुरंत गवाहों के सामने अभय प्रताप सिंह को लक्षित करते हुए चिल्लाकर धमकी दी जैसे तुम्हारे पिता की हत्या की गई थी, वैसे ही तुम्हारी भी हत्या कर देंगे, साले मुकदमे की पैरवी बंद कर दो। यह बयान स्पष्ट रूप से हत्या की धमकी है और दर्शाता है कि हमलावरों का मुख्य उद्देश्य गवाहों को डराकर और पीड़ित को खत्म करके न्यायिक प्रक्रिया को पूरी तरह से बाधित करना है। धमकी के तत्काल बाद हिंसा हुई।

अनिल सिंह के उकसाने पर, बृजेश सिंह ने अभय प्रताप सिंह के चेहरे पर कड़े से जोरदार प्रहार किया। जबकि शानू सिंह, अखिल यादव और रुद्र प्रताप सिंह ने पीड़ित के हाथ पकड़े रखे। प्रहार इतना घातक था कि अभय प्रताप सिंह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े, और उनके चेहरे से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित अभय प्रताप सिंह ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी जान को वास्तविक खतरा बताया है, क्योंकि यह हमला पूर्व की एक गंभीर घटना (पिता की हत्या) से जुड़ा है। पीड़ित की माँ, एक प्रताड़ित विधवा, ने न्याय की गुहार लगाते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए विधवा माँ का पक्ष ने बयान में कहा मैंने पूर्व में भी अपनी जान को खतरे की लिखित सूचना प्रशासन को दी थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यह हमला साबित करता है कि अपराधी बेखौफ हैं। मेरे परिवार और मेरे बच्चों की सुरक्षा खतरे में है, और हमें दर-दर चौखट काटनी पड़ रही है। हम योगीराज में हैं, फिर भी प्रशासन पीड़ित की सुनवाई क्यों नहीं कर रहा है? अभय प्रताप सिंह ने प्रशासन से कठोर अपेक्षा व्यक्त की है कि आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (IPC) की गंभीर धाराओं के अंतर्गत तत्काल, प्रभावी और कठोर कार्रवाई की जाए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, क्षेत्र के नागरिकों और न्यायविदों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस घटना को केवल मारपीट के तौर पर न देखा जाए, बल्कि इसे गवाहों को धमकाने और न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करने के एक संगठित आपराधिक षड्यंत्र के तौर पर तुरंत दर्ज किया जाए। पुलिस प्रशासन का आधिकारिक बयान और उनकी कार्रवाई की गति अब सवालों के घेरे में है। अभय प्रताप सिंह और उनके गवाहों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास बना रहे।

## सरकार की विकासपरक योजनाओं से पर्यटन विकास, आय सृजन और मनोरंजन के साथ-साथ लोगों के रोजगार का साधन बना लखंजन का मनरेगा पार्कः जिलाधिकारी

### ●सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए डीएम ने की मनरेगा पार्क की प्रसंशा

### जिले के ऐसे सभी रोजगारपरक प्रोजेक्ट निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के दिये निर्देश

### मुख्य विकास अधिकारी ने गिनाईं मनरेगा पार्क की उपलब्धियां



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनपद की पात्र जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की इन योजनाओं से छूटने न पाए।

इसी के साथ उन्होंने जनपद की विकासपरक योजनाओं की जमीनी हकीकत और उनके सकारात्मक प्रभाव जानने के लिए भी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता की, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने बताया कि जनपद के महत्वाकांक्षी विकासखण्ड मड़ावरा लखंजर गांव में मनरेगा पार्क का निर्माण एक महत्वपूर्ण उपलब्धी है। इस पार्क के निर्माण से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिले हैं। जिलाधिकारी ने मनरेगा पार्क की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, जिले में ऐसे सभी प्रोजेक्ट, जिनसे आमजन को रोजगार के साथ-साथ पर्यटन विकास व मनोरंजन के अवसर मिलें, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए।

मुख्य विकाव अधिकारी ने बताया कि मनरेगा पार्क की सुंदरता और धसान नदी के किनारे स्थित होने के कारण, यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए जगह है और नदी में वोटिंग बोटिंग की सुविधा है, जिससे लोगों को मनोरंजन के अवसर मिलते हैं। इसके साथ ही इस पार्क के निर्माण से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हुई है, जिससे ग्राम पंचायत अपने विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकती है।

उन्होंने यह भी बताया कि मनरेगा पार्क के निर्माण और इसके रखरखाव से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। पार्क की सुंदरता और नदी के किनारे स्थित होने के कारण, यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पार्क के निर्माण से ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हुई है, जिससे ग्राम पंचायत अपने विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकती है। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए जगह है और नदी में वोटिंग बोटिंग की सुविधा है, जिससे लोगों को मनोरंजन के अवसर मिलते हैं।

इस प्रकार, मनरेगा पार्क का निर्माण लखंजर गांव के लिए एक वरदान साबित हुआ है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और मनोरंजन के अवसर भी मिले हैं।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय सतौरा के बच्चों ने जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन



**ललितपुर।** एक बार फिर उच्च प्राथमिक विद्यालय सतौरा के बच्चों ने अपने विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। लगातार चौथे वर्ष जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता की विभिन्न प्रतियोगिताओं भाग लेकर विजय श्री प्राप्त की।आज की क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने समूह गान, लोकगीत प्रतियोगिता में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही एकांकी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। और मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अपना स्थान पक्का करने पर सभी छात्राएं बहुत प्रसन्न नजर आई। विद्यालय के प्रधानाध्यक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति बालिकाओं बहुत मेहनत की और शानदार प्रदर्शन किया। इसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ वर्षा सैनी, मीणा निरंजन,जगभान,कुलदीप चौधरी का भरपूर सहयोग मिला।

## एस आई आर के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के एस आई आर के अंतर्गत एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत द्वारा की गई। जिसमें राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश अतिथि के रूप में सरकार मनोहर लाल पंथ तथा सदर विधायक रामरतन कुशवाहा उपस्थित रहे । इस अवसर पर मनोहर लाल पंथ ने एस आई आर के अंतर्गत आगामी कार्यक्रम के बारे में चर्चा कर सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष ने सभी को अवगत कराया कि बी एल ए 2 और बूथ अध्यक्षों को भी अवगत कराएं कि जिन्हें नए मतदाता बनना है और उनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन सभी लोगों से फॉर्म 6 भरने का काम करना है और सभी से आग्रह करें कि यह फॉर्म जरूर भरें। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिला संयोजक सभी मंडल अध्यक्षों को अवगत कराएं कि जिन मतदाताओं को संशोधन कराना है वो फार्म 8 भरें। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने भी सभी कार्यकर्ताओं को एस आई आर के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला संयोजक एस आई आर अभियान बीजेपी हरिराम निरंजन, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे, रमेश कुमार सिंह लोधी ,जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, बंशीधर श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक , जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा लक्ष्मी रावत ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, दीपक पाराशर, मनविंदर कौर,सुनीता पंथ, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सह मीडिया प्रभारी ध्रुव राजा, मंडल अध्यक्ष नाराहट दीपेंद्र राजपूत , मंडल अध्यक्ष बार हरपाल सिंह, जखौरा कृपाल सिंह राजपूत, तालबेहट मण्डल अध्यक्ष नीरज पटेरिया, ललितपुर नगर मंडल अध्यक्ष भगत सिंह, महामंत्रीगण शुभम सोनी ,सुशील विश्वकर्मा, मनोज खटीक, रोहित रावत, रूपेश साहू, विक्रांत रावत, मंडल उपाध्यक्ष रवींद्र पाठक, विनोद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कल सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनशिकायतें सुनेंगे जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने आंशिक संशोधित कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए आमजन को अवगत कराया है कि उनकी अध्यक्षता में दिनांक 06-12-2025 को तहसील मडावरा में होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस जनहित में तहसील ललितपुर में आयोजित किया जायेगा। शेष आदेश यथावत रहेगा, जिसके तहत अपर जिलाधिकारी तहसील तालबेहट व अन्य उप जिलाधिकारी संबंधित तहसीलों में जनशिकायतें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। उन्होंने अधिकारी गणों को निर्देशित किया है कि दिनांक 06-12-2025 को तहसील ललितपुर में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

## जिलाधिकारी ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली

### ●मध्यान्ह भोजन में बच्चों को फल, दूध का अनिवार्य रूप से हो वितरण, इसके लिए वितरण के जीपीएस लोकेशन फोटो उपलब्ध करायें

### कार्यों में लापरवाही व डाटा मिसमैच होने पर एमआईएस मैनेजर व जिला समन्वय का स्पष्टीकरण तलब

### विकासखण्ड बार व जखौरा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की कम उपस्थिति पर दोनों बीईओ का स्पष्टीकरण तलब

### बैठक में अनुपस्थित रहने पर व बिना बताये जिला मुख्यालय छोड़ने पर जिला विपणन अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने व शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यों व योजनाओं की गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी कार्यों की एक-एक कर गहनता से समीक्षा की, मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत निर्धारित मेन्यू के अनुसार दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अच्छा व स्वादिष्ट भोजन वितरण में कोई कोताही न बरती जाए, इसके साथ ही निर्धारित दिवसों में फल व दूध वितरण किये जाने होते हैं, जिसके लिए दूध व फल वितरण की जीपीएस लोकेशन के साथ फोटो उपलब्ध कराये जाएं और निरीक्षण के दौरान इसका विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर गठित टास्क फोर्स समिति के अधिकारियों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर माहवार दिये गए लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों के निरीक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

कार्यों में लापरवाही एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन डाटा में अंतर पाये जाने पर जिलाधिकारी के द्वारा एमआईएस मैनेजर व जिला समन्वय को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। विकासखण्ड बार व जखौरा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की कम उपस्थिति पाये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया। इसके साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर व बिना बताये जिला मुख्यालय छोड़ने पर जिला विपणन अधिकारी का स्पष्टीकरण भी तलब किया। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अनुदेशक व शिक्षा मित्रों का मानदेय माह की 7 तारीख से पूर्व भुगतान किये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। इसी प्रकार मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोईयों के भुगतान पर जोर देते हुए कहा कि बजट की उपलब्धता के आधार पर प्रत्येक माहवार समय से भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बीएसए को 19 पैरामीटर्स पर जनपद के सभी विद्यालयों को आच्छादित कराने के निर्देश दिये। खाद्यान्न उठान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कोटेदार से खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु अधिकारियों की समिति गठित करते हुए निर्देश दिये कि कोटेदार से कितन खाद्यान्न उठाया गया है, उठान का प्रमाण पत्र व उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग के एई को निर्देश दिये कि नियमानुसार ध्वस्तीकरण कार्य शीघ्रता से करें, ताकि जनपद के बच्चों के लिए नये विद्यालय बनाये जा सकें। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिये कि शिफ्टिंग की धनराशि शिक्षा विभाग द्वारा देने के बाद भी अभी तक लाइन शिफ्ट न होने पर एमडी विद्युत को उनकी तरफ से पत्राचार करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नवजीवन कॉलोनी फेस-2 में 70 मीटर सड़क चार साल से अधूरी, नाराज नागरिकों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** नवजीवन कॉलोनी फेस-2, मोहल्ला हरदीला वार्ड नंबर-13 के जागरूक नागरिकों ने आज नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की गंभीर समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ले में लगभग 300 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन करीब 70 मीटर का हिस्सा कच्चा छोड़ दिया गया, जो पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस अधूरे मार्ग के कारण लोगों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। बरसात के दिनों में यह हिस्सा दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। गड्ढों में पानी भरने से दुर्गंध फैलती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। फिसलन के कारण कई बार बुजुर्ग चोटिल भी हो जाते हैं। निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया है। मोहल्लेवासियों ने जनहित में शेष मार्ग को तत्काल पक्का कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में श्रीमती पूनम शर्मा (सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी), वरिष्ठ नागरिक महेंद्र कुमार, पुरोहित उपेंद्र राय, प्रियंका सोनी, आसाराम, मलखान सिंह, आनंद, रविंद्र यादव, आयुष यादव, शैलेंद्र, नीरज, देवेंद्र, मगन, भजनलाल, हरचरण, राकेश, आर. पी. सिंह, बेद, राहुल, सुनील शर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे। नागरिकों ने चेताया कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### विश्वविद्यालयी प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय चुनार के विद्यार्थियों का जलवा

**चुनार मिर्जापुर।** महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के तत्वावधान में जे एन एम महाविद्यालय वाराणसी द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर के बी ए तृतीय सेमेस्टर के छात्र अभय यादव ने 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके पूर्व सनबीम महिला महाविद्यालय, वाराणसी में आयोजित अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में अमित कुमार एम ए तृतीय सेमेस्टर ने कांस्य पदक जीत कर महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के शतरंज की टीम में अपना स्थान बनाया। महाविद्यालय की टीम का नेतृत्व शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ अरविन्द कुमार ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला सहित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शहीद राजेन्द्र शुक्ल बलिदान दिवस पर नगर में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** नगर के शहीद पार्क में शुक्रवार को 1971 के भारत-पाक युद्ध के वीर सपूत अमर शहीद राजेन्द्र शुक्ल के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे दिन शहीद को याद करने का सिलसिला चलता रहा और हर तरफ देशभक्ति की छटा दिखाई दी। दिन की शुरुआत प्रातः कालीन बेला में स्कूली बच्चों की भव्य प्रभात फेरी से हुई। बच्चे हाथों में तिरंगा और बैनर लिए 'वंदे मातरम् ', 'भारत माता की जय' और 'अमर शहीद राजेन्द्र शुक्ल अमर रहें' के जोशीले नारे लगाते हुए नगर की मुख्य सड़कों से गुजरे। प्रभात फेरी का समापन शहीद पार्क में हुआ, जहां बच्चों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बच्चों के उत्साह ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा भर दी।

मुख्य समारोह में शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। दोपहर में एसआई अरविन्द कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रध्वज और बैंड की गूँज के बीच पूरा परिसर मौन श्रद्धा में डूब गया।कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बमोरी घाट के बच्चों ने बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रजनीश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बडौनिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी, पत्रकार, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में शहीद की वीरता और राष्ट्र सेवा को नमन किया। विदित हो कि महरौनी के लाल राजेन्द्र शुक्ल ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनके सम्मान में हर वर्ष 5 दिसम्बर को नगर में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाता है, जिसमें प्रशासन और आमजन मिलकर शहीद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

भावनात्मक माहौल में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान सदैव प्रेरणा देता है। महरौनी को इस बात का गौरव है कि इस धरा ने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया, जिसकी देशभक्ति और साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर शहीद राजेन्द्र शुक्ल स्मृति समारोह समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा । कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक पुष्पेन्द्र सिंह, सीवी गुप्ता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र गुप्ता, महेंद्र पीटीआई,पंकज जैन , राकेश द्विवेदी, दिनेश श्रीवास्तव, डॉ शतेद्र मलैया,अशोक शुक्ला ,पार्षद मुकेश श्रीवास्तव, अनिल शर्मा,उदयभान सिंह,अनूप अहिरवार, जाकिर अली, नीलेश लाला ,पवन मोदी,नूर मोहम्मद शिक्षक ,शाहिद सर आदि सहित स्मृति समारोह समिति के ठाकुर धीरज सिंह सिकरवार, प्रदीप पाठक, राजेश श्रीवास्तव ,कैलाश नारायण तिवारी, ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह, बृजेश रिछारिया ,दीपक तिवारी, संजय भौडेले, सचिन सोनी ,जय हिन्द सिंघई ,सतीश सिंघई, सुमित मिठया ,पवन पटैरिया, बृजेश नायक ,श्री राम रैकवार, उमेश कुशवाहा, भरत कुशवाहा, राजू पेंटर आदि उपस्थित रहे।शहीद महोत्सव में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत निशा ,म्यूजिकल आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जायेगा ।

## विगाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर –** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के विगाखेत टोल प्लाजा पर झाँसी विगाखेत टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं क्यूब रूट्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज विगाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललितपुर सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विपिन चौधरी एवं यातायात प्रभारी श्री आलोक तिवारी रहे, जिन्होंने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। यह नेत्र शिविर आगामी सात दिनों तक (11 दिसम्बर 2025 तक) टोल प्लाजा पर संचालित किया जाएगा।

शिविर में मेडिकल टीम द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं, विशेषकर ट्रक चालकों की आँखों की जांच की गई। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार चालकों को निशुल्क चश्मे (आई ग्लासेस) वितरित किए गए।

परियोजना प्रमुख श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ट्रक एवं वाहन चालकों को नियमित नेत्र जांच कराना है, ताकि नेत्र संबंधी समस्याओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी चालकों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया। प्लाज़ा प्रबंधक श्री विकास सक्सेना ने जानकारी दी कि आज शिविर में बड़ी संख्या में ट्रक चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आँखों की जाँच कराई। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक एवं मेडिकल टीम - डॉ. सुनील कुमार पाल, डॉ. विशाल यादव, अमित मौर्य, आर्यन मौर्य तथा समस्त टोल स्टाफ उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## जुम्मा नमाज़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 05.12.2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना रावतपुर क्षेत्रांतर्गत स्थित जामा मस्जिद में जुम्मा नमाज़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मस्जिद परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में लगाए गए सुरक्षा प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया गया तथा भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, प्वाइंट ड्यूटी व तलाशी व्यवस्था आदि को और प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारीगण को प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा की। पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सतर्कता व प्रभावी गश्त के माध्यम से पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी



**कानपुर।** दिनांक 5. 12.2025 को पुलिस उपायुक्त सेंट्रल द्वारा जोन कार्यालय में जोन के सभी थानों के क्राइम मुंशीयों की मीटिंग की गई तथा निम्नलिखित बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विभिन्न घटनाओं में संलिप्त रहे शातिर अपराधियों को चिन्हित कर छटनी की जाए। ऐसे शातिर अपराधियों पर उचित सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। लगातार सक्रिय रहने वाले अपराधियों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही तथा नई हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## मण्डी परिषद में दलहन-तिलहन क्रय केन्द्र हुआ संचालित, 29 जनवरी तक होगी खरीद

**प्रतापगढ़।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता देवेन्द्र बर्मन ने बताया है कि शासन द्वारा मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत दलहन-तिलहन (मूंग, मूगफली, उरद, तिल) की खरीद के लिए 29 जनवरी 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जनपद में सहकारिता विभाग के अन्तर्गत पीसीयू द्वारा मण्डी परिषद प्रतापगढ़ में दलहन-तिलहन का एक क्रय केन्द्र संचालित किया गया है। इस क्रय केन्द्र पर किसान मूंग 8768 रूपये प्रति कुन्तल, मूंगफली 7263 रूपये प्रति कुन्तल, उरद 7800 रूपये प्रति कुन्तल और तिल 9846 रूपये प्रति कुन्तल की दर से बेंच सकते हैं। किसान अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित एमएसपी पर फसल बेंच सकेगें। किसान गण दलहन-तिलहन खरीद से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए आजाद सिंह (जिला प्रबन्धक पीसीयू मोबाइल नम्बर 7518892190) से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## एडीएम ने किया कचरा संग्रहण प्रधाली का स्थलीय निरीक्षण

**चित्रकूट-** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने अरुण कुमार यादव ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कर्वी के वार्ड नंबर-23 गांधी गंज तथा वार्ड नंबर-25 बलदाऊ गंज में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहन, सफाई व्यवस्था तथा प्राथमिक एवं द्वितीयक कचरा संग्रहण प्रणाली का स्थलीय परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वार्ड नंबर 23 गांधी गंज में खाली प्लॉटों में कूड़ा फेंका जा रहा है, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्ड में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने एवं लोगों को घरेलू कचरा वाहन में ही डालने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, जिससे डोर-टू-डोर कलेक्शन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जा सके। एडीएम ने पुरानी कोतवाली, एल.आई.सी. तिराहा सहित अन्य स्थानों पर भी कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा अधिशासी अधिकारी को प्राथमिक एवं द्वितीयक कलेक्शन सेंटरों का सुव्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सेकेंडरी स्टोरेज के लिए जमीन का चिन्हीकरण करने तथा सभी सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वच्छ भारत मिशन) शिवा कुमार, नाजिर सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# घाटमपुर में चला संयुक्त प्रवर्तन अभियान 18 भारी वाहन सीज, 67 वाहनों का चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर घाटमपुर क्षेत्र में गुरुवार के देर रात सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को कड़ाई से लागू करने के लिए प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह, एसीपी कृष्णकांत तथा एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा की टीम ने थाना घाटमपुर और कुष्माण्डा माता मंदिर के पास भीतरगांव मोड़ तथा सजेती क्षेत्र के आनूपुर मोड़ पर अभियान संचालित किया। कार्रवाई में तीन थानों की फोर्स भी शामिल रही। अभियान के दौरान 18 भारी वाहनों को सीज किया गया और 67 वाहनों के 5,99000 रुपये के चालान किए गए। ब्रेथ एनालाइज़र से जांच में दो चालक नशे में वाहन चलाते पाए गए। एक अन्य मामले में बिना ड्राइविंग लाइसेंस के हैल्पर द्वारा वाहन चलाए जाने पर वाहन चालक का डीएल निरस्तीकरण हेतु संस्तुति की गई और चालान किया गया।

प्रवर्तन मुख्य रूप से ऐसे वाहनों पर केंद्रित रहा जो बिना नंबर प्लेट चल रहे थे, नंबर प्लेट छिपा रहे थे, ओवरलोडिंग कर रहे थे, टैक्स बकाया था, बिना तिरपाल खनिज ढो रहे थे, प्रदूषण प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके या शराब पीकर वाहन चला रहे थे। कई चालक मौके पर डीएल भी नहीं दिखा सके। हाल के दिनों में बिना नंबर या धुँधले नंबर वाले वाहनों के कारण हिट-एंड-रन मामलों में वृद्धि हुई थी, जबकि हमीरपुर-घाटमपुर मार्ग पर ओवरलोड डंपरों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं कारणों से क्षेत्र में सख्त कार्रवाई आवश्यक हो गई थी। संयुक्त टीम की यह कार्रवाई क्षेत्र में सड़क सुरक्षा मानकों को मजबूती देने और अवैध परिवहन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। एसीपी कृष्णकांत ने बताया कि भारी वाहनों की अनियमितताओं पर अंकुश लगाना पुलिस की प्राथमिकताओं में है। एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा ने कहा कि नियम पालन और जागरूकता, दोनों ही सुरक्षित यातायात की अनिवार्य शर्तें हैं। एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी हर चूक गंभीर परिणाम दे सकती है और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उनके अनुसार प्रवर्तन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## हत्या का प्रयास के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पेण्डरा में नहर तिराहे पर बीते 27 नवंबर को वादी के भाई को विपक्षीगण द्वारा एकराय होकर लाठी-डण्डों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया गया। बीच-बचाव करने पर वादी व अन्य को भी चोटें आयी। शोरगुल होने पर ग्रामीणों के पहुंचने पर अभियुक्तगण गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। इस संबंध में थाना पट्टी पर 07 नामजद व 2-3 व्यक्तियों के नाम पता अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना पट्टी पुलिस द्वारा अब तक कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी पट्टी के उप निरीक्षक अरविन्द कुमार कुशवाहा मय हमराह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित अभियुक्त सुल्तान खां पुत्र अनवर खां निवासी तातो थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 20 वर्ष को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय चौमरी नहर किनारे रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर पेंडरा नहर पुलिया के पास मजार के पीछे झाडियों से घटना में प्रयुक्त 03 डण्डा बरामद किया गया।

# मेहनत और लगन का सम्मान और कमियों को दूर करने का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर-** किसी कंपनी की ताकत उसके दफ्तरों में लगे हाई-टेक सिस्टम नहीं होते, बल्कि वे लोग होते हैं, जो सपनों को लक्ष्य बनाकर, लक्ष्य को उपलब्धि में बदलने के लिए दिन-रात जुटे रहते हैं। इसे और भी विशिष्ट बनाता है वह दिन, जो आधार होता है उस कंपनी विशेष की इबारत का.. बिल्कुल इसी तरह भारत की प्रमुख और उत्तर भारत की सर्वश्रेष्ठ पीआर संस्था, पीआर 24× के लिए भी इसका स्थापना दिवस सिर्फ कैलेंडर की तारीख नहीं, बल्कि उन कदमों की गूँज है, जिन्होंने इस कंपनी को शुरुआत में एक कमरे के छोटे-से ऑफिस से उठाकर देश की प्रमुख रीजनल पीआर एजेंसीज़ की कतार में सबसे आगे ला खड़ा किया है। इसी भाव, इसी गर्व और इसी समर्पण को प्रखर रखते हुए, पीआर 24× ने बुधवार को अपना स्थापना दिवस उत्साह, गर्मजोशी और टीम भावना के साथ मनाया। इसी के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें उन बातों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया, जहाँ टीम कहीं न कहीं पीछे है, ताकि खुद को पॉलिश करते हुए और कमियों को दूर करते हुए नए उत्साह और ऊर्जा के साथ टीम अपनी छवि और काम को मजबूत बना सके। इस दौरान, उन चुनिंदा एम्प्लॉयीज़ को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्षभर न सिर्फ मेहनत और लगन के साथ काम किया, बल्कि टीम की ऊर्जा और कंपनी के मूल्यों को नए आयाम भी दिए। इस अवसर पर कंपनी ने एम्प्लॉयीज़ की उपलब्धियों को तीन प्रमुख श्रेणियों में पहचानते हुए सम्मानित किया। सबसे पहले, प्रमोशन की श्रेणी में उन एम्प्लॉयीज़ को सराहा गया, जिन्होंने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता से टीम को प्रेरित किया। इस श्रेणी में रामप्रसाद जायसवाल, अंकुज राणा, रोहित ढोलिया, ताबिश बदर और रानू बैरागी को पुरस्कृत किया गया।

# 6 दिसंबर को लेकर कानपुर पुलिस एलर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जुम्मे की नमाज़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को परखने एवं क्षेत्र में शांति-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पुलिस आयुक्त कानपुर नगर रघुबीर लाल द्वारा आज सद्भावना पुलिस चौकी से यतीमखाना चौराहा, मीना इलेक्ट्रॉनिक्स तिराहा, बीडी मार्केट, दादा मियां चौराहा, मछली तिराहा होते हुए दलेलपुरवा चौराहा तक पैदल गश्त कर व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु विभिन्न बस्तियों से कुल 1100 व्यक्तियों की सूची तैयार की गई थी, जिनमें से 850 व्यक्तियों का सत्यापन किया जा चुका है तथा 250 व्यक्तियों का सत्यापन शेष है, जिसके लिए टीमें लगातार कार्यरत हैं। स्थानीय पुलिस का असम पुलिस, वेस्ट बंगाल पुलिस एवं झारखंड पुलिस के साथ लगातार समन्वय बनाए रखते हुए सत्यापन कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि जिन व्यक्तियों को बाहरी बताया गया था, वे झारखंड राज्य के पाकुड़ जिले के निवासी लगभग 300 लोग हैं, जिनसे पुलिस अधिकारियों ने वार्ता की तथा उनका फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जा चुका है।साथ ही अन्य बस्तियों में भी पुलिस टीमें जाकर एक-एक व्यक्ति का सत्यापन कर रही हैं। पुलिस आयुक्त महोदय ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी को किसी संदिग्ध बाहरी व्यक्ति की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।6 दिसंबर के मद्देनज़र सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस की सतत निगरानी रखी जा रही है।विशेष रूप से मुख्य शहर (मेन सिटी) के संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त और ड्यूटी बढ़ाई गई है।निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त के साथ पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्रवण कुमार भी मौजूद रहे।

## झारखंडी मंदिर रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण की तैयारी तेज



### जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने किया स्थलीय निरीक्षण

**बलरामपुर।** झारखंडी मंदिर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के निर्माण कार्य को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन ने शुक्रवार को स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपलब्ध डिज़ाइन, तकनीकी प्रस्ताव और निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी संबंधित विभागों से प्राप्त की। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एनएच लखनऊ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरओबी निर्माण शुरू करने से पहले आवश्यक अनुमोदन, एनओसी, डीपीआर अपडेट तथा अन्य सभी औपचारिकताएं शीघ्रता और प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएं। जिलाधिकारी जैन ने स्पष्ट कहा कि यह आरओबी जनहित से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके निर्माण से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा, रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी तथा आवागमन में सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने और निर्माण से संबंधित प्रत्येक प्रगति की नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों की लापरवाही से उजड़ रहे खेत, छुट्टा जानवर कर रहे तबाही




● कटेहरी ब्लॉक में छुट्टा जानवरों का आतंक

**सबना-खोजापुर के किसान बेहाल, 15-20 मिनट में साफ कर देते हैं पूरी फसल**

**पांच गौशालाओं के बावजूद समस्या अनियंत्रित, अधिकारी बने बेपरवाह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** कटेहरी ब्लॉक के ग्राम सभा सबना के खोजापुर गांव में छुट्टा जानवरों ने किसानों की कमर तोड़ दी है। आवारा पशु किसी भी खेत में घुसकर सिर्फ 15 से 20 मिनट में पूरी फसल चौपट कर देते हैं। खेतों में सालभर की मेहनत लगाने वाले किसान आज अपनी फसल बचाने के लिए दिन-रात पहरा देने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी फरियाद अब भी अनसुनी पड़ी है। हैरानी की बात यह है कि कटेहरी ब्लॉक में पांच गौशालाएं होने के बावजूद छुट्टा पशु सड़कों और खेतों में खुलेआम घूम रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे। गौशालाओं में न तो पशुओं को सही तरीके से रखा जा रहा और न ही गांव स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई दिखाई दे रही है। किसानों ने बताया कि रातभर जागकर खेतों की रखवाली करने के बावजूद नुकसान रुक नहीं पा रहा। 'खाद, बीज और मेहनत—सब चौपट हो रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है,' एक ग्रामीण किसान ने व्यथा सुनाई। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सख्त और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है, ताकि छुट्टा जानवरों को गौशालाओं में भेजकर किसानों की फसलों को बचाया जा सके। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## बाल शोषण के विरुद्ध अभियान चलाकर कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अभियान बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तिकरण पुनर्वास हे नशे के विरूद्ध, बंधुआ मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति बाल विवाह रोकथाम के क्रम में थाना एएचटी उप निरीक्षक रामचन्द्रराम गुप्ता मय हमराह द्वारा शुक्रवार को थाना क्षेत्र कन्धई व पट्टी में होटल, ढाबा, गैराज चेक किया गया तो 01 नाबालिग बच्चा कार्य करते हुए पाया गया जिसे मौके से बाल श्रम से मुक्त कराया गया एवं नियोजको को हिदायत दिया गया कि नाबालिग बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध है एवं कोटपा एक्ट 2003 के तहत स्कूल कालेज, अस्पताल,सरकारी भवन के 100 गज की परिधि के भीतर तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा बेचने वाले 03 दुकानदारों का कोटपा एक्ट में चालान किया गया। तथा हिदायत दिया गया कि स्कूल, कालेज, अस्पताल,सरकारी भवन के 100 गज की परिधि के भीतर तम्बाकू,सिगरेट, गुटखा बेचना कानूनन अपराध है एवं आम जनमानस को जागरूक किया गया एवं उपरोक्त अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगो को जागरूक किया गया।

# विष्णु सरोज का चयन उत्तर प्रदेश की विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** चिलबिला निवासी भगत राज व पुष्पा देवी के सुपुत्र विष्णु सरोज का चयन उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर 16 के लिये हुआ है, जो कि कर्नाटक के शिमोगा में 6 दिसंबर से खेली जायेगी। उल्लेखनीय है कि विष्णु सरोज प्रतापगढ़ स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षु रहे तथा वर्तमान में ग्रीन पार्क कानपुर स्थित खेल छात्रावास के प्रशिक्षु है।ज्ञात हो इसके पहले अभी ग्रीन पार्क में साउथ अफ्रीका की टीम मैच खेलने आई थी तो विष्णु सरोज ने अपनी गेंदबाजी से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया था और इसके पहले 2023 में भी सचिन तेंदुलकर ने विष्णु सरोज को अपना आशीर्वाद दिया था और सराहना की थी। उनके इस चयन पर क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, उप क्रीड़ाधिकारी रंजीत यादव विष्णु सरोज के प्रशिक्षक पूर्व रणजी ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी, जिला क्रिकेट संघ के सचिव मोहम्मद शफीक, वरिष्ठ खिलाड़ी विनीत मिश्रा, ऋतिक श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा, विक्रम प्रताप सिंह, अनुज श्रीवास्तव सहित जनपद के सभी क्रिकेट खिलाड़ियों और शुभचिंतको ने खुशी व्यक्त करते हुये इसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# संयुक्त सचिव द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा की गयी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** जल शक्ति मंत्रालय, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के संयुक्त सचिव/नोडल अधिकारी प्रदीप कुमार अग्रवाल,आई0ए0एस0 की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त सचिव ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुये आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। उन्होने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की बेसिक समस्याओं को दूर करना सुनिश्चित किया जाय। कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के माध्यम से ग्रामीण विकास में पर्याप्त कन्वर्जन सम्भव है। संयुक्त सचिव ने अधिकारियों से कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाय तथा कृषकों को भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसल चयन के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों को तकनीकी जानकारी देकर उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए जागरूक किया जाय ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि विज्ञान केंद्र नवीन तकनीकी अपनाकर किसानों को प्रशिक्षित करें और सभी योजनाओं का प्रचार-प्रसार प्रभावी ढंग से किया जाय। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में कृषि क्षेत्र में किये गये नवाचारों की जानकारी दी और प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजनाओं की प्रगति साझा की। संयुक्त सचिव ने जिलाधिकारी व उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सराहनीय बताया। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद, जिला विकास अधिकारी केएन पाण्डेय, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संयुक्त सचिव ने बैठक के उपरान्त सण्ड़वा चन्द्रिका ब्लाक अन्तर्गत अधारपुर ग्राम में आंवला बाग, आलू और चने की खेती का स्थलीय निरीक्षण किया तथा किसानों सीधे वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।संयुक्त सचिव ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत लाभान्वित लोहंगपुर में मेसर्स डीडी फ्रुड प्रोडक्टस (आंवला प्रोडक्ट) का निरीक्षण किया। उन्होने आंवला उत्पादों के बारे में प्रोपराइटर पवन अग्रवाल, जनपदीय रिसोर्स पर्सन एहतेशाम अहमद तथा जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा से किसानों को मिल रही आंवला उत्पाद से सम्बन्धित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने गौरा में एफपीओ ग्रो फार्मर प्रोड्यूसर संगठन के द्वारा मत्स्य पालन तालाब का निरीक्षण किया।इसके अतिरिक्त एफपीओ द्वारा संचालित किये जा रहे मुर्गी फार्म का निरीक्षण किया, मुर्गी फार्म में 5500 बर्ड पाये गये। बताया गया कि 45 दिन में विक्री के लिये बर्ड तैयार हो जाते है जिससे एक वर्ष में लगभग 4 से 6 लाख रूपये की आमदनी हो जाती है। संयुक्त सचिव ने मशीन द्वारा किये गये जा रहे गेहूं की बुवाई की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा में विमानन अव्यवस्था का मुद्दा उठाः सांसद जगदंबिका पाल ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** लोकसभा के शून्यकाल के दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने भारत के विमानन क्षेत्र में यात्रियों को हो रही गंभीर असुविधाओं का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की माँग की। उन्होंने विशेष रूप से नवंबर 2025 में लागू हुए नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नियमों के अनुपालन में हुई लापरवाही एवं दिसंबर 2025 में इंडिगो एयरलाइंस द्वारा 400 से अधिक फ्लाइट्स के अचानक कैंसिलेशन को लेकर सदन का ध्यान आकृष्ट किया। सांसद पाल ने कहा कि स्नष्ठञ्जरु नियम पायलटों की कार्य-घंटाओं और थकान प्रबंधन को वैज्ञानिक आधार पर नियंत्रित करते हैं, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह वैश्विक मानकों के अनुरूप एक आवश्यक सुधार है, परंतु एयरलाइंस द्वारा इन नियमों के समयबद्ध और व्यावहारिक पालन में चूक के चलते देशभर में यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु समेत प्रमुख हवाईअड्डों पर अव्यवस्था, लंबा इंतजार, अंतिम क्षण में टिकट रद्दीकरण, रिफंड में देरी जैसी स्थितियों ने लाखों यात्रियों की यात्राएँ, व्यापारिक बैठकों, चिकित्सा नियुक्तियों और पारिवारिक कार्यक्रमों को प्रभावित किया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज हवाई यात्रा आवश्यकता बन चुकी है—और ऐसी स्थिति से भारत की विमानन विश्वसनीयता व निवेश आकर्षण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय व ष्ठत्रष्ट से कड़े निगरानी तंत्र, रियल-टाइम रिपोर्टिंग, दंडात्मक प्रावधान, यात्री मुआवजा मॉडल, आकस्मिक स्थिति में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था तथा किराया पारदर्शिता तंत्र लागू करने की माँग रखी। सांसद जगदंबिका पाल ने जोर देकर कहा कि विमानन क्षेत्र को यात्री-केंद्रित, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना समय की माँग है। सरकार द्वारा त्वरित हस्तक्षेप कर सामान्य स्थिति बहाल करने तथा भविष्य में ऐसी अव्यवस्था की पुनरावृत्ति रोकने की आवश्यकता है।

# विश्व मृदा दिवस पर छात्रों ने जाना मिट्टी का महत्व, फसल अवशेष प्रबंधन पर वैज्ञानिकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना द्वारा भारत सरकार से वित्तपोषित इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के तहत छेदी लाल इंटर कॉलेज, बिस्कोहर में शुक्रवार को विश्व मृदा दिवस एवं फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर छात्र-छात्राओं के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मिट्टी संरक्षण, मिट्टी स्वास्थ्य व फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत वैज्ञानिकों द्वारा विश्व मृदा दिवस के महत्व और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने में जैविक उपायों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी देने से हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि अनियंत्रित रासायनिक प्रयोग, निरंतर जुताई और फसल अवशेषों के जलने से मिट्टी की उर्वरता तेजी से घटती है। ऐसे में इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन अपनाकर मिट्टी की गुणवत्ता, कार्बन संतुलन और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सकता है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान निबंध, कला (पेंटिंग) और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्राची सिंह प्रथम, काजल द्वितीय तथा सोनू प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मिनाक्षी कसौधन प्रथम, सोनाली कश्यप द्वितीय और नूरजहां अंसारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में रीना गुप्ता ने प्रथम, नूर बानो अंसारी ने द्वितीय और सुधा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शेष नारायण सिंह, वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत, डॉ. प्रवेश कुमार देहाती, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक दीप नारायण सिंह, विद्यालय के प्रबंधक दिलीप गुप्ता एवं प्रधानाचार्य दीप नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से बच्चों को फसल अवशेष प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के वैज्ञानिक उपायों से अवगत कराया। कार्यक्रम में डॉ. संजीव मिश्रा, अजय प्रकाश वर्मा, अंगद प्रसाद, उमाकांत मिश्रा, सुमन पटेल, गायत्री देवी, विमला यादव, धर्मेंद्र सिंह, राजेश कुमार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनमानस को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रम आयोजित



**शहडोल।** जनमानस को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से शहडोल जिले में पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यातायात थाना शहडोल द्वारा महिला थाना शहडोल सहित शहर के अन्य प्रमुख स्थलों पर जनमानस को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से युवाओ ने दीवारो पर आकर्षक पेंटिग बनाई। पेंटिग के माध्यम से हेलमेट उपयोग, सीट बेल्ट, गति नियंत्रण, मोबाइल फोन का वाहन चलाते समय उपयोग न करने तथा अन्य यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया है। इस अवसर पर यातायात प्रभारी श्री संजय जायसवाल, सूबेदार प्रिंयका शर्मा ने किये गए पेंटिग का अवलोकन कर सराहना की।

### खेत के कुएं में गिरने से किसान की मौत, परिजन सदमे में



**हमीरपुर :-** सरीला तहसील के इटैलिया बाजा गांव में शुक्रवार को एक 55 वर्षीय किसान की खेत पर बने कुएं में गिरकर मौत हो गई। घटना संदिग्ध परिस्थितियों में हुई, हालांकि परिजनों ने आशंका जताई है कि उनका पैर फिसलने से वे कुएं में गिर गए होंगे। मृतक किसान की पहचान रविंद्र पुत्र नारायण दास के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, रविंद्र खेत में सिंचाई का कार्य कर रहे थे, इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वे कुएं में गिर गए। उनके पास करीब 27 बीघा जमीन थी और वे खेती के साथ पशुपालन करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। रविंद्र अपने पीछे पत्नी नीलम, दो पुत्र मनीष और अंशुल, तथा पुत्री दीपशिखा समेत अन्य परिजनों को छोड़ गए हैं। जरिया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### शाहगंज महोत्सव में हंगामा, कल्लू के कार्यक्रम में अव्यवस्था—विधायक पर उठे सवाल




**जौनपुर।** शाहगंज महोत्सव में भोजपुरी गायक अरविंद अकेला 'कल्लू' के कार्यक्रम के दौरान सोमवार रात भारी हंगामा हो गया। 'तोहरे चलते गोली' गीत पर दर्शकों के बीच अचानक धक्का-मुक्की और झड़प शुरू हो गई, जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार्यक्रम में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी थी। आयोजकों ने दर्शकों की संख्या को देखते हुए उचित तैयारी नहीं की, जिसके चलते छोटी-सी कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने इस अव्यवस्था को लेकर विधायक रमेश सिंह पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि महोत्सव का नेतृत्व स्वयं विधायक कर रहे थे, ऐसे में सुरक्षा चूक और व्यवस्थागत खामियों की जिम्मेदारी उन्हीं पर आती है। हंगामे के बाद विधायक ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील अवश्य की, लेकिन दर्शकों का आरोप है कि अपील तब की गई जब स्थिति पहले ही बेकाबू हो चुकी थी। कल्लू के शो में हुए इस बवाल ने महोत्सव की तैयारियों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधन की कमियों को लेकर विधायक और आयोजकों की भूमिका अब चर्चा के केंद्र में है। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को शांत करा दिया है, लेकिन मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर नाराजगी बनी हुई है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने एएसपी के भतीजे को कुचला, सुमेरपुर में भीषण सड़क हादसा-बारात में शामिल होने आया था युवक



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे जनपद को झकझोर दिया। मौरंग से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक बारात में शामिल होने आए 21 वर्षीय युवक को रौंदकर फरार हो गया। टक्कर इतनी भयावह थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम और इलाके में सनसनी फैल गई।

महोबा जनपद के सिजहरी गांव निवासी सुयज्ञ त्रिपाठी, जो कि महोबा के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. विचित्र मोहन त्रिपाठी के इकलौते पुत्र थे, गुरुवार शाम सुमेरपुर स्थित हरिओम गेस्ट हाउस में आई एक बारात में शामिल होने पहुंचे थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद देर रात वह गेस्ट हाउस से बाहर निकले और जैसे ही कानपुर-सागर नेशनल हाईवे पर पहुंचे, पत्यौरा की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। तेज रफ्तार और अंधेरे के कारण युवक ट्रक की चपेट से बच नहीं सका।

टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक मौरंग से पूरी तरह लदा हुआ था और तेज रफ्तार में बिना हॉर्न दिए हाईवे पर दौड़ रहा था। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सुमेरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक सुयज्ञ त्रिपाठी के चाचा पवित्र मोहन त्रिपाठी एएसपी पद पर तैनात हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गेस्ट हाउस और अस्पताल परिसर में परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बताया कि फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि चालक की पहचान होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलने वाले ट्रकों की खतरनाक हकीकत को सामने ला दिया है।

## शिवनी गांव में गंगादास बाबा मेला महोत्सव का भव्य आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हमीरपुर-** मुस्करा विकासखंड स्थित शिवनी गांव में गंगादास बाबा मेला महोत्सव का भव्य और पारंपरिक आयोजन किया गया है। यह महोत्सव गांव की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों से भी भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रधान प्रतिनिधि देवबचन सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव की शुरुआत में चार दिसम्बर को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में दूर-दराज से आए पहलवानों ने अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका दर्शकों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

दंगल के बाद, स्थानीय कलाकारों द्वारा दिवारी लोकनृत्य का आयोजन किया गया। यह बुंदेली लोकनृत्य पारंपरिक वेशभूषा और उत्साह से भरपूर था, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देवबचन सिंह यादव ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत रात्रि में रामलीला का मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

06 दिसम्बर दिन में धार्मिक बुंदेली राई लोकनृत्य का आयोजन किया जाएगा। 06 दिसम्बर रात्रि में धर्म की अधर्म पर जीत का प्रतीक रावण वध का भव्य आयोजन होगा। इन आयोजनों के बाद, गांव में एक भव्य मेला भरेगा, जिसके लिए समस्त ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस भव्य आयोजन के उद्घाटनकर्ता के रूप में मुन्नालाल तिवारी, अजय पाल ऊर्फ मुन्ना भइया, जगतराज बाबू जी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, बाबू सिंह राजपूत (पूर्व प्रधान, शिवनी), डोंगर सिंह राजपूत, वैध जी, मैयादीन यादव देवबचन सिंह यादव प्रधान प्रतिनिधि शिवनी सहित तमाम सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने महोत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समस्त ग्रामीणों की भारी भीड़ ने इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव को एक नई ऊँचाई प्रदान की है, जो गांव की एकता और भाईचारे का संदेश दे रहा है।

## बाइक की डिग्गी से 50 हजार रुपये चोरी, टप्पेबाज फरार

**हमीरपुर :-** राठ कस्बे में गुरुवार दोपहर एक बाइक सवार व्यक्ति की डिग्गी से 50 हजार रुपये चोरी हो गए। घटना रामलीला मैदान के पास उस समय हुई, जब पीड़ित सड़क किनारे अमरूद खरीद रहा था। जानकारी के अनुसार, सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार भारतीय स्टेट बैंक की राठ शाखा से 50 हजार रुपये निकालकर अपनी बाइक की डिग्गी में रखकर निकले थे। इसके बाद वह रामलीला मैदान के पास अमरूद खरीदने के लिए रुके। तभी मौके का फायदा उठाकर एक अज्ञात टप्पेबाज उनकी बाइक की डिग्गी से रुपये निकालकर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब पुष्पेंद्र कुमार ने डिग्गी खोली तो रुपये गायब मिले। उन्होंने तुरंत राठ कोतवाली पहुंचकर चोरी की सूचना दी और लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## रेलवे पुल पर पुशअप करते युवक का वीडियो वायरल

### ● जान हथेली में लेकर रील बनाने का चलन नहीं थम रहा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हमीरपुर-** प्रतिबंधित स्थानों पर रील बनाने का जुनून युवाओं पर इस कदर हावी है कि तमाम चेतावनियाँ, जुर्माने और हादसों के बाद भी यह खतरनाक ट्रेंड थमने का नाम नहीं ले रहा। ताज़ा मामला मौदहा क्षेत्र से सामने आया है, जहाँ एक युवक रेलवे पुल के बीचों-बीच ट्रैक पर पुशअप लगाते हुए रील बनाता दिख रहा है। 38 सेकेंड के इस वीडियो में युवक करीब 15 पुशअप लगाता है, जबकि उसके पीछे एक अन्य युवक आराम से चहलकदमी करता दिखाई देता है। वीडियो में बैकग्राउंड में हरियाणवी रीमिक्स सॉन्ग बज रहा है, जो इस लापरवाही को और उजागर करता है कि युवा जोखिम को मनोरंजन बना चुके हैं। जानकारी के अनुसार, वीडियो में दिख रहा युवक मौदहा क्षेत्र का ही निवासी बताया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि वीडियो के वायरल होने के बावजूद अब तक न रेलवे विभाग ने कार्रवाई की है और न ही स्थानीय पुलिस ने कोई कदम उठाया है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी रेलवे पुल पर एक रेलवे कर्मचारी की रील वायरल हो चुकी है, जिससे विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। हमीरपुर जनपद में दो प्रमुख रेलवे पुल—यमुना-बेतवा संगम पुल और चंद्रावल नदी पुल—ऐसे स्थान हैं जहाँ अक्सर युवा-युवतियां अपने सोशल मीडिया फॉलोअर्स बढ़ाने की कोशिश में जान जोखिम में डालकर वीडियो बनाते रहते हैं। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा बड़े बाजार में स्थित शिव मंदिर की भूमि पूजन और ईशान (पूजा) विधायक विजय और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुई

### ● विधायक विजय मालाकार ने कहा कि मंदिर के निर्माण कार्य में यथासंभव सहायता और सहयोग प्रदान किया जाएगा।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि।** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा के अंतर्गत दुल्लभछड़ा के बड़े बाजार में शिव मंदिर का भूमि पूजन और ईशान गत 4 दिसंबर (गुरुवार) को रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार और स्थानीय लोगों के हाथों संपन्न हुआ। इस दिन उन्होंने असाम दर्शन के तहत 3 लाख रुपये व्यय मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया और समारोह की एक चर्चा सभा में शामिल होकर योगदान दिया। चर्चा सभा में इसे संचालित किया मंदिर सचिव शिक्षक बाबू कानू। सभा में श्यामलबाबू मंदिर की स्थापना एवं इतिहास बताते हुए काफी हद तक भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बड़े बाजार का इतिहास बहुत प्राचीन है। यहाँ स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी भी थे। इस क्षेत्र के प्राचीन बाजार बड़े बाजार में उस समय शिव पूजन का स्थान था लेकिन मंदिर नहीं था। सत्तर के दशक में यहाँ एक भव्य मंदिर निर्माण का विचार आया और चर्चा, बैठक आदि हुई, जिसके परिणामस्वरूप 1970 में शिव मंदिर का निर्माण हुआ। मुख्य उद्यमी स्वर्गीय रुक्मिणीहरण वनिक, अजितरंजन पाल, संतुलाल साहू, मधुराराम कानू, भगवानराम कैरी और कई अन्य थे। इनमें से अधिकांश आज जीवित नहीं हैं। मंदिर निर्माण के लिए जब उद्यमी थोड़े निराश थे और धन आदि संचालन से संबंधित मामलों में विचार कर रहे थे, तब भगवान राम कैरी ने कहा कि 'मैं मंदिर बना दूँगा, संचालन आप लोग करेंगे।' उद्यमी उनके शब्दों से उत्साहित हुए तो उन्होंने इस मंदिर का परिसर बना दिया। वे अब हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके शब्द बहुत मूल्यवान थे। दुल्लभछड़ा बड़ेबाजार में स्थित शताब्दीपुराना शिवमंदिर का वर्तमान भवन 1970 में बनाया गया था। उद्यमी और बाजार के निवासी तब कृष्ण पाल के आंगन में बैठकर एक बैठक करते हैं और निर्णय लेते हैं कि बाजार में रहने वाले प्रत्येक परिवार मासिक रूप से यथासंभव चंदा देंगे। उसी अनुसार चंदा संग्रह शुरू होता है, पहले महीने में 500 रुपये होते हैं, उस राशि को स्थिर कर दिया जाता है। उसी अनुसार, उक्त संग्रहित राशि धीरे-धीरे एक फंड में परिवर्तित हो जाती है, जो लगभग लाख रुपये तक पहुँचता है। मंदिर पूर्ण रूप से संचालन शुरू करता है और आज भी चलता है और चंदा आज भी नियमित रूप से संग्रहित किया जाता है।

सभा में विधायक विजय कहते हैं कि मंदिर भवन के नवीनीकरण में असाम दर्शन परियोजना के लिए अब केवल निर्माण कार्य शुरू करने के लिए 3 लाख रुपये दिए हैं। मेरी कोशिश रहेगी कि मंदिर के निर्माण कार्य में यथासंभव मदद और सहयोग किया जाए। बड़े बाजार की सड़क की स्थिति खराब थी, वह भी ठीक हो गई है और बाजार का स्तर बेहतर होगा। दो महीने के भीतर पुल का कार्य शुरू होगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बाजार व्यवस्था सही ढंग से पहले की तरह चलेगी, ऐसी मेरी आशा है। इस बीच, बाजार के लोगों और समिति की ओर से भी भवन के निर्माण में यथासंभव सहायता देने की राय व्यक्त की गई। उल्लेखनीय है कि पुनर्निर्माण के लिए लगभग साठ लाख रुपये की आवश्यकता है। वर्तमान मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष शिवप्रसाद बनिक और सचिव बाबू कानू सभी के प्रति रुचि रखते हैं कि सभी के सहयोग से मंदिर का पुनर्निर्माण सही और सुंदर तरीके से पूरा हो। चर्चा सभा के अंत में विधायक विजय मालाकार और स्थानीय लोगों द्वारा इस मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में दुल्लभछड़ा जिला परिषद सदस्य प्रणब मुखर्जी, दुल्लभछड़ा ग्राम पंचायत अध्यक्ष देव कुमार कुर्मी, भेटारबंद पंचायत के अध्यक्ष बिमल नाथ और अन्य प्रमुख। आज की सभा की अध्यक्षता कृष्ण रंजन पाल ने की। वरिष्ठ नागरिक श्यामल घोष, व्यापारी राजू कालवार, सेवानिवृत्त शिक्षक जयदेव पाल उपस्थित थे। नींव स्थापन कार्य को सफल बनाने में समूह सदस्य दिलीप तेली, जितेन्द्र तेली, बड़ा बाजार कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, ओमप्रकाश कैरी, गोपाल बर्मा, मनोज जॉइसवाल, अजीत कालवार, उत्तम कालवार, गोविंद कैरी, उत्तम मालाकार, बाबुलाल कैरी और अन्य बाजारवासी पूरी तरह से सहयोग किया। बड़े बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी प्रताप कैरी ने संकल्प लिया और शिक्षक ब्रजेश कुमार पांडे सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने पौधरोपण किया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत करने के साथ-साथ उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना दुर्गागंज के मिशन शक्ति केंद्र का किया गया निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान संबंधित रजिस्टरों को चेक करते हुए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।



**भदोही** आज दिनांक 05.12.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना दुर्गागंज के मिशन शक्ति केंद्रका निरीक्षण कर संबंधित रजिस्टरों को चेक किया गया। जिसमें महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट अधिकारियों, महिला हेल्पलाइन नंबर (1090, 181, 112) की कार्यप्रणाली तथा आने वाली महिला शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन से जुड़ी योजनाओं को और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा प्रत्येक महिला फरियादी की शिकायत को संवेदनशीलता से लिया जाय और पीड़ित महिलाओं का 360 डिग्री कार्उसिलिंग किया जाए एवं प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं को निस्तारित किया जाए।

## बिहूनी खुर्द में पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हमीरपुर-** पशुपालकों को उनके द्वार पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, मुस्करा विकासखंड के बिहूनी खुर्द गांव में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दिवसीय विकासखण्ड स्तर आरोग्य मेला/शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपने पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कराई और उपचार का लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ मुस्करा के ब्लॉक प्रमुख वीरनारायण राजपूत ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत, गो-पूजन की परंपरा निभाते हुए उन्होंने एक गाय को माला पहनाई और गुड़-चना खिलाकर शिविर का विधिवत शुभ आरम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ कुबेर राजपूत, धर्मपाल सिंह राजपूत (नेता जी) और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री भूपेंद्र सिंह राजपूत, पत्रकार अनिल खटीक भी उपस्थित रहे।

शिविर का आयोजन पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम के सहयोग से किया गया। डॉ. धर्मपाल सिंह राजपूत ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को पशुओं को स्वस्थ रखने के आवश्यक उपायों और उनकी सामान्य बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पशुपालकों को साफ-सफाई और सही पोषण के महत्व पर जोर दिया।

**बीमार पशुओं का हुआ इलाज**

शिविर में लाए गए बीमार पशुओं का पशु चिकित्सा टीम द्वारा तत्काल इलाज किया गया और आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने के लिए बिहूनी खुर्द और आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे यह आरोग्य मेला स्थानीय पशुपालकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार और पशुपालन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## सवारियों की जेब ढीली कर रहे ऑटो चालक

### ● ज्यादातर ऑटो दौड़ रहे, बगैर रुट परमिट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस







**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** जनपद के बिवांर से मौदहा तक की 19 किलोमीटर दूरी मुसाफिरों के लिए आज भी सिरदर्द बनी हुई है। वर्षो से ऑटो रुट घोषित इस मार्ग पर दो दर्जन से ज्यादा ऑटो और इक्का-दुक्का प्राइवेट बसें चलती रही हैं।हालांकि कुछ दिनों से दो- तीन रोडवेज बसें भी चलने लगीं हैं, लेकिन ये ऑटो चालक सवारियों से बसों की अपेक्षा ज्यादा किराया वसूलते हैं।बता दें कि रोडवेज बस का बिवांर से मौदहा तक का किराया 30 रुपये लगता है, लेकिन ऑटो वाले जबरन 40 रुपया वसूलते हैं, आगर कोई सवारी एतराज करती है तो उससे गालीगलौज भी करते हैं।मौदहा से बिवांर आई एक महिला रानी देवी ने बताया कि उससे ऑटो चालक ने चालीस रुपये किराया लिया है, बताया कि जब उसने कहा कि रोडवेज में तीस रुपये लगता है, तो आंख दिखाते हुए बोला ,ऑटो में 40 ही लगते हैं।वहीं कस्बा के राजेश पाठक, गोपाल पाठक, अशोक द्विवेदी, एडवोकेट भूपत ने बताया ने बताया कि ये ऑटो चालक भूसे की तरह सवारियां भरते हैं और दूर से बस देखते ही फर्राटा भर देते हैं।कस्बा निवासी बउवा ने बताया कि ऑटो चालक ठीक उसी तरह एक दूसरे को लेकेशन देते हैं जैसे लोकेटर मौरंग ट्रकों को लोकेशन देते हैं और बसों से पहले ही सवारियां लेकर दौड़ जाते हैं।बताया कि लगभग 26 ऑटो चलते हैं, जिनमें से दस बगैर नंबर के चलते हैं, और 90 फीसदी के पास न तो रुट परमिट है और न ही ड्राइविंग लाइसेंस।

कस्बा से मौदहा तहसील रोजाना जाने वाले वकील रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ महीनों पहले इसकी शिकायत सम्बन्धित उच्चाधिकारियों से की थी ,उसके बाद कुछ दिनों तक ऑटो चालकों ने किराया 30 रुपये कर दिया था और सवारियां भी लिमिट में भरने लगे थे ,लेकिन अब फिर से ज्यादा किराया लेने लगे हैं और सवारियां भी ठूंसकर-लटकाकर चलने लगे हैं। बताते चलें कि इस रूट पर मौदहा तहसील और बांदा जाने वाले बिवांर, निवादा, लोदीपुर, बांधुर बुजुर्ग, बांधुर खुर्द, छेणी, चंदौली, गलिहामऊ, उमरी, भरखरी, करगांव, भुगैचा, सायर, चिल्ली, महेरा, लोधामऊ, भटरा, खड़ेही लोधन आदि लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों के लोग इन ऑटो चालकों से रोजाना ठगे जाते हैं।लोगों की मांग है कि ऑटो चालकों की इस मनमानी पर तत्काल अंकुश लगाया जाए।

## ट्रक चालक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ 25 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पहचान गोलू, निवासी नरायच गांव, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गोलू ने अपने घर के कमरे में पंखे से रस्सी बांधकर यह कदम उठाया। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर में ही मौजूद थे, लेकिन किसी को भी उसके इस निर्णय का अंदेशा नहीं था। जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा न खुलता देखा, तो अंदर झांककर घटना की जानकारी मिली और चीख-पुकार मच गई।

गोलू पेशे से ट्रक चालक था और रोज़गार के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह दो भाइयों में सबसे छोटा था और अभी अविवाहित था।

अचानक हुए इस हादसे ने परिवार को मानसिक आघात में डाल दिया है। परिजन कारण समझ नहीं पा रहे कि आखिर गोलू ने ऐसा कदम क्यों उठाया। मौदहा कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस घटना के सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है और मोबाइल तथा आसपास की परिस्थितियों की भी बारीकी से जांच की जाएगी। गोलू की मौत ने गांव में गहरा शोक फैला दिया है। ग्रामीणों ने भी पुलिस से जल्द जांच पूरी कर सत्य उजागर करने की मांग की है।

## बीजेपी नेता प्रीतम सिंह 48 दिन से लापता, हाईकोर्ट ने पुलिस पर उठाए सवाल- 8 दिसंबर को एसपी तलब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर।** बीजेपी नेता प्रीतम सिंह किसान पिछले 48 दिनों से रहस्यमय तरीके से लापता हैं। परिवार और पुलिस दोनों अब तक उनका कोई सुराग नहीं ढूंढ पाए हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने ही उन्हें गायब किया, जिसके बाद मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा। अदालत ने पुलिस की जांच पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए टिप्पणी की– 'ऐसा लगता है कि पुलिस ने प्रीतम सिंह का मर्डर कर दिया।' कोर्ट ने 8 दिसंबर को हमीरपुर की एसपी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। धनतेरस की रात प्रीतम सिंह का पेट्रोल पंप पर विवाद हुआ था। इसके बाद पुलिस उन्हें थाने ले गई, जहां वह पूरी रात रहे। सुबह दोनों पक्षों में समझौता हुआ। पुलिस का दावा है कि उसने उन्हें परिवार के सुपुर्द कर दिया, लेकिन परिजन कहते हैं कि प्रीतम घर पहुंचे ही नहीं। इसी विरोधाभास ने पूरे मामले को उलझा दिया। थाने में रातभर बैठाए जाने के बाद यह मामला राजनीतिक ताप पकड़ने लगा। समर्थक सोशल मीडिया पर प्रीतम के समर्थन में पोस्ट करने लगे और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग बढ़ने लगी। इस बीच, प्रीतम सिंह लापता हो गए। उनका कोई बयान या संपर्क सामने नहीं आया, जिससे रहस्य और गहरा हो गया।

इसी दौरान पुलिस ने विवाद के एक महीने बाद प्रीतम, उनके बेटे और दो अन्य पर एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। हैरानी की बात यह है कि केस दर्ज कराने वाले नरेश अहिरवार ने खुद दावा किया कि पुलिस ने दबाव डालकर उससे खाली कागज पर साइन कराए और एनकाउंटर की धमकी भी दी। नरेश ने अब पुलिस के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की है। जांच कर रहे अधिकारियों के अनुसार, 26 अक्टूबर तक प्रीतम अपने परिचितों से फोन पर बात कर रहे थे और 31 अक्टूबर तक मोबाइल ऑन था। आखिरी लोकेशन उनके घर की मिली, लेकिन वह वहां नहीं मिले। उसके बाद फोन बंद हो गया। पुलिस कहती है कि वे दूसरे राज्यों तक तलाश कर रहे हैं, पर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।

प्रीतम के भाई वीर सिंह का आरोप है– 'मेरा भाई पुलिस के पास ही है।' परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है और बच्चों को संभालना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कोर्ट से पुलिस अधिकारियों के पर्सनल नंबरों की CDR निकलवाने की मांग की है। हाईकोर्ट में 13, 14, 15 और 27 नवंबर को हुई सुनवाई में अदालत ने पुलिस को कई बार फटकारा है। अगली सुनवाई 8 दिसंबर को होगी, जिसमें एसपी को अपनी रिपोर्ट लेकर उपस्थित होना होगा।

प्रीतम सिंह की गुमशुदगी अब राजनीतिक, कानूनी और पुलिसिया जांच– तीनों क्षेत्रों में बड़ा सवाल बन गई है। महीने बाद प्रीतम, उनके बेटे और दो अन्य पर एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। हैरानी की बात यह है कि केस दर्ज कराने वाले नरेश अहिरवार ने खुद दावा किया कि पुलिस ने दबाव डालकर उससे खाली कागज पर साइन कराए और एनकाउंटर की धमकी भी दी। नरेश ने अब पुलिस के



खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की है।

जांच कर रहे अधिकारियों के अनुसार, 26 अक्टूबर तक प्रीतम अपने परिचितों से फोन पर बात कर रहे थे और 31 अक्टूबर तक मोबाइल ऑन था। आखिरी लोकेशन उनके घर की मिली, लेकिन वह वहां नहीं मिले। उसके बाद फोन बंद हो गया। पुलिस कहती है कि वे दूसरे राज्यों तक तलाश कर रहे हैं, पर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।

प्रीतम के भाई वीर सिंह का आरोप है– 'मेरा भाई पुलिस के पास ही है।' परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है और बच्चों को संभालना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कोर्ट से पुलिस अधिकारियों के पर्सनल नंबरों की CDR निकलवाने की मांग की है। हाईकोर्ट में 13, 14, 15 और 27 नवंबर को हुई सुनवाई में अदालत ने पुलिस को कई बार फटकारा है। अगली सुनवाई 8 दिसंबर को होगी, जिसमें एसपी को अपनी रिपोर्ट लेकर उपस्थित होना होगा। प्रीतम सिंह की गुमशुदगी अब राजनीतिक, कानूनी और पुलिसिया जांच- तीनों क्षेत्रों में बड़ा सवाल बन गई है।